

11:05:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 127 | epaper.rashtriyakhabar.com | ज्येष्ठ, कृष्णपक्ष षष्ठी, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

अग्निरापः स्त्रियो मूर्खाः सर्पा राजकुलानि च।

नित्यं यत्नेन सेव्यानि सद्यः प्राणहराणि षट्॥

भावार्थ : अग्नि, जल, स्त्रियां, मूर्ख, सांप और राजपरिवार का सेवन करते समय मनुष्य को सदैव सावधान रहना चाहिए, क्योंकि ये छह कभी भी मृत्यु का कारण हो सकते हैं।

### रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 39.00 °c | 25.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 18.20 बजे

सूर्योदय (कल) » 05.10 बजे

## पश्चिमोत्तर नाइजीरिया में नाव डूबने से 17 बच्चों की मौत

**अबुजा :** नाइजीरिया के पश्चिमोत्तर राज्य सोकोतो में एक नाव के पलटने से कम से कम 17 बच्चों की मौत हो गयी और कई अन्य लापता हो गए है। एक स्थानीय सरकारी अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। सोकोतो के शागरी स्थानीय सरकारी क्षेत्र के प्रमुख अलियू दांतानी ने फोन पर बताया कि यह घटना मंगलवार को तब हुई जब कई किशोरों को जलाने वाली लकड़ी लाने के लिए ले जा रही नाव क्षेत्र की नदी में पलट गयी।

## असम स्वयं का डेयरी उत्पाद शुरु करेगा

**गुवाहाटी :** असम दुग्ध किसानों के लिए गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करने और उन्हें प्रोत्साहन को बढ़ावा देने के लिए गुजरात के 'फ्लूड्स' और कर्नाटक के 'नंदिनी' की तरह अपना स्वंय का डेयरी उत्पाद शुरुआत करेगा। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को असम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के दूसरे वर्ष की पूर्व संध्या पर यह घोषणा की। श्री सरमा ने संवाददाताओं से कहा कि राज्य सरकार डेयरी सहकारी समितियों को बेचे जाने वाले प्रत्येक लीटर दूध के लिए बाजार दर से अतिरिक्त पांच रुपये का भुगतान करेगी। यह प्रक्रिया 01 जून से शुरू होगी। इसका उद्देश्य राज्य भर के दुग्ध किसानों को प्रोत्साहित करना और दूध उत्पादन को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए राज्य में उत्पादित सभी दूध को एक ही ब्रांड नाम से बेचा जाएगा। इससे न केवल दूध की गुणवत्ता में सुधार होगा बल्कि असम के डेयरी उद्योग के लिए एक मजबूत ब्रांड भी तैयार होगा।

## प्रदीप की गिरफ्तारी से आरएसएस का चेहरा दिखाः कांग्रेस

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने कहा है कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के निदेशक एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ता के पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार करने से साफ हो गया है कि आरएसएस देशद्रोही गतिविधियों से जुड़ा संगठन है और इसके लोग सिर्फ देशभक्ति का स्वांग करते हैं। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महाराष्ट्र एटीएस ने पाकिस्तान को संवेदनशील सूचना देने के आरोप में पिछले सप्ताह डीआरडीओ के इंजीनियरिंग निदेशक प्रदीप कुरुलकर को गिरफ्तार किया है।

## राजभवन के निकट इमारत में लगी आग

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में राजभवन के पास एक सराफ हाउस में बुधवार दोपहर भीषण आग लगने से कोलकाता के पुराने इलाके में स्थित कार्यालय क्षेत्र में हडकंप मच गया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि आग लगने के तुरंत बाद राज्यपाल सी वी आनंद बोस राजभवन से बाहर आकर व्यक्तिगत रूप से स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही आग बुझाने दमकल की कुल दस गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास में लग गयीं। इमारत से आग की लपटें और धुएं का गुब्बार उठता अब भी दिखाई दे रहा है। इस बीच अग्निशमन मंत्री सुजीत बोस और कोलकाता के पुलिस आयुक्त विनीत कुमार गोयल भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति पर व्यक्तिरूप से निगरानी कर रहे हैं।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

## चुनावी शोरगुल के बीच ही भारत सरकार ने लिया फैसला

# खास किस्म के सेबों के आयात पर प्रतिबंध

**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** केंद्र सरकार ने कुछ खास किस्म के सेबों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। 'विदेश व्यापार महानिदेशालय' ने इस संबंध में गाइडलाइन जारी की है। हालांकि सभी तरह के सेब के आयात पर रोक नहीं लगाई गई है. हालांकि, डीजीएफटी ने कहा कि सभी गुणवत्ता वाले सेब भूटान से आयात किए जा सकते हैं।

सरकार की ओर से जानकारी दी गई है कि जिन सेबों की कीमत अमजनी को बेचने के लिए 50 रुपये प्रति किलो से कम है, उन सेबों को विदेशों से भारत में आयात नहीं किया जा सकता है. इस संबंध में 'विदेश व्यापार महानिदेशालय' की ओर से



गाइडलाइन जारी की गई है। केंद्र सरकार का फैसला यह सुनिश्चित करने के लिए है कि देश में उत्पादित सेब का बाजार संकरा न हो जाए। इस बीच, इसी अवधि के दौरान पोलैंड से भारत में सेब का आयात 83.36 प्रतिशत बढ़कर 15.39 मिलियन डॉलर हो गया। हालांकि अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, फ्रांस और अफगानिस्तान जैसे देशों से सेब के आयात में कमी आई है। हालांकि, पिछले कुछ दिनों में सेब का कुल आयात बढ़ा है। लिहाजा देश के सेब उत्पादकों को वह मुनाफा नहीं मिल रहा था. ऐसे में सरकार ने देश के किसानों के हित में विदेशी सेब के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है।

### यह प्रतिबंध भूटान के अलावा अन्य देशों पर लागू होगा

भारत ने 2022 में 385.1 मिलियन डॉलर मूल्य के सेब का आयात किया। इस बीच, 2023 में अब तक सेब आयात की मात्रा 296 मिलियन डॉलर तक पहुंच गई है। ऐसे में सेब के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया गया। हालांकि, यह जानकारी दी गई है कि भूटान से सभी प्रकार के सेबों का आयात किया जा सकता है। यह प्रतिबंध भूटान के अलावा अन्य देशों पर लागू होगा। जिन देशों से भारत मुख्य रूप से सेब का आयात करता है वे हैं - यूएसए, ईरान, ब्राजील, यूएई, अफगानिस्तान, फ्रांस, बेल्जियम, चिली, इटली, तुर्की, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और पोलैंड। वित्त वर्ष 2022-23 के अप्रैल से फरवरी के बीच दक्षिण अफ्रीका से सेब का आयात 84.8 प्रतिशत बढ़कर 18.53 मिलियन डॉलर हो गया।

## कयास › अनेक एजेंसियों ने जारी की अपनी अपनी सर्वेक्षण रिपोर्ट

# एक्जिट पोल में चुनावी पलड़ा कांग्रेस के पक्ष में

- अधिकांश सर्वे में पंजा भारी पड़ा
- तटीय कर्नाटक में भाजपा हावी
- बहुमत नहीं तो जेडीएस किंगमेकर

**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** कर्नाटक विधानसभा के चुनाव के एक्जिट पोल के आंकड़े कांग्रेस के पक्ष में नजर आ रहे हैं। अनेक संगठनों ने टीवी चैनलों के साथ मिलकर यह सर्वेक्षण किया था। इसमें कुल मिलाकर जो आंकड़ा निकला है, वह भाजपा के हित में जाता हुआ नहीं दिख रहा है। वैसे चुनावी सर्वेक्षण में कुछ बदलाव इस वजह से भी हो सकता है क्योंकि अंतिम क्षणो में मतदान बहुत तेज हुआ है। मतदान समाप्ति की समय सीमा के वक्त 65 प्रतिशत मतदान की खबर है। उस वक्त भी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की कतार लगी हुई थी। इसलिए एकाध



कर्नाटक के एक्जिट पोल

Seats: 224 | Majority: 113

| | BJP | Cong+ | JDS | Others |
|---|---|---|---|---|
| News Nation - CGS | 114 | 86 | 21 | 3 |
| Republic TV - P MARQ | 85-100 | 94-108 | 24-32 | 2-6 |
| Suvarna News - Jan Ki Baat | 94-117 | 91-106 | 14-24 | 0-2 |
| TV 9 BharatVarsh-Polstrat | 88-98 | 99-109 | 21-26 | 0-4 |
| Zee News Matrize Agency | 79-94 | 103-118 | 25-33 | 2-5 |

In 2018 Assembly elections, BJP won 104 seats, Congress 80 and JDS 37

प्रतिशत के अंतर से भी चुनावी आकलन के खेल बदल सकता है। इन चुनावी सर्वेक्षणों में यह संकेत दिया गया है कि मतदाताओं में कांग्रेस पांच प्रतिशत भारी पड़ी है। इसी वजह से वह दौड़ में आगे नजर आ रही है। लेकिन यह संदेह भी व्यक्त किया गया है कि वह शायद अपने दम पर पूर्ण बहुमत का आंकड़ा नहीं हासिल कर पायेगी। कर्नाटक के इन सर्वेक्षण के आधार पर माना जा सकता है कि अगर ऐसा होता है तो जनता दल सेक्यूलर इसमें किंग मेकर की भूमिका में आयेगी। जेडीएस के बारे में आकलन है कि उसे 224 सदस्यों वाली विधानसभा के इस चुनाव में कमसे कम 25 सीटें आ सकती है। याद दिला दें कि पिछले चुनाव में भी जेडीएस के कुमारस्वामी ही मुख्यमंत्री बने थे। बाद में कांग्रेस और जेडीएस की खटपट के बीच भाजपा ने मौके का फायदा उठाया था। इस बार के चुनाव में भाजपा को पिछले चुनाव के मुकाबले काफी सीटों के नुकसान का अंदेशा है। इसी वजह से यह माना जा रहा है कि पूर्ण बहुमत हासिल करने में पिछड़ने के बाद भी कांग्रेस इस राज्य की सबसे अधिक विधायकों वाली पार्टी बनने जा रही है। इन एक्जिट पोलों को सी वोटर, लोकनीति सीएसडीएस, एक्सिस माई इंडिया और चाणक्य ने किया है। पहले सर्वेक्षण में कांग्रेस को 113, भाजपा को 85 और जेडीएस को 23 सीट मिलने का अनुमान लगाया गया है। शेष तीन सीटों पर दूसरों

» पेज 2 भी देखें

## एनसीआरबी के रिकार्ड में गुजराती लड़कियों के गायब होने की सूचना

# केरल स्टोरी की असली कहानी तो गुजरात में है



**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** हर चुनाव के मौके पर एक फिल्म के सहारे भी हिंदू मुसलमान कार्ड खेलती आयी भाजपा इस बार चर्चित फिल्म द केरल स्टोरी को आगे बढ़ा रही है। भाजपा नेताओं ने इसे भी चुनाव प्रचार का एक हथियार बनाया है। ठीक इसी तरह पहले कश्मीर फाइल्स पर भी भाजपा ने लाभ उठाया था। लेकिन हर बार चुनाव के मौके पर ऐसे मुद्दों को भड़काने की चाल इस बार उल्टी पड़ती नजर आ रहा है। दरअसल जानकारों ने इसी दौरान गुजरात की असलियत को सामने ला दिया है। जिस फिल्म को लेकर राजनीतिक बहस चलायी जा रही है, उस फिल्म में दशार्या गया है कि केरल की लड़कियों का धर्मांतरण कर सीरिया में आईएसआईएस के आतंकी शिविरों में भेजा जा रहा है। इस पटकथा पर आधारित बंगाली निर्देशक सुदीप्त सेन की द केरल स्टोरी देश भर में चर्चा में है। ऐसे में गुजरात की लापता महिलाओं के संबंध में सनसनीखेज जानकारी सामने आई।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में गुजरात से 40,000 से अधिक महिलाएं गायब हो गई हैं। इनमें 2016 में 7 हजार 105, 2017 में 7 हजार 712,

» पेज 2 भी देखें

## असम सरकार के दो साल पूरे, समारोह में शामिल हुए राज्य के मुख्यमंत्री

# हिमंता बिस्वा सरमा ने आयुष्मान असम योजना शुरू की

- कैशलेश ईलाज के लिए पांच लाख की मदद
- सरकारी और निजी अस्पतालों के लिए सुविधा
- सभी मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग कॉलेज खुलेंगे

**भूपेन गोस्वामी**

**गुवाहाटीः** भूपेन गोस्वामी, गुवाहाटीः आज भाजपा के नेतृत्व वाली असम सरकार ने दो साल पूरे कर लिए हैं। जनता तक सस्ती चिकित्सा सहायता पहुंचाने के लिए, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने 10 मई को



गुवाहाटी में आयुष्मान असम योजना शुरू की है इस मौके पर असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की लगभग 84 प्रतिशत आबादी जिनके पास राशन कार्ड हैं, उन्हें अब देश के सर्वश्रेष्ठ निजी और सरकारी अस्पतालों में 5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 अप्रैल को इस योजना को शुरू किया था, जबकि स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि इसका लाभ उठाने के लिए 1.1 करोड़ से अधिक लोगों के लिए ई-केवाईसी सत्यापन पूरा हो गया है। समग्र लक्ष्य स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के तहत राज्य के 2.02 करोड़ लोगों को कवर करना है।

इस योजना से लगभग 27 लाख परिवार लाभान्वित होंगे, जिसके तहत 5 लाख कैशलेस उपचार राशन कार्ड वाले लोगों को भेजे जाएंगे। यह योजना असम में 300 से

» पेज 2 भी देखें

## कर्नाटक में मतदान के दौरान अपेक्षाकृत शांति रही

**नईदिल्ली :** 224-सदस्यीय कर्नाटक विधानसभा के लिए प्रतिनिधियों का चुनाव करने के लिए मतदान में बुधवार दोपहर 3 बजे तक मतदान में तेजी आई और यह 50 प्रतिशत के आंकड़े को पार कर गया। राज्य भर में कुल मतदान 52.18 प्रतिशत रहा, मतदान शाम 6 बजे समाप्त होने में तीन घंटे और बचे थे और मतदान अचानक से तेज हो गया था। राज्य के सहायक मतदान केंद्रों सहित 58,545 मतदान केंद्रों पर मतदान हो रहा है। गुरुवार को, कर्नाटक में एक नई सरकार का चुनाव करने के लिए मतदान हो रहा है, और 224 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 2,615 उम्मीदवारों के साथ भाजपा के लिए और कांग्रेस के लिए उच्च दांव हैं। मतदान सहायक सहित 58,545 मतदान केंद्रों पर निर्धारित है, और कुल 42,48,028 नए मतदाताओं को चुनाव के लिए मतदान करने के लिए पंजीकृत किया गया है। भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने कहा कि 37,777 स्थानों पर 58,545 मतदान केंद्रों पर 5.3 करोड़ मतदाता वोट डालने के पात्र हैं। इनमें 11,71,558 युवा मतदाता और 12,15,920 वरिष्ठ नागरिक (80 वर्ष और उससे अधिक आयु) हैं।

## साढ़े पांच हजार करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण भी किया

# नकारात्मकता से भरे लोग अच्छा नहीं देखना चाहते : मोदी

**राष्ट्रीय खबर**

**नाथद्वाराः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केन्द्र सरकार ने आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम करते हुए देश में अर्थव्यवस्था को एक नई गति दी है लेकिन कुछ लोग विकृत विचारधारा के शिकार हो चुके है और इतनी नकारात्मकता से भरे हुए है कि देश में कुछ भी अच्छा होता हुआ वे देखना ही नहीं चाहते। श्री मोदी आज यहां श्रीनाथजी मंदिर में दर्शन के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा कि अब



उन्हें सिर्फ विवाद खड़ा करना ही अच्छा लगता है। कुछ लोग उपदेश देते है कि आटा पहले कि डाटा पहले, सड़क पहले कि सेटेलाइट पहले लेकिन इतिहास गवाह है कि स्थाई एवं तेज विकास के लिए मूल व्यवस्थाओं के साथ ही आधुनिक इन्फ्रा बनाना भी जरुरी होता है। उन्होंने कहा कि जो लोग कदम कदम पर हर चीज वोट के तराजू से तोलते है, वह देश के भविष्य को ध्यान में रखकर योजना नहीं बनाते। कई बार देखते है गांव में पानी टंकी चार- पांच साल में ही छोटी पड़ जाती है। सड़के एवं फ्लाई ओवर चार-पांच साल में ही अपर्याप्त होने लगते है। हमारे देश में इसी सोच ने इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण को प्राथ्मिकता नहीं दी है इसका बहुत बड़ा नुकसान देश ने उठाया है। अगर पहले ही मेडिकल कालेज बन गये होते तो

» पेज 2 भी देखें

## निष्कर्ष › परिष्कृत ईंधन बनाने में कारगर होगी यह नई विधि

# क्षुद्र जीवाणु भी धरती पर प्रदूषण रोक सकते हैं

- प्रदूषण का असली कारण औद्योगिक उत्पादन
- यह विधि अभी व्यापारिक प्रयोग के लिए नहीं
- व्यापक पैमाने पर हुआ तो तकनीक ही बदलेगी

**राष्ट्रीय खबर**

रांचीः जिन अति सुक्ष्म जीवों को हम खुली आंखों से देख भी नहीं सकते, प्रकृति ने उन्हें कई अजीब गुण दिये हैं। इन्हीं गुणों का अध्ययन कर वैज्ञानिक इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि जो काम इंसान नहीं कर पा रहा है, वह प्रदूषण नियंत्रण इस सुक्ष्म जीवों के द्वारा संभव है। उनके पास



प्राकृतिक तौर पर यह विशेषता हासिल है। लॉरेंस बर्कले नेशनल लेबोरेटरी (बर्कले लैब) और यूसी बर्कले के नेतृत्व में एक शोध दल ने नए-से-प्रकृति कार्बन उत्पादों का उत्पादन करने के लिए बैक्टीरिया को तैयार किया है जो टिकाऊ जैव रसायनों के लिए एक शक्तिशाली मार्ग प्रदान कर सकता है। हाल ही में जर्नल नेचर में प्रकाशित वैज्ञानिक आलेख में इसकी जानकारी दी गयी है। बैक्टीरिया का उपयोग प्राकृतिक एंजाइमिक प्रतिक्रियाओं को कार्बेन ट्रांसफर रिएक्शन नामक एक नई-से-प्रकृति प्रतिक्रिया के साथ संयोजित करने के लिए करता है। यह काम एक दिन औद्योगिक उत्सर्जन को कम करने में भी मदद कर सकता है क्योंकि यह रासायनिक निर्माण

» पेज 2 भी देखें

### इस प्रतिक्रिया में सब कुछ संश्लेषित कर सकते हैं

अध्ययन के प्रमुख अन्वेषक और ऊर्जा विभाग के संयुक्त जैव ऊर्जा संस्थान (जेबीईआई) के सीईओ जे केसलिंग ने कहा हमने इस शोध पेपर में जो दिखाया है वह यह है कि हम इस प्रतिक्रिया में सब कुछ संश्लेषित कर सकते हैं - प्राकृतिक एंजाइमों से कार्बन तक - जीवाणु कोशिका के अंदर। आपको केवल चीनी जोड़ने की जरूरत है और कोशिकाएं बाकी काम खुद करती हैं। कार्बेन अत्यधिक प्रतिक्रियाशील कार्बन-आधारित रसायन हैं जिनका उपयोग कई प्रकार की प्रतिक्रियाओं में किया जा सकता है। दशकों से, वैज्ञानिक ईंधन और रसायनों के निर्माण में और दवा की खोज और संश्लेषण में कार्बाइन प्रतिक्रियाओं का उपयोग करना चाहते हैं। लेकिन इन कार्बाइन प्रक्रियाओं को केवल छोटे बैचों में टेस्ट ट्यूब के माध्यम से किया जा सकता था और प्रतिक्रिया को चलाने के लिए महंगे रासायनिक पदार्थों की आवश्यकता होती थी।

## चीनी ड्रैगन का मुकाबला करने के लिए भारत को मिला नया हथियार

# स्पेन में सफल उड़ान वाला विमान भारत को मिलेगा

**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्लीः** भारतीय वायुसेना को वह नया विमान अगले सितंबर माह में मिल जाएगा, जो उसे चीन के मुकाबले बेहतर स्थिति प्रदान करेगा। इस विमान का स्पेन में सफल परीक्षण उड़ान हो चुका है। स्पेनिश विमान निमार्ता एयरबस डिफेंस एंड स्पेस ने सी -295 सैन्य परिवहन विमान विकसित किया है। जरूरत पड़ने पर इसका इस्तेमाल निगरानी के लिए भी किया जा सकता है।

इस बार भारतीय वायुसेना लद्दाख या अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर



दूरस्थ ठिकानों तक आसानी से हथियार और रसद पहुंचा सकेगी। चीनी सेना की आक्रामकता का मुकाबला करने के लिए सेना तेजी से सैनिकों की डिलीवरी कर सकती है। साथ ही हवाई निगरानी से भी फायदा होगा।

रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, स्पेन से सी-295 मीडियम कैपेसिटी

» पेज 2 भी देखें

शहर >> अपडेट

### तेजस्वी यादव के निर्देश पर आरजेडी करेंगे बैठक

**रांची:** रांची में तेजस्वी यादव के निर्देश पर 12 मई (शुक्रवार) को सुबह 11 बजे झारखंड राजद प्रदेश मुख्यालय में महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गयी है। आरजेडी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव और प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने कार्यकताओं व सभी बड़े नेताओं को कार्यालय में मौजूद रहने का निर्देश दिया है।बैठक को लेकर आरजेडी प्रवक्ता डॉ। मनोज कुमार ने बताया कि बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव के निर्देश पर शुक्रवार को बैठक आयोजित की जायेगी। जिसका मुख्य उद्देश्य डॉ। भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान पर परिचर्चा करना है। बैठक में मंत्री, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, सभी जिला अध्यक्ष, पार्टी के वरिष्ठ नेता व सभी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे।

नियुक्ति पत्र

सीएम ने नवनियुक्त एपीपी के बीच किया नियुक्ति पत्र का वितरण

# न्यायालय में लंबित केसों की वजह से कई तरह की परेशानियां होती हैं: सीएम

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** सहायक लोक अभियोजक के अभाव में अब न्यायालयों में केसों की सुनवाई प्रभावित नहीं होगी। राज्य सरकार ने जेपीएससी से चयनित 107 सहायक लोक अभियोजकों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया है। झारखंड मंत्रालय में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नवनियुक्त 10 सहायक लोक अभियोजकों के बीच सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र वितरित और उन्हें जिम्मेदारी ईमानदारी पूर्वक निभाने की अपील की।इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि न्यायालय में लंबित केसों की वजह से कई तरह की परेशानियां होती हैं। राज्य



सरकार का मानना है कि दोषी छूटे नहीं और निर्दोष दंडित ना हों। ऐसे में आप जैसे सहायक लोक अभियोजकों की बड़ी जिम्मेदारी बनती है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में नवनियुक्त सहायक लोक अभियोजक से स्थानीय भाषा को सीखने का आह्वान करते हुए कहा कि झारखंड के भोले-भाले लोग अंग्रेजी की बात तो दूर हिन्दी भी ठीक से नहीं समक्ष पाते हैं। ऐसे में उनकी बातों को जानने के लिए स्थानीय भाषा जानना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को नवनियुक्त सहायक लोक अभियोजकों की ट्रेनिंग में एक क्षेत्रीय भाषा को भी जोड़ने का निर्देश दिया।

राज्य में सहायक लोक अभियोजक के 250 पद सृजित हैं। इसमें वर्तमान समय में मात्र 57 कार्यरत हैं। ऐसे में 107 नए सहायक लोक अभियोजक के मिलने से इनकी संख्या 164 पर पहुंच गई है। अभी भी करीब 90 पद खाली हैं। मुख्यमंत्री ने आने वाले समय में इसे भी भरने का संकेत दिया है।

गौरतलब है कि झारखंड लोक सेवा आयोग की ओर से 2018 में सहायक लोक अभियोजक नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की गई थी। पांच वर्षों के बाद मार्च महीने में 113 अंतिम रूप से सफल हुए थे, लेकिन छह सफल अभ्यर्थी नियुक्ति से दूर रहे।नवनियुक्त सहायक लोक अभियोजकों का प्रशिक्षण 16 मई से हजारीबाग पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में होगा। इधर, सफल अभ्यर्थी काफी खुश दिखे। अभ्यर्थियों ने कहा कि लंबी प्रतीक्षा के बाद यह नियुक्ति पत्र मिली है। इस मौके पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, कार्मिक सचिव वंदना डाडेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज फटाफट

### नीतीश जी बताएं,सत्ता के लिए कितना करेंगे भ्रष्टाचार का समर्थन : दीपक प्रकाश

**रांची:** उन्होंने कहा कि सत्ता लोलुपता ने नीतीश कुमार जी को भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के आगे घुटना टेकने को मजबूर कर दिया।उन्होंने कहा कि जेपी ,लोहिया के अनुयायी कहलाने वालों ने पहले बिहार में चारा घोटाला,रेलवे नौकरी घोटाला में संलिप्त लालू प्रसाद के परिवार से हाथ मिलाया और अब झारखंड में आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे हेमंत सोरेन से हाथ मिलाने पहुंचे है।उन्होंने कहा कि झारखंड की धरती पर नीतीश कुमार से राज्य की जनता जानना चाहती है कि राज्य संपोषित भ्रष्टाचार पर उनकी क्या सोच है,जमीन की मची लूट पर उनका क्या विचार है,बेरोजगारों को बार बार ठगे जाने पर उनकी क्या प्रतिक्रिया है, शराब घोटाले के बारे में वे क्या कहना चाहेंगे, आदिवासी,दलित बेटी बहनों के साथ हो रहे दुष्कर्म,हत्या पर उनकी क्या प्रतिक्रिया है,पिछड़ों के ट्रिपल टेस्ट के बिना हुए पंचायत चुनाव ,स्थगित निकाय चुनाव के बारे में उनकी क्या राय है।

### 15मई से 10जून तक प्रदेश भाजपा चलाएगी आजीवन सहयोग निधि अभियान :दीपक

**रांची:** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज प्रदेश स्तरीय आजीवन सहयोग निधि अभियान की बैठक संपन्न हुई। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने की। बैठक में नेता विधायक दल एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी,क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवम अभियान टोली के प्रदेश संयोजक डॉ दिनेशानंद गोस्वामी,प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय सहित प्रदेश टोली के सदस्य संजीव अग्रवाल,संजीव विजय वर्गीय,विनोद सिंह,गणेश तिवारी सहित सभी जिला अध्यक्ष,सभी जिला प्रभारी एवम अभियान की जिला टोली के सदस्य उपस्थित रहे।बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने ,विषय प्रवेश प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका ने और धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश टोली सदस्य संजीव अग्रवाल ने किया।बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि भाजपा अपने नीतियों सिद्धांतों के साथ अपनी कार्यपद्धति के बल बूते ही पार्टी विथ डिफरेंस बनी है। श्री प्रकाश ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता पार्टी की पंच निष्ठाओं के प्रति जितने समर्पित हैं उतना ही सचेत आर्थिक शुचिता केलिए भी हैं।

बीजेपी 'द केरल स्टोरी' की बात कर सकती है

## लेकिन धरने पर बैठी बेटियों को न्याय नहीं दे सकती: कांग्रेस

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश महासचिव और प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि भाजपा सांसद सिर्फ इस फिराक में लगे हैं कि समाज में नफरत कैसे फैले, कैसे देश का सामाजिक तानाबाना विखंडित हो। राकेश सिन्हा ने कहा कि भाजपा सांसद संजय सेठ झारखंड में 'द केरला स्टोरी' को टैक्स फ्री करने की मांग कर सकते हैं, लेकिन जंतर मंतर पर बैठी देश की पहलवान बेटियों को न्याय दिलाने और अपने पार्टी के आरोपी सांसद की गिरफ्तारी की मांग कब करेंगे। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि जिससे देश का सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़ता है, उस पर बैन लगना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा भी सीएम के पास उठना ही चाहिए। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता और वरिष्ठ नेता मनोज पांडे ने कहा कि झारखंड में 'द केरल स्टोरी' को टैक्स फ्री करने की मांग कर भाजपा सांसद संजय सेठ ने मानसिक रूप से दिवालिया हो जाने के संकेत दिए हैं। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता ने कहा कि फिल्म के प्रदर्शन की क्रोनोलॉजी इशारा करती है कि कर्नाटक चुनाव में लाभ लेने के लिए इस फिल्म को प्रदर्शित किया गया है और या भाजपा के नेताओं द्वारा ही स्पॉन्सर्ड फिल्म है। मनोज पांडे ने कहा कि पूरी फिल्म में एक धर्म विशेष के लोगों को दूसरे धर्म विशेष के लोगों से लड़वाने की कोशिश की गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा इन बेवजह की मुद्दों की जगह अगर महंगाई, बेरोजगारी, हिंडनबर्ग की रिपोर्ट, अपने चंद दोस्तों को पीएम द्वारा मदद पहुंचाने जैसे मुद्दों पर कुछ बोलती तो जनता का कुछ भला हो जाता।

ईडी की तोप का मुंह फिर उल्टी दिशा में

# हेमंत को घेरने के चक्कर में फिर निशाने पर रघुवर दास की टीम

- सिर्फ चेहरे बदल गये धंधा वही रहा है
- दलालों को लाने वाले अफसर कौन थे
- पहले भी होता रहा था यही गोरखधंधा



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** इस बार हेमंत सोरेन की सरकार को बचाने के लिए विधायक सरयू राय का कोई बयान भी नहीं आया है। इसके बाद भी ईडी की जांच जिस दिशा में बढ़ी है, उससे फिर से पूर्व की भाजपा सरकार में प्रभावशाली रहे कई लोग घेरे में आ जाएंगे। दरअसल ईडी की तरफ से अनौपचारिक तौर पर यह दावा किया गया है कि छत्तीसगढ़ के शराब सिंडिकेट का सीधा रिश्ता झारखंड से भी है। इस एक अनौपचारिक बयान से पूर्व में रघुवर दास की सरकार द्वारा सरकारी स्तर पर शराब बेचने में की गयी गड़बड़ी में शामिल अधिकारियों पर भी गाज गिर सकती है। दरअसल झारखंड में शराब का जो खेल हुआ है, वह पुराने पैटर्न पर ही है। सिर्फ बिचौलिये बदल गये हैं। लिहाजा जो पहले से इस धंधे में थे, उनकी सेहत पर कोई असर नहीं पड़ा है। पहले एक अधिकारी ने अपनी पहचान के लोगों के जरिए यह पूरा कारोबार संचालित किया और इस वजह से तब भी सरकार को राजस्व का घाटा हुआ। यह तब भी कहा गया था कि घाटा सिर्फ झारखंड सरकार को हुआ है जबकि सरकार की ठेकेदारी करने वाले निजी लोग और उन्हें संरक्षण देने वाले अधिकारियों की जेबें गर्म हुई हैं। उस वक्त भी शराब के सरकारी गोदाम में चूहों द्वारा शराब पी लेने की बात सामने आयी थी। सत्ता के दलालों की चर्चा होने तथा इस मामले में जेएससीए स्टेडियम में बने काउंटी क्लब में सेटिंग गेटिंग होने की चर्चा की वजह से जांच की दिशा फिर से पूर्व सरकार की तरफ जा सकती है। रघुवर दास के समय के एक अधिकारी मौके देखकर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली चले गये हैं। प्रेम प्रकाश जैसे लोगों की कुंडली खंगालने पर ईडी को अब तक पता भी चल चुका होगा कि दरअसल उसे झारखंड की सत्ता में किस अधिकारी ने स्थापित किया था। लिहाजा फिर से मामला उल्टा पड़ता दिख रहा है। यह अलग बात है कि इस बार लपेटे में आये कुछ चेहरों का पूर्व में कोई लेना देना नहीं रहा है।

## पेज एक का शेष

### एक्जिट पोल में चुनावी .. ..

के जीतने की उम्मीद है। सर्वेक्षणों के मुताबिक तटीय कर्नाटक में भाजपा अपनी पकड़ बनाये रखते हुए विरोधियों को काफी पीछे छोड़ देगी। लेकिन इस एक इलाके में बढ़त से उसका लक्ष्य पूरा होता हुआ नजर नहीं आ रहा है। अन्य इलाकों में उसे काफी सीटों का नुकसान हो रहा है। इसी वजह से वह दूसरे नंबर का पार्टी बनेगी। इंडिया टीवी-सीएनएक्स के सर्वेक्षण में किसी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलेगा। पोल के मुताबिक, कांग्रेस 105 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बन सकती है। भाजपा 85 और जेडीएस 32 सीटें जीत सकती है। यानी बहुमत किसी को नहीं। सर्वे 6 मई को हुआ था। इसमें 112 सीटों के 11 हजार 200 लोगों से बातचीत की गई थी।

एबीपी न्यूज-सी वोटर के मुताबिक कांग्रेस की सरकार बनेगी। इस सर्वे में कांग्रेस को 110 से 122, भाजपा को 73 से 85 और जेडीएस को 21 से 29 सीटें मिलने का अनुमान है। यानी सरकार कांग्रेस की। सर्वे में 73 हजार लोगों का फीडबैक है। 44% लोगों ने कांग्रेस की, 32% ने भाजपा की सरकार बनने का अनुमान जताया। 31% लोगों ने बेरोजगारी को सबसे बड़ा मुद्दा बताया। जी न्यूज-मैट्रिज के हिसाब से भाजपा की सरकार बनेगी। सर्वे में भाजपा को 103 से 118, कांग्रेस को 82 से 97 और जेडीएस को 28 से 33 सीटें मिलने का अनुमान। सैंपल साइज के लिहाज से यह सबसे बड़ा ओपिनियन पोल है। इसमें 224 सीटों पर 3 लाख 36 हजार लोगों से सवाल किए गए। हर विधानसभा सीट पर 1500 लोगों से बात की गई।

### केरल स्टोरी की असली .. ..

2018 में 9 हजार 246 और 2019 में 9 हजार 268 लापता हुए। इतना ही नहीं, कोविड महामारी शुरू होने के बाद भी गुजराती लड़कियों की गुमशुदगी का सिलसिला थमा नहीं है।केंद्रीय एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक, 2020 में 8 हजार 290 लोग लापता हो गए। यानी 2016 से 2020 के बीच आधिकारिक आंकड़ों में कुल 41 हजार 621 लोग गायब हुए हैं। आयोग के सदस्य और सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी सुधीर सिन्हा के मुताबिक इस तरह गुजरात राज्य मानवाधिकार आयोग ने हर साल हजारों लड़कियों के गायब होने पर चिंता जताई है। गुजराती लड़कियों को काम के लिए विदेशों में भेजा जा रहा है। वहां उन्हें देह व्यापार के लिए मजबूर किया जा रहा है। गुजरात पुलिस के सेवानिवृत्त एडीजी राजन प्रियदर्शी ने इस पर महत्वपूर्ण टिप्पणी की। उन्होंने कहा, हम लापता व्यक्तियों के मुद्दे को महत्व नहीं दे रहे हैं। लेकिन एनसीआरबी से जो जानकारी मिली है वह चौंकाने वाली है।

### हिमंता बिस्वा सरमा ने .. ..

अधिक अस्पतालों और भारत भर के लगभग 2000-3000 अस्पतालों में उपलब्ध होगी। सीएम सरमा ने यह भी कहा कि राज्य सरकार ने विदेशी भाषाओं के ज्ञान और डिजिटल साक्षरता सहित सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण के साथ नर्सों का उत्पादन करने के उद्देश्य से असम के सभी राज्य मेडिकल कॉलेजों में बीएससी नर्सिंग खोलने का फैसला किया है। हिमंत बिस्वा सरमा ने यह भी घोषणा की कि इस साल राज्य में तीन और कैंसर अस्पताल खोले जाएंगे और सात और अस्पताल पाइपलाइन में होंगे।

### नकारात्मकता से भरे .. ..

आज चिकित्सकों की की कमी नही होती। उन्होंने कहा कि रेलवे लाइनों का बिजलीकरण हो गया तो आज इसके लिए हजारो करोड़ रुपए खर्च कर काम करने की जरुरत नही होती। उन्होंने कहा कि अगर पहले ही हर घर तक नल से जल आता तो आज साढ़े तीन लाख करोड़ का जलजीवन मिशन शुरु नहीं करना पड़ता। प्रधानमंत्री ने कहा कि नकारात्मकता से भरे हुए लोग राजनीति से ऊपर उठकर कुछ नहीं सोच सकते हैं।

### क्षुद्र जीवाणु भी धरती .. ..

आमतौर पर जीवाश्म ईंधन पर निर्भर करते हैं। नए अध्ययन में, शोधकताओं ने महंगे रासायनिक अभिकारकों को प्राकृतिक उत्पादों के साथ बदल दिया जो बैक्टीरिया स्ट्रेप्टोमाइसेस के एक इंजीनियर तनाव द्वारा उत्पादित किए जा सकते हैं। चूंकि जीवाणु सेलुलर चयापचय के माध्यम से रासायनिक उत्पादों का उत्पादन करने के लिए चीनी का उपयोग करते हैं, यह काम हमें जहरीले सॉल्वैंट्स या रासायनिक संश्लेषण में आमतौर पर उपयोग की जाने वाली जहरीली गैसों के बिना कार्बन रसायन शास्त्र करने में सक्षम बनाता है। जीवाणु ने एक विकसित पी 450 एंजाइम भी तैयार किया जो उन रसायनों का उपयोग साइक्लोप्रोपेन, उच्च-ऊर्जा अणुओं का उत्पादन करने के लिए करता था। हुआंग ने कहा कि हालांकि इस पूरी तरह से एकीकृत प्रणाली को बड़ी संख्या में कार्बाइन डोनर अणुओं और एल्केन सबस्ट्रेट्स के लिए कल्पना की जा सकती है, लेकिन यह अभी व्यावसायीकरण के लिए तैयार नहीं है। प्रत्येक नई प्रगति के लिए, किसी को पहला कदम उठाने की आवश्यकता होती है। विज्ञान में, आपको सफल होने में वर्षों लग सकते हैं। लेकिन आपको प्रयास करते रहना होगा – हम हार नहीं मान सकते। मुझे उम्मीद है कि हमारा काम दूसरों को प्रेरित करेगा।

### स्पेन में सफल उड़ान .. ..

मिलिट्री ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट की पहली खेप इसी महीने भारत आने वाली है। सी-295 विमान बनाने वाली कंपनी एयरबस डिफेंस एंड स्पेस ने कहा कि विमान का पहला उड़ान परीक्षण पांच मई को सफल रहा था। भारत भेजे जाने के लिए चुने गए विमान का इस चरण में लगातार 3 घंटे तक उड़ान परीक्षण किया गया।

# भोपाल त्रासदी का आमंत्रण दे रहा यूरेनियम खदानों का रेडिएशन: नायक

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** भोपाल त्रासदी को आमंत्रण दे रहा है जमशेदपुर स्थित जादूगोड़ा यूरेनियम खदानों के रेडियो एक्टिव रेडिएशन । यदि समय रहते राज्य एवं केंद्रीय सरकार नहीं सर्तक हुई तो जनसंख्या और पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा हो सकता है तथा भारी विनाश का कारण बन सकता है। उक्त बातें बुधवार को झाखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सह आदिवासी मूलवासी जन अधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक कही। इसको लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन



विभाग, झारखंड के राज्यपाल, झारखंड के मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय खान एवं भूतत्व मंत्री को इस संदर्भ में ई मेल के माध्यम से अवगत कराया है। श्री नायक ने कहा कि जादूगोड़ा से यूरेनियम खनन होता है जिसे सरल पदार्थ येलो केक बनाकर न्यूक्लियर रिएक्टर मे फिड करने के लिए यूसीआईएल के द्वारा हैदराबाद भेजा जाता है यह येलो केक न्यूक्लियर रिएक्टर में ईंधन का काम करती है और इसे बिजली बनाया जाता है न्यूक्लियर रिएक्टर से बिजली बनने के बाद जो कचरा निकलता है उसे यूरेनियम कचरे को वापस झारखंड जादूगोड़ा लाया जाता है और फिर उसको जादूगोड़ा के तमाम टेलिंग पौंडो में डाला जाता है। श्री नायक ने आगे कहा कि खनन और टेलिंग पौंडो मे यूरेनीयम कचड़ों से आज स्थिति इतनी भयावह है कि जादूगोड़ा यूरेनियम खदान के पास सर्वेक्षण में अत्यधिक विकृति और कैंसर पाया गया है एक चौकानेवाले तथ्य सामने आया है। इंडियन डॉक्टर्स फॉर पीस एंड डेवलपमेंट आईडीपीडी बाहरी लिंक एक विस्तृत सर्वेक्षण रिपोर्ट के रूप में यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड यूसीआईएल में काम करने वाले खनिकों , कर्मचारियों के स्वास्थ संबंधी खतरों के बारे में सचेत किया है।

## आदिवासी आज भी सरकारी योजनओ से दूर, बड़ी लडाई लड़ने की जरूरत है :उमेश

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** आदिवासियों को योजना का लाभ मिले इसके लिए संघर्ष जारी है, इसे तेज करने की जरूरत है। यह बातें लपुंग प्रखंड के बलांडू गांव के सरना स्थल के वार्षिक उत्सव में आयोजित झंडा गड़ी कार्यक्रम में ग्राम प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष उमेश बडाइक ने कहा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों तक सरकारी योजनाओं पर आज भी ग्रहण लगा हुआ है। यह ग्रहण गांव के ही बिचौनियां लगा चुके हैं। जिस गांव में बिचौलियां हावी होगा उस गांव का कभी विकास नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक साल 10 मई को बलांडू गांव के सरना स्थल में सरना धर्म मनाने वाले एकजुट होते हैं और सरना धर्म के प्रचार प्रसार के लिए मंथन करते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि बीसा पंचायत की पूर्व मुखिया सुषमा देवी ने कहा कि महिलाओ के लिए केंद्र सरकार द्वारा सैकड़ों कल्याणकारी योजना चलाई जा रही है पर यह योजनाओ का लाभ आदिवासी महिलाओ को नहीं मिल रहा है। आज आदिवासी समाज को धर्म के प्रचार- प्रसार के साथ सरकारी योजनाओ के प्रति भी जागरूक होने की आवश्यकता है। आदिवासी इस धरती में सबसे पहले आयें है, आदिवासियों के कारण ही आज जल, जंगल, जमीन सुरक्षित बची हुई है। अगर आदिवासी आज जंगल की सुरक्षा से हट जाएं तो लकड़ियों में गीदड़ की तरह आंख गड़ाएं लोग पूरा जंगल काट कर बेच खायेंगे।

राजनीति

नीतीश कुमार इन दिनों गैरभाजपा दलों को एकजुट करने में जुटे हैं

# बिहार क्रांति की धरती है, गैरभाजपा दलों को एकजुट करने में सफल होंगे नीतीश कुमार: खीरु महतो

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** मिशन 2024 को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इन दिनों गैरभाजपा दलों को एकजुट करने में जुटे हैं। इसी के तहत नीतीश कुमार बुधवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करने आ रहे हैं। नीतीश कुमार के इस दौरे को राजनीतिक दृष्टि से काफी अहम माना जा रहा है। ओडिशा के बाद झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करने आ रहे नीतीश कुमार फिर महाराष्ट्र दौरे पर जायेंगे। जहां उद्धव ठाकरे और शरद पवार से वे मुलाकात करेंगे। बिहार में गैरभाजपा दलों के



नेताओं का महाजुटान की तैयारी में जुटे नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलने के दौरान पटना में अगले महीने होने वाले कार्यक्रम पर चर्चा करेंगे। पटना में गैरभाजपा दलों के नेताओं का महाजुटान 17 या 18 जून को संभावित है। जिसमें 2024 की चुनावी रणनीति पर चर्चा होगी। नीतीश कुमार के झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से होने वाली मुलाकात को अहम मानते हुए जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो ने कहा है कि इससे गैरभाजपा दलों को एकजुट करने में मदद मिलेगी। बिहार की धरती क्रांति की धरती रही है जहां से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने आजादी के लिए आंदोलन की शुरूआत की।लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने बिगुल फूंका। अब नीतीश कुमार भाजपा के कुशासन के खिलाफ आंदोलन करेंगे।

सीएम नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव दोपहर बाद रांची पहुंचे। रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर जेडीयू कार्यकताओं द्वारा उनका जबरदस्त स्वागत किया गया। वहीं, यहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। एयरपोर्ट से नीतीश कुमार सीधे हेमंत सोरेन से मिलने सीएम आवास जाएंगे। दोनों के बीच बातचीत के बाद नीतीश कुमार आज ही पटना लौट जाएंगे। नीतीश कुमार हेमंत सोरेन से मुलाकात से पहले पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के अलावा वामपंथी दल के नेताओं से भी मुलाकात कर चुके हैं। नीतीश कुमार का 11 मई को एनसीपी चीफ शरद पवार से भी मिलने का कार्यक्रम है। माना जा रहा है कि इस दौरान वे शिवसेना के नेताओं से भी मुलाकात करेंगे।

## शहर >> अपडेट

### नेक्सस सिलेक्ट ट्रस्ट ने जुटाए 1440 करोड़ रुपये

**पटना** : ब्लैकस्टोन प्रायोजित नेक्सस सिलेक्ट ट्रस्ट ने 20 एंकर निवेशकों को 100 रुपये प्रति यूनिट के ऊपरी प्राइस बैंड पर 14,39,99,850 यूनिट आवंटित कर 1,439.99 करोड़ रुपये जुटाये हैं। एंकर बुक इन्वेस्टमेंट में प्रमुख भारतीय संस्थानों में एचडीएफसी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड शामिल है। एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड का निवेश 174.6 करोड़ रुपये व एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने 143.99 करोड़ रुपये का निवेश तथा एसबीआई डिविडेंड यील्ड फंड ने 99.99 करोड़ रुपये का और एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने 29.70 करोड़ रुपये का निवेश किया। पहली बार एसबीआई पेंशन फंड योजना के माध्यम से इतना निवेश की है।

# भाजपा मुख्यालय में 1857 के नायकों को याद किया गया

## 1857 के नायकों से प्रेरणा लेकर नरेन्द्र मोदी देश को पुनः विश्व गुरू बनाने में लगे हैं: विजय सिन्हा

राष्ट्रीय खबर



**पटना** : 1857 के गदर के नायकों को आज याद करने का दिन है। महान स्वतंत्रता सेनानी आजादी के नायक तथा अंग्रेजी सेना के खिलाफ आन्दोलन का बिगुल फूंकने वाले 1857 के महान यौद्धाओं को आज भाजपा प्रदेश मुख्यालय में श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। 10 मई 1857 को अंग्रेजों के खिलाफ पूरे देशभर में चमड़े की कारतूस का प्रयोग किये जाने के खिलाफ विद्रोह किया गया था। भारत के उन महान सपूतों ने ब्रिटिश हुकुमत की सत्ता को हिला देने का काम किया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि 1857 के नायकों के जीवन से हम सबों को सीख लेने की जरूरत है। भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन के इतिहास में 1857 की संघर्ष को भुलाया नहीं जा सकता। अंग्रेजों की मानसिकता वाले लोग देश में फिर से उस प्रकार की संस्कृति को लाना चाहते हैं। लेकिन भारत के लोग नरेन्द्र मोदी के कार्यों से प्रभावित होकर राष्ट्रवाद को अपना ध्येय मान रहे हैं। 1857 के नायक मंगल पाण्डेय, रानी लक्ष्मीबाई, बाबू वीरकुंवर सिंह को नमन करते हुए कहा कि देश के लोगों को उनके द्वारा किये गये कार्यों से प्रेरणा लेकर भारत को पुनः विश्व गुरू बनाना है। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व विधान पार्षद किरण घई ने कहा कि 1857 का गदर अगर नहीं होता तो आज हम आजाद नहीं होते। 1857 का वह सिपाही विद्रोह जिसमें मंगल पाण्डेय, तात्या टोपे, रानी लक्ष्मीबाई, बाबू वीरकुंवर सिंह जैसे महान सपूतों ने ब्रिटिश सत्ता के खिलाफ जबरदस्त आन्दोलन का बिगुल फूंका। 80 वर्ष की उम्र में बाबू वीरकुंवर सिंह अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिये। कार्यक्रम का संचालन भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश वर्मा ने किया। महानगर अध्यक्ष अभिषेक चंद्रवंशी, हेमलता वर्मा आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिव नारायण महतो, राधा मोहन शर्मा, सिद्धार्थ शम्भू, भाजपा के प्रदेश महामंत्री देवेश कुमार, बेबी कुमारी, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी सुरेश रूंगटा, पूर्व मंत्री भीम सिंह, पूर्व सांसद रामजी मांझी, प्रदेश मंत्री संजीव क्षत्रीय, शीला प्रजापति, पूनम शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश कुमार सिंह, प्रदेश कार्यालय मंत्री सत्यपाल नरोत्तम, पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी राजीव रंजन, पंकज सिंह, सोशल मीडिया संयोजक मनन कृष्णा भाजपा पटना।

## तमिलनाडु से 45 विद्यार्थियों का प्रतिनिधि मंडल युवा संगम 2 के अंतर्गत आईआईटी पटना पहुंचा

पटना : तमिलनाडु के विविध उच्च शिक्षण संस्थानों के 45 विद्यार्थियों का एक प्रतिनिधि मंडल आज शाम आईआईटी पटना पहुंचा है। विद्यार्थियों का यह दौरा भारत सरकार के महत्वाकांक्षी सांस्कृतिक व शैक्षिक प्रयास एक भारत श्रेष्ठ भारत युवा संगम कार्यक्रम के दूसरे चरण के तहत हो रहा है। बिहार का नोडल इंस्टीट्यूट आईआईटी पटना है जबकि तमिलनाडु का नोडल इंस्टीट्यूट एनआईटी तिरुचिरापल्ली है। विद्यार्थियों का यह प्रतिनिधिमंडल यहां 16 मई तक रहेगा। इनके साथ पांच संकाय सदस्य भी आए हैं। इस यात्रा का उद्देश्य है दोनों राज्यों के मध्य समृद्ध सांस्कृतिक एवं पारम्परिक विनिमय तथा विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना। इसके अतिरिक्त पर्यटन, परम्परा, प्रगति, टेक्नोलॉजी एवं परस्पर सम्पर्क भी कार्यसूची में शामिल हैं। बिहार आने वाली तमिलनाडु युवा संगम टीम की यात्रा का उद्घाटन बिहार के राज्यपाल महामहीम राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर द्वारा आईआईटी पटना में आज किया जाएगा। इस अवसर पर आईआईटी पटना के निदेशक प्रो टी एन सिंह, शिक्षा विभाग-बिहार सरकार की ओर से श्री दीपक कुमार सिंह, एसीएस; आईआईटी पटना के विद्यार्थी, संकाय व कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। इस यात्रा के दौरान विद्यार्थीगण बिहार के राज्यपाल से भेंट करेंगे तथा महाबोधि मंदिर, विष्णुपद मंदिर व भारत के सबसे बड़े रबर डैम गयाजी डैम भी जाएंगे। यात्रा के दूसरे दिन सभी विद्यार्थी नालंदा व राजगीर देखेंगे, नेचर सफारी का आनंद लेंगे, तत्पश्चात वीरायतन संग्रहालय, विश्व शांति स्तूप, घोड़ा कटोरा सरोवर, नालंदा विश्व विरासत स्थल, गुरुद्वारा आदि देखेंगे। ये विद्यार्थी पटना संग्रहालय, वैशाली शांति स्तूप, सोनेपुर, मरीन ड्राइव भी जाएंगे और साथ ही सांस्कृतिक व खेल आयोजन देखेंगे तथा प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मुलाकात भी करेंगे।

# एपीएचसी का निरीक्षण में गायब मिले जीएनएम

राष्ट्रीय खबर



**बगहा** : स्वास्थ केंद्र हरनाटाड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश सिंह नीरज ने बुधवार को क्षेत्र स्थित एपीएचसी (हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर) का औचक निरीक्षण किया किया। उन्होंने हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर लौकरीया, नौतनवा तथा तीनफेडिया मे विजीट कर व्यवस्थाओं का हाल जाना। निरीक्षण के क्रम में डॉ सिंह ने दोनों संधारित पंजी का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने उपलब्धि दवाइयों का भी अवलोकन किया। अपने निरीक्षण के क्रम में तीनफेडिया में जीएनएम मनीष जोसी गायब मिले। इसके अतिरिक्त डॉ सिंह ने आशा कार्यकताओं को अपने क्षेत्र में परिवार नियोजन कार्यक्रम पर विशेष रूप से ध्यान देने का भी निर्देश दिया। इस दौरा में डा रणबीर सिंह भी उनके साथ थे।

इस मामले में स्वास्थ्य केंद्र हरनाटाड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश सिंह नीरज ने बताया कि आज लौकरीया, नौतनवा तथा तीनफेडिया का विजिट किया गया। इस दौरान लौकरिया व नौतनवा में चिकित्सक मौजूद रहे किंतु तीनफेडिया में कार्यरत जीएनएम मनीष जोशी अनुपस्थित पाए गए जिस पर उनसे स्पष्टीकरण पूछा जा रहा है।

## प्रशिक्षनार्थियो के बीच प्रमाण-पत्र का वितरण

**मोतिहारी, पू चं** : जन शिक्षण संस्थान के सभागार में आयोजित प्रमाण पत्र वितरण समारोह में ममता झा सहायक निदेशक, राकेश कुमार, बाल संरक्षण पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, पूर्वी चम्पारण के द्वारा ब्यूटी केयर असिस्टेंट में प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षनार्थियो प्रमाण पत्र दिया गया। ममता झा के द्वारा सभी प्रतिभागियों को अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास करने को कहा गया और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी को बधाई दी। बाल संरक्षण पदाधिकारी महोदय के द्वारा सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया गया और स्वरोजगार से जुड़ने के टिप्स बताया गया। अन्त में निदेशक दिनेश कुमार के द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मधु कुमारी एवम संस्थान के सभी कर्मियों की सराहनीय प्रयास रहा।

# दलितों एवं पिछड़ों के अधिकार को लेकर बसपा एकदिवसीय धरना संपन्न

▶▶ दलितों एवं पिछड़ों पर हो रहे अत्याचार को बंद करे सरकार : अनिल कुमार

राष्ट्रीय खबर



**पटना** : राजधानी के गर्दनीबाग धरनास्थल पर बहुजन समाज पार्टी के द्वारा दलितों एवं पिछड़ों पर हो रहे अत्याचार पर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार, केन्द्रीय राज्य प्रभारी लालजी मेधानकर, केन्द्रीय राज्य प्रभारी भीम राजभर, प्रदेश अध्यक्ष शंकर महतो समेत हजारों की संख्या में पार्टी के विभिन्न जिला से आए हुए कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान श्री कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार की सरकार चाहे वह भाजपा के साथ रही हो या राजद के साथ, लगातार दलित, शोषित, वंचित पिछड़ों के साथ अन्यायपूर्ण रवैया अपनाते रही है। दलितों, आदिवासियों एवम अतिपिछड़ों को मिलने वाली छात्रवृति तक 2016 से ही बंद कर दी है। उन्होंने कहा कि दलित जिलाधिकारी जी. कृष्णैया के हत्यारे को सुशासन बाबू के द्वारा कानून में संशोधन कर उन्हे तथा कई दुर्दांत अपराधियों को जेल से निकाला जाता है।

वहीं धरना को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्य प्रभारी भीम राजभर ने कहा कि बिहार सरकार और केंद्र सरकार बहुजनो के लिए बनाए गए बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के संविधान के साथ लगातार छेड़खानी कर रही है, जिसका नतीजा यह है कि हमारा आरक्षण, हमारा अधिकार हमसे छीना जा रहा है। बिहार राज्य में हमारे बहुजन समाज के साथ कोई घटना होती है तो उसपर कार्यवाही नहीं होती है, न्याय नहीं मिलता है। पार्टी के केन्द्रीय राज्य प्रभारी लालजी मेधानकर ने कहा कि बिहार में नितीश सरकार और केंद्र सरकार मिली हुई है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष शंकर महतो, प्रदेश महासचिव ओमप्रकाश पांडेय, उपाध्यक्ष सकलदेव राम, रामलखन्न महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय कुमार मंडल, बसपा नेता डा रंजन कुमार, अमर आजाद समेत अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।

# अधजले स्थिति में प्रेमी युगल का शव पुलिस ने किया बरामद

▶▶ अधजले स्थिति में प्रेमी युगल का शव पुलिस ने किया बरामद

▶▶ प्रेम प्रसंग में हत्या कर साक्ष्य मिटाने की आशंका, एक गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू. च.** : प्रखंड के माली पंचायत के डूमरी गांव में एक ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है।घटना मंगलवार की आधी रात की बाद की बतायी गई है। जहां एक युवक और युवती की जघन्य तरीके से हत्या कर शव को जलाया जा रहा था।मामला प्रेम प्रसंग का बताया गया है। मृतक डुमरी गांव के वार्ड 3 के निवासी बिजुल सहनी का पुत्र मुस्कान कुमार बताया गया है। जबकि लड़की उसी गांव के वार्ड 4 के यादव लाल पंडित की पुत्री विनीता कुमारी बतायी गई है।

इस घटना की सूचना पंचायत के मुखिया सुनील सहनी के द्वारा पुलिस को दी गई। थानाध्यक्ष धनंजय शर्मा ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिलने पर थाना के एसआई शाहिद आलम, मो अनस और अनुज सिंह को 112 पुलिस टीम के साथ भेजा गया। पुलिस टीम डुमरी गांव के बगल के सिकरहना नदी किनारे पहुंची जहां दोनों के शव को जलाया जा रहा था। पुलिस टीम को देख सभी भाग निकले। जहां से पुलिस ने दोनों के जले शव को कब्जे में कर थाना लायी। साथ हीं आरोपित लड़की के पिता यादव लाल पंडित के घर पर पुलिस ने छापेमारी की जहां से सभी फरार बताए गए है। आरोपितों में केवल लड़की की माँ को पुलिस ने हिरासत में लिया है। दोनों की हत्या कर शव जलाने का आरोप लड़के की माँ ने लड़की के पिता,माँ,भाई और अन्य पर लगाया है।

अपने नौजवान बेटे मुस्कान कुमार की हत्या पर माँ मौलेसरी देवी ने बताया की उसका लड़का गांव में नाच देखने गया था। जहां से देर रात तक नही लौटा। खोजबीन की गई तो लड़के और लड़की दोनों की हत्या कर साक्ष्य मिटाने की नीयत से दोनों के शव को आधी रात को गांव के बगल के सिकरहना नदी के किनारे जलाया जा रहा था।थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों का शव अस्सी प्रतिशत से अधिक जल गया है।जिसे पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेजा गया।साथ हीं परिजनों की ओर से आवेदन मिलने के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी।

घटना की सूचना मिलने पर सदर एएसपी राज सुगौली पहुँचे जहाँ मृत लड़के और लड़की के परिजनों से घटना की जानकारी ली।इसके बाद डुमरी गांव पहुँच कर घटना की जानकारी ली और नदी किनारे शव को जलाए गए स्थल पर पहुँच कर स्थिति का जायजा लिया। जहाँ उन्होंने पत्रकारों से बात कर बताया कि मामले के उद्भेदन के लिए एफ.एस.एल.और डॉग स्क्वायड की टीम बुलाई जा रही हैं।

## वार्ड की जनता पर है पूरा भरोसा, मिलेगा आर्शीवाद : दीपक



▶▶ वार्ड नंबर 15 से पार्षद पद के लिए किया नामांकन

राष्ट्रीय खबर

**गया** : नगर निगम के वार्ड नंबर 15 से निवर्तमान वार्ड पार्षद दीपक कुमार चंद्रवंशी ने अपने समर्थकों के साथ डीआरडीए कार्यालय में निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन दाखिल किया। नामांकन के उपरांत समर्थकों ने उन्हें माला पहनाकर जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बीते 5 वर्षों में वार्ड का जो विकास हुआ है उससे जनता खुश है।मुझे उम्मीद ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि एक बार फिर जनता का आशीर्वाद मिलेगा।इस बार वार्ड में छूटे हुए कार्यों को पूरे मेहनत और परिश्रम के साथ करने का प्रयास करेंगे। जनता का भरोसा मुझ पर है। अपने वार्ड की जनता के मान सम्मान एवं स्वाभिमान के लिए तत्पर रहूंगा। बताते चलें कि बीते वर्ष दिसंबर महीने में निगम चुनाव के दौरान एक पार्षद की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी, जिसके कारण उक्त वार्ड में चुनाव नहीं हो पाया था। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पार्षद के पदों पर उपचुनाव की घोषणा के बाद नामांकन शुरू हो गया है। वहीं दूसरी ओर नामांकन दाखिल करने के बाद चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। वार्ड में 9 जून को मतदान होगा।

# पिता ने पुत्र पर किया हमला

राष्ट्रीय खबर



**बगहा** : नगर थाना क्षेत्र के बनचहरी गांव में शराब के नशे में धुत एक पिता द्वारा अपने पुत्र पर फर्सा से हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जा रहा है कि पिता और पुत्र में पैसों को लेकर कुछ अनबन हुई थी। उसी को लेकर पिता ने शराब का सेवन करने के बाद घर पहुंचा और फर्सा लेकर काटने के लिए घर से बाहर निकला और अपने पुत्र पर हमला करने लगा। बहुत बीच बचाओ के बाद पुत्र ने 112 नम्बर पर कॉल कर पुलीस को सुचना दिया। सुचना मिलते ही 112 नम्बर की पुलिस टीम मैके पर पहुंच कर पिता को पकड़ कर नगर थाना को सुपुर्द कर दिया। 112 नंबर पुलीस टीम में हवलदार व चालक धर्मेश कुमार सिंह और मदन यादव ,विवेक कुमार आदि मौजूद रहें। हमलावर पिता की पहचान बनचहरी गांव निवासी राममुज बांसफोड़ के रुप में हुई हैं। जो अपने पुत्र को ही पैसे के लिए फर्सा से काटने जा रहा हैं। पुत्र से मिली जानकारी अनुसार पिता शराब पीने के लिए पैसा मांग रहा था। लेकिन पुत्र ने नही दिया तो नाराज पिता ने फर्सा से काटने लगा। इस मामले में नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि शराबी पिता को मेडिकल जांच के बाद जेल भेजा दिया गया हैं।

# पीएमसीएच में पारा मेडिकल छात्रों ने किया विरोध प्रदर्शन, प्रिंसिपल कार्यालय में तालाबंदी

राष्ट्रीय खबर



**पटना** : बिहार पारा मेडिकल का सत्र नियमित करने और लंबित परीक्षाफल प्रकाशित करने सहित कई मांगों को लेकर आज छात्रों ने पटना के पीएमसीएच के प्रिंसिपल विद्यापति चौधरी के कार्यालय में तालाबंदी की। इसके साथ ही छात्रों ने स्वास्थ्य मंत्री हाय हाय और पीएमसीएच प्रशासन हाय हाय के नारे भी लगाए। साथ ही छात्रों ने कहां है कि हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो कल ओपीडी में भी तालाबंदी करेंगे। बता दें की मगंलवार को पटना के कारगिल चौक पर भी अपनी नौ सूत्री मांगों को लेकर पारा मेडिकल के छात्रों ने जमकर प्रदर्शन किया था। छात्रों ने सीधे तौर पर कहा था कि अगर मांगे पूरी नहीं हुई तो कल पूरे प्रदेश के मेडिकल कॉलेज और पारा मेडिकल कॉलेज का ताला बंद किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री हमारे कामों को करने के लिए तैयार है। लेकिन अधिकारियों की वजह से हमारा काम नहीं हो रहा है। कुछ अधिकारी अपने स्वार्थ की वजह से हमारा काम नहीं पूरा कर रहे हैं और इसी को लेकर यह विरोध लगातार जारी है।

छात्रों की मुख्य मांगे जानिए : पारा मेडिकल काउंसिल का गठन यथाशीघ्र किया जाए एवं सभी ट्रेड से दो दो सदस्यों को जोड़ा जाए। बिहार पारा मेडिकल का सत्र नियमित किया जाए एवं लंबित परीक्षा लिया जाए एवं लंबित परीक्षाफल प्रकाशित किया जाए। सभी जिला में संचालित पारा मेडिकल कॉलेज में छात्रों को पढ़ाने के लिए यथा शीघ्र ट्यूटर डेमोंस्ट्रेटर लेक्चरर की नियुक्ति / व्यवस्था की जाए। सभी नामांकित पारा मेडिकल छात्रों के लिए स्वीकृत 1500 प्रति महीना पेड इंटर्नशिप की राशि यथाशीघ्र मुहैया कराई जाए। बिहार में शुरू किए गए नए पारा मेडिकल कोर्स जैसे एनएसथीसिया टेक्नीशियन, ब्लड बैंक टेक्नीशियन, रेडियोलॉजी टेक्नीशियन, हॉस्पिटल डोमिसिलिअरी केयर असिस्टेंट, ऑर्थोप्टिक्स, ऑथॉप्टिक एंड प्रोस्थेटिक, प्लास्टर टेक्नीशियन, आदि का नियमावली बनाई जाए जिससे छात्रों का भविष्य पता चल सके। सभी सरकारी मेडिकल कॉलेज में ग्रेजुएशन यूजी पारा मेडिकल एंड पीजी की पढ़ाई शुरू किया जाए। छात्रों को जिले के अस्पतालों में प्रशिक्षण के लिए जाने के लिए परिवहन की व्यवस्था राज्य सरकार यथाशीघ्र करे। बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में पारा मेडिकल छात्रों में से किसी एक को सदस्य को के रूप में रखा जाए।

# अग्निपीड़ितों के बीच विजय सिंह चंदेल ने बांटा राहत समग्री

▶▶ अचानक लगी आग में दर्जन भर घर हो गए थे स्वाहा

राष्ट्रीय खबर



**प/भीतहा** : पछिया हवा के झोकों तथा भीषण गर्मी के बीच एक सप्ताह पूर्व भीतहा थाना के समीप रेड़हा गांव में अचानक आग लगने से दर्जन भर घर जल कर पूरी तरह से नष्ट हो गया था। हलाकि लाखों की क्षति की पुष्टि की गई थी. इसी बीच समाजसेवी लोगों की मदद की हाथ अग्निपीड़ितों के तक पहुंचा तथा उन्हें मदद की भरोसा भी दिया गया। इस अगले कड़ी में भाजपा के नेता सह मधुबनी प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि विजय सिंह चंदेल ने मंगलवार को अपने भाजपा समर्थकों के साथ महाराणा प्रताप सिंह की जयंती पर उनके याद में दर्जनों अग्निपीड़ितों के बीच राहत सामग्री बांट कर उन्हें उनके दर्द पर महरम लगाने का कार्य किया। जो एक समाज के धरोहर को आज के तारीख में जिंदा रखने की मिसाल कायम किया है। इस दौरान श्री चंदेल ने कहा कि इस आफत की घड़ी में भेद भाव तथा कोई ओछी राजनीति नहीं होनी चाहिये। हम तो चाहते हैं कि इन अग्निपीड़ितों को जल्द से जल्द सरकार के तरफ से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनका फिर से घर बन जाये तथा विशेष रूप से मैं आह्वाहन करता हूं कि इस दुख की घड़ी में अग्निपीड़ितों को बड़े से बड़े अमीर व समाजसेवी लोग उनके मदद के लिये आगे आयें हम उन्हें स्वागत करेंगे। वही मुन्नी यादव, रमेश बैठा, लक्ष्मण यादव, हरदेव यादव, नन्दकिशोर शर्मा, बुद्धराम राम, लालबाबू राम तथा दिनेश राम ने संयुक्त रूप से कहा कि हम अग्निपीड़ितों को भगवान के तरफ से मदद भेजना उनके दूत विजय बाबू को इस नेक कार्य के लिये लगातार प्रेरित करना एक लक्ष्य के तरफ ले जाना साबित होगा। इस तरह से उनके द्वारा महिलाओं के लिए 2 अदद साड़ी, तथा जरूरत के कुछ अन्य सामग्री युक्त दिया गया है।

## शहर >> अपडेट

### मातृत्व जाच अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**भितहा :** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत मंगलवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भितहा में किया गया जिसकी जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी श्वेता रमण ने बताया कि हर माह के 9 तारीख को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा शिविर का आयोजन कर गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व देखभाल के गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य जांच और दवाओं के वितरण किया जाना है। जिसके तहत गर्भवती महिलाओं का जांच किया गया जिसमें तकरीबन 50 गर्भवती महिलाओं का जांच किया गया। जांच के दौरान गर्भवती महिलाओं के शुगर, ब्लड प्रेशर सहित अन्य जांच करते हुए स्वास्थ्य कीट और दवा का वितरण किया गया।

# जिला शिक्षा पदाधिकारी पहुंचे विद्यालयों का किया निरीक्षण

राष्ट्रीय खबर

**बगहा/वालमीकिनगर :** जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनीकांत प्रवीण ने बुधवार के दिन वाल्मिकीनगर थाना क्षेत्र में लगभग आधा दर्जन विद्यालयों का निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्था की जानकारी ली । इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी ने क्लास रूम में बैठकर शिक्षक द्वारा पढ़ाए जा रहे विषयवस्तु की बारीकी से जानकारी ली। इस दौरान विद्यालय से एक सप्ताह से अनुपस्थित बच्चों की पहचान कर निरीक्षि पदाधिकारी उनके अभिभावक से संपर्क कर बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करने का निर्देशित किया।सभी विद्यार्थी को ड्रेस कोड में विद्यालय पहुंचने का निर्देश भी दिया। उन्होंने



विद्यार्थियों से बातचीत कर पढाई के बारे में भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डीईओ ने पुस्तक वितरण की भी जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई को देखकर नाराजगी जाहिर किया। इस अवसर पर उन्होने शिक्षकों से विद्यालय परिसर को साफ-सफाई कर बेहतर परिवेश बनाने पर जोर दिया। साफ सुथरा विद्यालय का शैक्षणिक परिवेश निश्चित रूप से बच्चों को पढ़ने में आकर्षित करेगा। उन्होने प्रखंड शिक्षिका शिखा कुमारी के एक वर्ष से लगातार अनुपस्थिती पर चिंता जाहिर करते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया। इस विद्यालय के पूर्व डीईओ ने बाल विद्या केंद्र मध्य विद्यालय सहित अन्य विद्यालयों का भी निरीक्षण किया।निरीक्षण में उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि विद्यालय में छात्रों की 75 प्रतिशत उपस्थिति होना अनिवार्य है। लगभग एक घंटा के निरीक्षण में डीईओ ने विद्यालय में पानी, शौचालय स्वच्छता आदि की भी जांच की। डीईओ के निरीक्षण की खबर आग की तरह अन्य विद्यालयों में फैल गई। शिक्षकों में अफरातफरी का माहौल बना हुआ था। मौके पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक मोहन प्रसाद श्रीवास्तव, प्रधानाध्यापक मंतोष कुमार शारदा, सुनीता कुमारी, शिक्षक लखन प्रसाद, भैरोलाल पासवान, रहमत अली सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## महिलाओं को अपमानित करना सहकारिता मंत्री के विकृत मानसिकता का परिचायक : डॉ करुणा



**गया :** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष डॉ करुणा सिंह ने सहकारिता मंत्री डॉ सुरेंद्र प्रसाद यादव द्वारा महिलाओं के खिलाफ दिए गए आपत्तिजनक टिप्पणी का विरोध किया है।उन्होंने टिप्पणी की निंदा करते हुए कहा कि यह महिलाओं के प्रति उनकी विकृत मानसिकता को दशार्ता है। जहां के मुख्यमंत्री महिलाओं के द्वारा स्वस्थ समाज और सशक्तिकरण की बात करते हैं वही उनके मंत्री महिलाओं के प्रति ऐसा दूषित रवैया अपना कर नीचा दिखाने की कोशिश कर रहे, जो बहुत गलत है।उन्होंने कहा कि ऐसे अमर्यादित बयानबाजी से उन्हें बचना चाहिए। डॉ करुणा सिंह ने कहा कि उनके बयान बाजी से सहकारिता मंत्री की असली मानसिकता उजागर हो गई है। भारतीय परंपरा में महिलाओं को देवी दुर्गा का रूप कहा गया है ऐसे अपमानजनक टिप्पणी से पूरे देश की महिलाओं को आहत पहुंचा है। नेता किसी भी राजनीतिक दल का हो अब अपमान नहीं सहेगी। उन्होंने सहकारिता मंत्री को महिलाओं का सम्मान करने की नसीहत दी है।

## इंटरमीडिएट सत्र 2022-24 की 10 से 13 मई 2023 तक होगी आंतरिक जांच परीक्षा प्रारम्भ



**नरकटियागंज :** टी. पी. वर्मा कॉलेज में बुधवार से इंटरमीडिएट सत्र 2022-24 की आंतरिक जांच परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में प्रारम्भ हुई। जिसकी जानकारी प्राचार्य डॉ लक्ष्मीकांत राय के हवाले से कॉलेज प्रशासन ने दी। बताया गया है कि आंतरिक जांच परीक्षा में नहीं शामिल होने वाले विद्यार्थी फार्म भरने से अयोग्य करार दिये जाएंगे और किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ दशरथ राम ने बताया कि 10 मई 2023 से 13 मई 2023 तक आंतरिक परीक्षा दोनों पाली में संचालित होगी। इंटरमीडिएट आंतरिक जांच परीक्षा शांतिपूर्ण संचालित की जा रही है। परीक्षा नियंत्रक डॉ चंद्रभूषण बैठा के अवकाश में रहने के कारण सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ दशरथ राम ने बताया कि आंतरिक जांच परीक्षा से छात्रों की तैयारी का मूल्यांकन होता है। जिससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्हें भविष्य में परीक्षा की तैयारी करने में सुविधा मिलती है। डॉ दशरथ राम ने बताया कि सभी छात्रों को इस परीक्षा में शामिल होना आवश्यक है। अन्यथा फार्म भरने से वंचित रह जाएंगे, जिसके लिए कॉलेज प्रशासन जिम्मेदार नहीं होगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा संचालन में डॉ सच्चिदानंद सिंह, सुजीत कुमार वर्मा उर्फ पिंटू, अखिल स्नेह श्रीवास्तव, अमन वर्मा, अंबर यथार्थ, आकाश कुमार चौबे, धनराज तिवारी, आकाश कुमार, पवन कुमार का प्रशंसनीय योगदान है।

# बाइक हादसे में धोबनी पंचायत की पंच नंद्रावती देवी की मौत

राष्ट्रीय खबर

**लौरिया :** प्रखंड क्षेत्र के धोबनी पंचायत के वार्ड संख्या 7 की पंच नंद्रावती देवी की मौत मंगलवार को शाम में मोटरसाइकिल से गिरने से हुई है। पंच पति हिरा चौधरी, ने बताया कि नंद्रावती देवी अपने बहन सुनैना देवी के घर हरसिद्धि शादी समारोह में शामिल होने गई हुई थी।बहन के घर 8 मई को शादी था शामिल होने के बाद परिजनों के साथ मंगलवार को शाम में मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने नईहर रमगढवा थाना क्षेत्र के भेडिहरवा गांव जा रही थी कि जैसे ही हरसिद्धि गांव से हरसिद्धि चौंक पर पहुंची की नंद्रावती देवी मोटरसाइकिल से गिर गई।जिसे परिजनों ने आनन फानन में



मोतिहारी के डाक्टर आशु शरण के पास लेकर गए जहा पर इलाज के दौरान ही पंच नंद्रावती देवी की मौत हो गई डाक्टर ने नंद्रावती देवी को मृत घोषित कर दिया।बता दे कि नंद्रावती देवी धोबनी पंचायत के वार्ड संख्या 7 से पंच थी तथा पूर्व में भी वार्ड संख्या 7 से पंच रह चुकी हैं। नंद्रावती देवी को चार लडका तथा दो लडकी है।सभी का शादी हो गया है। नंद्रावती देवी के पति हिरा चौधरी मजदूरी करते हैं। बुधवार को सुबह मलाही टोला गांव में पंच नंद्रावती देवी का शव पहुंचते ही परिजनों के बीच चीख पुकार से पुरा गांव का माहौल गमगीन हो गया। मृतिका की पहचान लौरिया थाना क्षेत्र के धोबनी पंचायत के वार्ड संख्या 7 निवासी हिरा चौधरी की 60 वर्षीय पत्नी इंद्रावती देवी के रूप में हुई है। परिजन नंद्रावती देवी का शव बर्फ में रखे हुए हैं। नंद्रावती देवी के चारों लड़के बाहर कमाने गए हैं। बच्चों के आने के बाद ही पंच नंद्रावती देवी का अंतिम संस्कार किया जाएगा। जलकर मंत्री बैजनाथ चौधरी, एवं धोबनी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुरेंद्र राम, वार्ड 7 के वार्ड वार्ड सदस्य पुत्र निपपू दीक्षित एवं अन्य ग्रामीण पंच के घर पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दिया कही मुखिया प्रतिनिधि सुरेंद्र राम ने कबीर अंत्येष्टि से मिलने वाली मुआवजे देने की बात कही। मृतिका के परिजन मृतिका के शव को पोस्टमार्टम नहीं कराया तथा अपने घर के लड़कों का आने का इंतजार कर रहे है बच्चों के घर पहुंचे के बाद ही पंच नंद्रावती देवी का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## मोतिहारी रेलवे मार्ग में दोहरीकरण को लेकर वाहनों का आवागमन रहेगा बंद

राष्ट्रीय खबर

**सुगौली, पू. च.:** सुगौली स्टेशन से होकर गुजरने वाली पूर्व मध्य रेलवे के मुजफ्फरपुर-नरकटियागंज रेल लाइन में सुगौली स्टेशन से सटे बंगरा रेलवे गुमटी 175 सड़क मार्ग से बुधवार की रात्रि 10 बजे से गुरुवार की सुबह 8 बजे तक मोटर वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बंद रहेगा।रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुगौली स्टेशन से सटे मोतिहारी मार्ग में दोहरीकरण का कार्य प्रगति पर है।जिसको लेकर बंगरा रेलवे गुमटी संख्या 175 पर सड़क मार्ग को तोड़ कर रेल पटरी बिछाया जाएगा।मोतिहारी-अरेराज और बेतिया से सुगौली होते हुए रक्सौल जाने वाली राष्ट्रीय उच्च पथ में



सुगौली के बंगला रेलवे गुमटी पर रेल दोहरीकरण का काम प्रगति पर है। इसको लेकर स्थानीय प्रशासन ने सड़क मार्ग को चालू रखने के विकल्प के रूप में मोतिहारी से आने वाली सड़क में सेमरा के बाद छपरा बहास बाईपास रोड से छोटे वाहनों का सुगौली और रक्सौल की ओर आवागमन कराया जाएगा।पर बड़े वाहनों के आने-जाने का मार्ग सुगौली होकर बंद रहेगा। विकल्प के रूप में सड़क मार्ग की सुविधा बनाये रखने को लेकर स्थानीय प्रशासन भी मुस्तैद रहेगा।

## लक्ष्मीपुर वितरण के बिंदु 27.70 पर अंडर ग्राउंड साइफन का निर्माण प्रारम्भ

▶▶ अब नहीं होगी जल जमाव से फसल को नुकसान

राष्ट्रीय खबर

**मझौलिया :** प्रखंड क्षेत्र के लाल सरैया पंचायत स्थित लक्ष्मीपुर वितरण के बिंदु 27.70 पर अंडर ग्राउंड साइफन का निर्माण कार्य शुरू हो गई है। अंडरग्राउंड साइफन के निर्माण कार्य शुरू होने से लालसरैया, थैलेसरी ,जौकटिया के किसानों में हर्ष है। साइफन का निर्माण मनरेगा योजना के तहत 22 लाख 42हजार250 में की जा रही है। कार्य के शुरू होने से पंचायत के मनरेगा मजदूरों को रोजगार मिलना शुरू हो गई है। मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी नीरज कुमार पांडेय ने बताया कि पहली बार मझौलिया में अंडर ग्राउंड साइफन का निर्माण कार्य शुरू की गई है। इसकी पल पल की मॉनिटरिंग की जा रही है। इससे किसानों को काफी लाभ मिलने के आसार है। उन्होंने बताया



कि वॉटर लॉगिंग सुविधा होने से किसानों को काफी लाभ मिलेगी। जिस खेत तक पानी नहीं पहुंच रही है, उस खेत तक पानी पहुंचाई जाएगी। जिससे 500 से अधिक एकड़ खेतों में खेती करने वाले किसानों को लाभ पहुंचाई जाएगी। उन्होंने ने बताया कि इस साइफन के माध्यम से फसलों में जलजमाव उत्पन्न नहीं होगी। जलजमाव वाले फसल से पानी की निकासी कर ली जाएगी तथा जिस फसल में पानी की आवश्यकता है उस फसल को पानी पहुंचाई जाएगी। जो किसानों के फसल उत्पादन के लिए लाभकारी सिद्ध होगी।

पंचायत के पूर्व मुखिया नमाजी मियां ने बताया कि अंडर ग्राउंड साइफन का निर्माण कृषि से अधिक पानी की निकासी के लिए की जा रही है। जिससे किसानों की फसल की नुकसान नहीं होगी।

# आग का कहर दर्जनों घर जले

▶▶ अग्निशामक दस्ते के साथ ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से आग पर पाया गया काबू

राष्ट्रीय खबर

**मझौलिया :** प्रखंड अंतर्गत बुधवार के दिन प्रखंड क्षेत्र के नौतन खुर्द पंचायत स्थित भैरोपुर गांव में अग्नि देव का जबरदस्त कहर टूट पड़ा है। ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास तथा जिला से आए अग्निशामक दस्ता द्वारा जब तक आग पर काबू पाया जाए तब तक दो दर्जन से अधिक लोगों का आशियाना आग की भेंट चढ़ चुका था। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ऊंची ऊंची उठती आग की लपटों को देख ग्रामीण सहम जा रहे थे।अग्निदेव सबको अपने आगोश में लपेट लेना चाहते थे। इस भीषण आग लगी में अनाज आभूषण कपड़ा नगदी पलंग टेबल कुर्सी चौकी बिछावन सब कुछ जलकर स्वाहा हो गया।चारों तरफ चीख-पुकार मची हुई थी।अफरा-तफरी



का माहौल था।और सभी सामूहिक रूप से आग बुझाने में लगे हुए थे। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो पूरा गांव जलकर राख हो जाता। सूचना पाकर जिला के अग्निशामक दस्ता घटनास्थल पर आया तथा ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से आग बुझाने का प्रयास किया गया।इस अगलगी में एक बकरी सात मोटरसाइकिल तथा दो दर्जन से अधिक साइकिल जलकर राख हो गई।बताया जाता है कि पीड़ितों में सुखारी राम और बिकाऊ राम के यहां शादी विवाह भी था।अग्नि पीड़ितों में सुखारी राम रघुवर राम राम मोहन राम हरिंदर राम मेघाराम यशोदा राम राम रोहित राम राकेश राम सुरेंद्र राम संतोष राम रमेश राम बिकाऊ राम सुनील राम राम बाबू राम वीरेंद्र राम सोहन राम नागेंद्र राम बालेश्वर राम सुनील राम सिंह सिंधी देवी छोटेलाल राम उमाशंकर राम बागड़ राम गौरी देवी शंभू राम ललन राम बहादुर राम गुड्डू कुमार चंदन कुमार राम विजय राम सहित अन्य शामिल हैं।बताते चलें कि उक्त भीषण अगलगी की घटना नौतन खुद पंचायत स्थित वार्ड नंबर 1 के भैरोपुर दलित बस्ती में घटित हुई है। मुखिया सौदागर साह पूर्व मुखिया सुरेंद्र पाल आदि ने इस घटना की सूचना सीओ सुरजकांत को दी। सीओ सूरज कांत ने बताया कि राजस्व कर्मचारी को घटनास्थल पर भेज क्षति का आकलन कराते हुए तत्काल में सहायता राशि उपलब्ध करा दी जाएगी। इसके अतिरिक्त शेख मझरिया पंचायत स्थित वार्ड नंबर 7 निवासी शेख चौकी और शेख मनान का घर आग की भेंट चढ़ गया।इस अगलगी में कपड़ा बर्तन उपस्कर गहना अनाज नगदी आदि सब कुछ आगलगी का शिकार हो गया। अग्निशामक दस्ता एवं ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया लेकिन सब कुछ जलकर राख हो चुका था। समाजसेवी सोहराब आलम ने इस घटना की सूचना अंचलाधिकारी सूरज कांत को दी।अंचलाधिकारी ने बताया कि राजस्व कर्मचारी को घटनास्थल पर भेजकर क्षति का आकलन कराते हुए तत्काल प्रभाव से सहायता राशि उपलब्ध करा दी जाएगी।

# जन सुराज अभियान के कार्यवाहक समिति के कुल 448 पदाधिकारी चयनित

अवधेश कुमार शर्मा

**बेतिया, प.च. :** जिला जन सुराज अभियान के प्रखंड कार्यवाहक समिति के पदाधिकारियों का चयन, 17 प्रखंडों, 2 नगर परिषदों और 1 नगर निगम के कुल 448 पदाधिकारी चयनित किये गए हैं। जन सुराज पदयात्रा का आगाज पश्चिम चम्पारण जिला के नरकटियागंज अनुमंडल के गौनाहा प्रखण्ड स्थित भितिहरवा गांधी आश्रम से 2 अक्टूबर 2022 से किया गया। जन सुराज पदयात्रा 48 दिनों जिला में यात्रा किया। इस क्रम में अभियान में शामिल यात्री विभिन्न गांव और प्रखंड की यात्रा किये। पदयात्रा के क्रम में बहुतेरे लोग जन सुराज के विचार से प्रभावित हुए और पदयात्रा में



हमकदम हुए। पश्चिम चम्पारण जिला में जन सुराज अभियान को सशक्त बनाने, अभियान को आगे बढ़ाने और जन सुराज के कार्यों को व्यवस्थित करने के लिए 25 अप्रैल 2023 को जिला के 17 प्रखंड, 2 नगर परिषद और 1 नगर निगम में जन सुराज समिति के सदस्यों की घोषणा की गई। अब संगठन के कार्य को तीव्र गति देने और प्रखंड स्थाई समिति के चुनाव कराने तक कार्यवाहक समिति के सदस्यों और संस्थापक सदस्यों की सवार्नुमति से सभी प्रखंड में पदाधिकारियों का चयन किया गया है। सभी नामित पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है।

सर्वसम्मति से फैसला लिया गया है कि पदाधिकारियों के माध्यम से सभी संस्थापक सदस्य जन सुराज की सोच और प्रशांत किशोर के विजन को लोगों तक घर-घर पहुंचाएंगे और बिहार में राजनीति की नई व्यवस्था बनाने का प्रयास और मजबूत करेंगे। इसके साथ सभी पदाधिकारी जिला में स्थाई चुनाव होने तक अपने पदों पर बने रहेंगे।

पश्चिम चम्पारण प्रखंड कार्यवाहक समिति के पदाधिकारियों की सूची में बेतिया नगर निगम से विनय कुमार बागी, बगहा नगर परिषद से रवीन्द्र कुमार, नरकटियागंज नगर परिषद से वर्मा प्रसाद को अध्यक्ष बनाया गया है। रामनगर प्रखंड से प्रमोद ठाकुर, मझौलिया से फकरुल हसन उर्फ भोला मियां, चनपटिया से कमलेश कुमार, नौतन से नवल किशोर पाठक, बैरिया से अवधेश प्रसाद, गौनाहा से प्रदीप पंजियार, सिकटा से कमरुल होदा, मैनाटांड़ से इनेश गिरी, लौरिया से खजांती राम, योगापट्टी से अमर यादव, बगहा 1 से रुदल मुसहर, बगहा 2 से शेषनाथ बिंद, मधुबनी से करण कुमार, पिपरासी से जोखू बैठा, ठकराहा से विजय कुमार, भितहा से संजय यादव एवं नरकटियागंज ग्रामीण से अभिजीत कुमार दुबे उर्फ सन्नी दुबे को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है।

जन सुराज प्रखंड समिति के पदाधिकारी प्रशांत किशोर की जन सुराज पदयात्रा और मूल मंत्र 'सही लोग, सही सोच और सामूहिक प्रयास' को आमजन तक पहुंचाने को वास्तविकता की धरातल पर अभियान संचालित कर सभी सही लोगों को एक मंच पर मजबूती प्रदान करेंगे।

## वर्षा पूर्व 23.57 लाख रुपए की तीन वर्ष पूर्व की अधूरा नाला निर्माण शीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें

▶▶ इंद्रपुरी कॉलोनी में बृज मोहन उपाध्याय के घर से हरेंद्र मणि त्रिपाठी के घर तक के नाला निर्माण प्रारम्भ

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया, प. च. :** जिला मुख्यालय स्थित इंद्रपुरी मुहल्ला में जल निकासी की समस्या और जल जमाव की शिकायत पर महापौर ने बुधवार को नगर आयुक्त के साथ स्थल निरीक्षण किया। जहां वर्ष 2019-20 में ही स्वीकृत कुल 23.57 लाख की लागत वाली पीसीसी सड़क और दो खंडों में नाला निर्माण योजना का एक भाग तीन वर्ष से अधूरा रह जाने की जानकारी मिली। नगर आयुक्त शंभू कुमार के साथ मेयर गरिमादेवी सिकारिया पहुंचकर जल जमाव और अधूरा नाला निर्माण की शिकायत को सही पाया। पीसीसी सड़क और दो खंडों में से एक खंड का नाला



निर्माण वर्ष 2020 के मार्च अप्रैल में ही अधूरा छोड़ दिया गया। तीन वर्ष से अधूरी पड़ी इस योजना को बरसात पूर्व पूरी कर लेने का सख्त निर्देश मेयर ने दिया। नगर आयुक्त ने कहा कि सरकारी भूखंड और सड़क की जमीन का अतिक्रमण कर के नगर निगम की योजना को बाधित करना कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

नाला निर्माण पूरा नहीं तो अतिक्रमणकारी और संवेदक दोनों पर कार्रवाई होगी। दर्जनों मुहल्ले वासियों की मौजूदगी में महापौर गरिमा देवी सिकरिया ने कहा कि अधूरे नाला निर्माण और ऐसे जल जमाव से आस पास के लोगों सहित पूरे इंद्रपुरी को परेशानी है। उन्होंने तीन वर्ष पूर्व स्वीकृत योजना संख्या -36/2019-20 के अनुसार बृज मोहन उपाध्याय के घर से हरेंद्र मणि त्रिपाठी के घर तक के नाला का कार्य आज प्रारम्भ करा देने का आदेश देकर नाला निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया। इस दौरान नगर पार्षद पति मोहम्मद सरफराज, सिटी मैनेजर अरविंद कुमार, कनीय अभियंता मनीष कुमार व दर्जनों गणमान्य उपस्थित रहे।

संपादकीय

# बाजारवाद के बीच देश में बढ़ती भूख

भारतवर्ष के बेहतर होने का प्रचार आम है। दूसरी तरफ भूखमरी के आंकड़े इन प्रचारों की हवा निकाल देते हैं। इन दोनों परस्पर विरोधी परिस्थितियों के बीच खड़ा है अडाणी समूह का मुद्दा, जिसके बारे में सेबी की जांच फिलहाल पूरी होने की कोई उम्मीद नहीं है। देश का कुलीन वर्ग इससे प्रभावित नहीं है लेकिन देश का पैसा चंद हाथों में कैद होने की वजह से ही देश का गरीब और गरीब हो रहा है, इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता। इस मुद्दे पर देश का बहुमत ज्यादा गहराई से इसलिए नहीं सोचता क्योंकि अडाणी समूह के काम काज से उसका कोई सीधा संबंध नहीं है। अडाणी के शेयर सालभर में आसमान छूने लगे थे क्योंकि गौतम अडाणी के बारे में यह भरोसा था कि वे जिस को छुएंगे वह फलेगाफूलेगा ही। आखिर, उन्होंने एक छोटे से राज्य के मुख्यमंत्री को हाथ लगाया तो वह शक्तिशाली प्रधानमंत्री बन गया।



अडाणी समूह की कंपनियां रोजमर्रा की आम आदमियों की चीजें कम बनाती हैं। वे पोर्ट, एयरपोर्ट, सड़कें, कोयला खानें, बिजलीघर, गैस बनाती हैं जो आम लोगों को दिखती नहीं हैं और उन में, आमतौर पर, कंपीटिशन कम होता है। अडाणी की कंपनियों को हर तरह के ठेके बैठे बिठाए मिल रहे थे, इसलिए उन के शेयरों के भाव बढ़ रहे थे। शेयर खरीद कर लोग लखपति से करोड़पति हो रहे थे। स्वयं अडाणी परिवार इसी से करोड़पति से खरबपति बन रहा था। अब जब एक छोटी सी रिसर्च रिपोर्ट, जिस में कुछ नया नहीं कहा गया है बल्कि जो जानकारी बिखरी पड़ी थी उसे मात्र एकत्र किया गया है, ने तहलका मचा दिया और अडाणी परिवार के कागजी शेयर ताश के महल की तरङ भरभरा कर गिर पड़े। नरेंद्र मोदी, गौतम अडाणी, अडाणी की कंपनियों ने जिन से कर्ज लिया उन की तो छोड़िए असली चिंता तो उन की करें जो काम अडाणी अपने अधिकार में ले चुके हैं। एनडीटीवी चैनल को ही लें, जिसे काफी लोग देखते थे और दूसरे चैनलों से उस पर ज्यादा विश्वास करते थे, अब उस का होने वाला नुकसान क्या अडाणी ग्रुप भर पाएगा? उस में काम कर रहे कुछ तो छोड़ गए, बाकियों का क्या होगा। समुद्री पोर्ट, एयरपोर्ट, कोयला खानें, बिजलीघर बनाने में बरसों लगते हैं और बरसों आमदनी नहीं होती, सिर्फ खर्च होता है। यदि अडाणी समूह को बैंक अब उस के शेयरों के बदले कर्ज नहीं देंगे तो क्या होगा। इन में से ज्यादातर उन जमीनों पर बन रहे हैं जिन की मिलकीयत मोटेतौर पर सरकारों ने आज भी अपने हाथ में रख रखी है। इन से पैदा होने वाली सेवाएं जनता को मिलेंगी या नहीं? इन पर अब तक जो खर्च हो चुका है, उस का क्या होगा? सरकारी कपड़ा मिलों की तरह ये खंडहर तो नहीं बन जाएंगे। मिसमैनेज हुए विजय माल्या, नीरव मोदी, मोदीनगर वाले मोदी, जयपुरिया जैसों के कारखानों की तरह ये भी बंद हो जाएंगे। देशभर में ऐसे सैकड़ों कारखाने हैं जिन में लगी मशीनें दोचार साल में देखरेख के अभाव में नष्ट हो गईं। उन पर लगी पूंजी बेकार गई। जिन लोगों ने उन कंपनियों के शेयर खरीद रखे थे वे कागज के टुकड़े बन कर रह गए। अडानियों का क्या होगा, यह चिंता की क्या बात है। हो सकता है वे इस आर्थिक संकट से उबर जाएं पर जो जख्म इन्होंने लाखों अपने शेयरधारकों, कर्मचारियों, उन की सेवाएं या वस्तुओं का व्यापार करने वालों को दिए हैं, उन का तो रोना भी कोई नहीं रोएगा। अफ्रीका के कुछ देशों को छोड़ दें तो भारत की आम जनता की हालत दुनिया में सब से बुरी है जबकि दुनिया के 100 सब से अमीरों में भारत के कितने ही गुजराती उद्योगपति हैं, वही गुजरात, जहां से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह आते हैं। भूखों की गिनती में एक अंतर्राष्ट्रीय संस्था ने भारत को 122 में से 107वां स्थान दिया है क्योंकि यहां सारा पैसा कुछ ही हाथों में जा रहा है। यह वह देश है जो ठीकठीक अपना खाना उगा लेता है। यह अनाज का निर्यात भी करता है। यह कम से कम 22 करोड़ भूखे लोगों को पालता है, सरकारी आंकड़ों के हिसाब से 80 करोड़ को खाने का अनाज देता है। सो, पक्का है कि देश का प्रबंध खराब ही नहीं, बेहद खराब है और इस की जिम्मेदारी उन पर नहीं जिन्होंने 60 साल राज किया, उन पर है जो पिछले 8 सालों से राज कर रहे हैं क्योंकि ये लोग अच्छे दिनों का वादा कर के सत्ता में आए। पिछली सरकार निकम्मी थी, इसीलिए तो जनता ने उसे वोट के जरिए बाहर किया। मौजूदा सत्ताधारी, पढ़े लिखे, नौकरीपेशा, अमीर देश के भूखों के बारे में सोचते ही नहीं हैं। उन के लिए ये भूखे तो देश की गायों की तरह हैं, वे दूध देना बंद कर दें, उन्हें सड़कों पर मरने दिया जा रहा है।

# दलित आदिवासी वोटों को साधने में जुटी है कांग्रेस

राजस्थान में इसी साल के अंत तक होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी ने अपनी चुनावी तैयारियां तेज कर दी है। इसी के तहत कांग्रेस ने दलित, आदिवासी वोटों को साधने के लिए चुनावी रणनीति बनानी प्रारंभ कर दी है। प्रदेश में किसी भी पार्टी की सरकार बनाने में दलित व आदिवासी मतदाताओं की सबसे बड़ी भूमिका रहती है। अनुसूचित जाति (दलित समुदाय) के लिए प्रदेश में 34 विधानसभा सीट तथा अनुसूचित जनजाति (आदिवासी समुदाय) के लिए 25 विधानसभा सीटें आरक्षित हैं। इस तरह प्रदेश की 200 में से 59 विधानसभा सीटें इन समुदायों के लिए आरक्षित है। इन 59 सीटों पर जीतने वाले विधायक ही प्रदेश में सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसीलिए प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इन समुदायों को कांग्रेस से जोड़ने की दिशा में दिन रात लगे हुए हैं। राजस्थान में कभी अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के मतदाताओं को कांग्रेस का मजबूत वोट बैंक बना जाता था। मगर धीरे-धीरे भाजपा ने भी उनमें सेंध लगा ली। इस कारण बहुत से दलित, आदिवासी मतदाता कांग्रेस से दूर होते चले गए। उनको फिर से कांग्रेस में लाने के लिए ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रदेश की आरक्षित सीटों पर विशेष फोकस कर रहे हैं। राजस्थान की 59 आरक्षित सीटों के अलावा करीबन दो दर्जन और ऐसी विधानसभा सीटें हैं जहां हार जीत का फैसला दलित, आदिवासी मतदाताओं के हाथ में रहता है। जिस तरफ इन मतदाताओं का झुकाव हो जाता है। उनकी जीत निश्चित मानी जाती है।



रमेश सर्राफ धमोरा
साहित्यकार

चुनावी आंकड़ों को देखें तो 2018 के विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित 34 सीटों में से कांग्रेस 19 सीटों पर व भाजपा 12 सीटों पर तथा अन्य 3 सीट पर जीते थे। चुनाव के बाद सरकार बनाते समय 3 सीटों पर जीते अन्य राजनीतिक दलों व निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी कांग्रेस को समर्थन कर दिया था। इस तरह कांग्रेस के पक्ष में अनुसूचित जाति की 22 सीटें हो गई थी। जबकि भाजपा के पास 12 सीटें ही रह गई थी। इसी तरह अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित 25 सीटों में से कांग्रेस को 12 सीटें व भाजपा को 9 सीटें मिली थी। वही 4 सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशी विजय हुए थे। जिन्होंने बाद में कांग्रेस को समर्थन दे दिया था।

इस तरह 2018 के विधानसभा चुनाव में 59 आरक्षित सीटों में से कांग्रेस को 38 विधायकों का समर्थन प्राप्त हुआ। जबकि भाजपा को 21 विधायकों का समर्थन मिला। पिछले विधानसभा चुनाव में यदि आरक्षित वर्ग की सीटों पर कांग्रेस को भारी बढ़त नहीं मिलती तो कांग्रेस की सरकार नहीं बन पाती। 2013 के विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जाति की 32 सीटें भाजपा ने जीती थी। जबकि कांग्रेस को एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी। वहीं अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित 25 सीटों में से भाजपा ने 18 व कांग्रेस ने मात्र 4 सीटें जीती थी। उस चुनाव में आरक्षित 59 सीटों में से कांग्रेस को मात्र 4 सीटें ही मिली थी। जबकि भाजपा को 50 सीटें व अन्य को 5 सीटें मिली थी। मात्र 4 सीटों पर ही सिमट जाने के कारण कांग्रेस 2013 में 200 में से 21 सीटें ही जीत पाई थी और 50 आरक्षित सीटें जीतने वाली भाजपा ने बंपर बहुमत से सरकार बना ली थी। 2008 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अनुसूचित जाति की 18 अनुसूचित जनजाति की 16 सीटें यानी कुल 34 सीटों पर जीत हासिल की थी। जबकि भाजपा अनुसूचित जाति की 15 व अनुसूचित जनजाति की 2 सीटों पर यानी कुल 17 सीटें ही जीत पाई थी। 2008 के विधानसभा चुनाव में आरक्षित वर्ग की कुल 34 सीटें कांग्रेस व भाजपा मात्र 17 सीटें ही जीत सकी थी।

अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित 25 सीटों में पहले मुख्य मुकाबला कांग्रेस व भाजपा के बीच होता था। मगर पिछले विधानसभा चुनाव में भारतीय ट्राइबल पार्टी के नाम से आदिवासी हकों की मांग को लेकर बनी नई पार्टी ने 11 सीटों पर चुनाव लड़ कर 0.72 प्रतिशत वोट हासिल कर दो सीटें जीत ली थी। इस बार फिर भारतीय ट्राइबल पार्टी आदिवासी भील प्रदेश की मांग तेज कर जोर शोर से चुनाव में उतरने की तैयारी कर रही है। जिससे आदिवासी बेल्ट की करीबन 20 सीटों पर मुकाबला तिकोना होने की संभावना बन रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अगले विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित 59 विधानसभा सीटों में से 50 सीटें जीतने का लक्ष्य निर्धारित कर उसी पर काम कर रहे हैं। गहलोत को पता है कि उनके तीन बार मुख्यमंत्री बनने में आरक्षित सीटों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। इसीलिए फिर उनका पूरा जोर आरक्षित सीटों पर लगा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी आरक्षित सीटों पर अपनी पार्टी की पकड़ को मजबूत करने के लिए इस क्षेत्र का लगातार दौरा कर रहे हैं। उनको पता है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के साथ के बिना प्रदेश में कोई भी दल सरकार नहीं बना सकता है।

मुख्यमंत्री गहलोत प्रदेश में अगली बार फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने की दिशा में पूरी ताकत से जुड़े हुए हैं। इसके लिए उन्होंने अभी से सभी विधानसभा सीटों पर फीडबैक जुटाना प्रारंभ कर दिया है। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि कांग्रेस पार्टी भी इस बार कमजोर परफारमेंस वाले बहुत से विधायकों के टिकट काटकर उनके स्थान पर नए लोगों को मौका देगी। ताकि सत्ता विरोधी माहौल को समाप्त किया जा सके।

आरक्षित सीटों पर भी कांग्रेस के कई विधायकों की रिपोर्ट खराब मिल रही है। ऐसे में पार्टी करीबन दो दर्जन आरक्षित सीटों पर नए चेहरों को मौका दे सकती है। आदिवासी वोट बैंक को साधने के लिए ही मुख्यमंत्री गहलोत ने आदिवासी आबादी बहुल उदयपुर जिले के सलूंबर को नया जिला व बांसवाड़ा को नया संभाग मुख्यालय बनाये जाने कि घोषणा की है। ताकि भारतीय ट्राइबल पार्टी के बढ़ते प्रभाव को कम किया जा सके।

पिछली 24 अप्रैल से प्रदेश में चल रहे महंगाई राहत कैंपों के माध्यम से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रदेश में आमजन तक अपनी सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचा रहे हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भरोसा है कि उन्होंने अपने बजट में आमजन के लिए जिन योजनाओं की घोषणा की थी वह अब धरातल पर उतरने लगी है।

# अटूट श्रद्धा -विश्वास और समर्पण

**अब गतांक से आगे .. .. ..**

इस दुस्साहसी कार्य देखने के लिए इक्कठे हो गये थे । इन दोस्तों के अलावा पूरा गाँव सो रहा था । किसी को कुछ भी पता नहीं की क्या हो रहा हैं ।बहादुर कम्बल ओढ़कर आया और तुरन्त किल और हथोड़ी लेकर बंगले की ओर चल दिया । हालाँकि खुद मन ही मन डर रहा था । किन्तु सब पर रौब जमाने की खातिर आखिर यह जोखिम उठा ही लिया । कुछ दोस्तों ने मना किया कि यार मत जा सच में कोई भूत -चुड़ेल हुई तो तुझे वही पकड़ लेगीतो बहादुर बोला -आज तुम सब लोगों के मन से ये भुत का भ्रम मिटा कर रहूँगा। और तेजी से भुत बंगले की और चल दिया । हवाएं सांय -सांय कर रही थी । सारे जंगली जानवर सो चुके थे । बहादुर के बंगले में आने की आहट को सुनकर वहाँ सो रहे पंछियों के भागने से बहादुर अचानक चौंक गया । फिर उसने डरते हुये बंगले में अन्दर



प्रवेश किया । अब बहादुर को काली -अंधियारी निशा के सन्नाटे कुछ ज्यादा ही व्याकुल कर रहे थे ।

उसकी हृदय की धडकने तेज हो चुकी थी । इतनी सर्दी में भी उसके शरीर से पसीना छुट रहा था । अब तो बस किसी तरह हिम्मत जुटाकर ये काम खत्म करके वहाँ से भागने का इरादा था । सो वो अपने कार्य को अंजाम देनें के लिए वह नीचे बैठा और डरते हुये किल को ठोकने लगा । लेकिन दुर्भाग्य ! की अँधेरे में कुछ दिखा नही, और किल जमीन पर पड़े उसके कम्बल को पार करते हुये जमीन में ठुक गई ।अब जैसे ही वह उठ कर चला । उसे लगा कि पीछे से उसे किसी ने पकड़ लिया हैं । ये सोचना ही था कि उसके होश उड़ गये । यह होती हैं श्रद्धा की ताकत । जब तक बहादुर को विश्वास नहीं था कि भुत होते हैं । वह सामान्य डरा हुआ था । किन्तु जैसे ही यह बात उसके दिल में बैठ गई कि मुझे भुत ने पकड़ लिया हैंतो उसके प्राण पखेरू उड़ गये । जबकि वहाँ ना कोई भुत था, ना ही प्रेत । इस तरह हम अपने डर पर श्रृद्धा और विश्वास करके अपना ही नुकसान और दुरुपयोग कर सकते हैं । या फिर किसी दैवीय शक्ति, मन्त्र या साधना पर श्रृद्धा और अगर आप किसी दैवीय शक्ति से सहायता पाना चाहते हो, लाभ उठाना चाहते हो तो पहले अपने अंत:करण में श्रृद्धा का बीज बोइये । और उसे निरन्तर सींचते रहिये तभी आपको वह लाभ होगा जो उस साधना के महात्म्य में बताया गया हैं । जैसा हमारे शास्त्रों में बताया गया हैं। .. ..**समाप्त।**

नजरिया

# भारतीय रेल की बढ़ती कमाई का एक पहलू यह भी



निर्मल रानी
स्तंभकार

प्रतिदिन सबसे अधिक रेल यात्रियों को सफर कराने के लिहाज से भारतीय रेल दुनिया के पहले व माल ढुलाई के हिसाब से दुनिया के पांच सबसे बड़े रेल नेटवर्क में चौथे नंबर पर है। भारतीय रेल अपने लगभग 65,000 किलोमीटर से भी लंबे रेल नेटवर्क पर इस समय लगभग 12200, यात्री ट्रेनें संचालित करता है। औसतन 2030 मेल एक्सप्रेस ट्रेंस यात्रियों को उनके गंतव्य तक प्रतिदिन पहुंचती हैं। इस समय देश में लगभग 8,300 रेलवे स्टेशन हैं। एक अनुमान के मुताबिक भारतीय रेल से प्रतिदिनलगभग दो करोड़ तीस लाख यात्री सफर करते हैं हालांकि कोविड-19 के बाद यह संख्या थोड़ी कम भी हुई है। गौर तलब है कि भारतीय रेल ने वर्ष 2050 तक की यातायात आवश्यकताओं को पूरा करने व 2030 तक बुनियादी ढांचे को विकसित करने की गरज से राष्ट्रीय रेल योजना (ठफ्ढ) 2030 तैयार की है। इससे रेलवे की आय में और अधिक वृद्धि हो सकेगी। इसके अलावा रेलवे स्टेशंस के विकास व आधुनिकीकरण पर भी काम किया जा रहा है। नई रेल लाइंस बिछाई जा रही हैं। देश के जिन अनेक क्षेत्रों से अब तक रेल सम्पर्क स्थापित नहीं हो सका था उन्हें भी रेल के माध्यम से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

**भारतीय रेल की अब तक की सबसे तेज चलने वाली ट्रेन वंदे भारत ट्रेंस परिचालित की जा रही हैं। जिनकी अधिकतम गति 160 किलोमीटर प्रति घंटे की है।**

भारतीय रेल की अब तक की सबसे तेज चलने वाली ट्रेन वंदे भारत ट्रेंस परिचालित की जा रही हैं। जिनकी अधिकतम गति 160 किलोमीटर प्रति घंटे की है। इसे शताब्दी व राजधानी जैसी अब तक की सबसे तेज गति वाली ट्रेंस के विकल्प के तौर पर माना जा रहा है। इसके अतिरिक्त रेलवे विद्युतीकरण, लोकोमोटिव और ट्रेनों की ऊर्जा दक्षता में सुधार के साथ स्थाई उपकरणों और प्रतिष्ठानों व रेल स्टेशंस के लिए हरित प्रमाणन प्राप्त करने, डिब्बों में जैव शौचालय बनाए जाने तथा अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नवीकरणीय स्त्रोतों पर निर्भरता तथा शून्य कार्बन उत्सर्जन को प्राप्त करना आदि के क्षेत्र में भी भारतीय रेल तेज गति से काम कर रहा है।

जाहिर है रेल के विकास व आधुनिकीकरण पर हो रहे भारी भरकम खर्च के बीच भारतीय रेल द्वारा राजस्व की कमाई का कीर्तिमान स्थापित करने का समाचार भी काफी सुखद है। रेल विभाग के अनुसार 2022 -23 में उसने अपनी आय में कीर्तिमान स्थापित करते हुये 2.40 लाख करोड़ रुपए की कमाई यात्रियों के किराये व माल भाड़े की ढुलाई के माध्यम से की। रेलवे की इस वर्ष की गयी 49000 करोड़ की कमाई से रेल रेवेन्यू में लगभग 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गयी। कोरोना काल के बाद रेल कमाई में रेवेन्यू की यह अप्रत्याशित बढ़ोतरी बताई जा रही है। इस कीर्तमान स्थापित करने वाली कमाई में केवल रेल पैसेंजर के किराये से ही 61 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई जिसके कारण कुल आय 63,300 करोड़ तक पहुँच सकी। जबकि माल भाड़े की ढुलाई से 1. 62 लाख करोड़ रुपए कमाये गये जोकि कुल बढ़ोतरी का केवल 15 प्रतिशत है। 2021-22 में यात्री किराये से होने वाली जो आय 39,214 करोड़ थी वह 22 -23 में बढ़कर 63,300 करोड़ तक पहुंच गयी। अर्थात 61 प्रतिशत तक बढ़ी। रेलवे ने इस बढ़ती आय को रेलवे की बढ़ती लोकप्रियता के रूप में भी परिभाषित किया है। बढ़ती जनसँख्या के अनुसार रेल यात्रियों की दिनोंदिन होती बढ़ोतरी तथा बेरोजगारी के वर्तमान दौर में युवाओं का रोजगार के लिये इधर उधर निरंतर आते जाते रहना रेल यात्रियों की बढ़ती संख्या व रेल आय में बढ़ोतरी का एक कारण तो है ही।

जानकारी

# भारत का स्कॉटलैंड?



70 फीट की ऊंचाई से नीचे की ओर स्थित, एबी फॉल्स वाकई में देखने लायक जगह है। अंग्रेजों के शासन के दौरान, इस जगह को जेसी फॉल्स कहा जाता था, इस क्षेत्र के पहले ब्रिटिश पादरी ने अपनी बेटी की याद में इस जगह का नाम रखा था। उनकी तरह, आप भी हरे-भरे कॉफी और मसालों के बागानों के बीच झरने को देख मंत्रमुग्ध हो जाएंगे। इस जगह को देखने का सबसे अच्छा समय सर्दियों का महीना है। यहां जाने की एंट्री फीस 15 रुपए है और समय सुबह 9 बजे से 5 बजे के बीच है।

**मंडलपट्टी व्यूपॉइंट**

कुर्ग के लिए एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन दोनों ही सुविधा मिल जाएंगी। अगर आप फ्लाइट से कुर्ग जा रहे हैं तो नजदीकी एयरपोर्ट मैंगलोर इंटरनेशनल एयरपोर्ट है, जहां से कुर्ग की दूरी 137 किलोमीटर है। वहीं ट्रेन से कुर्ग जाने के लिए सबसे नजदीकी रेलने स्टेशन मैसूर जंक्शन है। मैसूर जंक्शन से कुर्ग की दूरी 117 किलोमीटर है। एयरपोर्ट या रेलवे स्टेशन से आप बस, निजी टैक्सी ले सकते हैं।

# Google Pixel 7a लॉन्च से पहले यहां हुआ लिस्ट

**नई दिल्ली:** Google कथित तौर पर Google Pixel 7a को 10 मई को Google I/O कॉन्फ्रेंस में पेश करेगा। Pixel 7a से संबंधित कई लीक्स अब तक सामने आ चुकी हैं। वहीं यह फोन अमेरिकी रिटेलर द्वारा लिस्टेड भी हो चुका है। इसके अलावा गूगल पिक्सल 7ए स्मार्टफोन यूएस मार्केटप्लेस प्लेटफॉर्म स्वप्पा पर नजर आया था। यहां हम आपको Google Pixel 7a समेत अन्य डिवाइसेज के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।




**Pixel 7a की कीमत**

कीमत की बात की जाए तो Pixel 7 की कीमत $459 से $499 (लगभग 37,644 से 40,913 रुपये ) है। पहले से ही Pixel 7a पर कई ऑफर दिए जा चुके हैं। कलर ऑप्शन की बात करें तो Google Pixel 7a व्हाइट, ब्लू और ग्रे कलर ऑप्शन में उपलब्ध था।

Pixel 7a के स्पेसिफिकेशंस

सभी लिस्टेड यूनिट कैरियर अनलॉक थीं। Pixel 7 यूनिट का RAM/ स्टोरेज कॉन्फिगरेशन 8GB RAM/128GB था। Swappa लिस्टिंग की फोटो से Pixel 7a के कुछ अन्य स्पेसिफिकेशंस नजर आ रहे हैं। फोटो के अनुसार, फोन में यूएसबी-सी केबल, यूएसबी-सी से यूएसबी-ए डोंगल और फोन के डॉक्यूमेंट्स/वारंटी की जानकारी नजर आई है।

Google I/O ¸fZa Pixel 7 मिड-रेंज स्मार्टफोन की पूरी जानकारी प्रदान की जाएगी। कॉन्फ्रेंस में इसके अलावा कई अन्य पेशकश और ऑफर्स मिलने की उम्मीद है। एनुअल Google डेवलपर कॉन्फ्रेंस, Google का साल का सबसे बड़ा इवेंट है। इस दौरान कम से कम दो स्मार्टफोन Pixel 7a और Pixel Fold को पेश किया जाएगा। ये स्मार्टफोन Android 14 ऑपरेटिंग सिस्टम पर काम करेंगे। Google Pixe' टैबलेट और अन्य डिवाइसेज के बारे में भी जानकारी करेगा।

साइबर दुनिया

## टॉप ट्वीट

"भाजपा लोगों को क्या बताएगी? पिछले चार साल में उन्होंने क्या विकास किया है? लोगों को मिलने वाला सात किलो से चावल चार किलो से नीचे चला गया है। भाजपा की पिछले चार साल में शून्य उपलब्धि रही हैं। भाजपा धनबल के माध्यम से चुनाव और सत्ता जीतना चाहते हैं।"

सिद्धारमैया
कांग्रेस नेता





"मुझे वाकई में एक अच्छा पिलाटेस सेशन काफी पसंद है। वर्क आउट के लिए जाह्नवी ऑरेंज क्रॉप-टॉप और शॉर्ट्स पहने हैं। उन्होंने अपने बालों में बन बनाया है। पिलाटेस सेशन के दौरान जाह्नवी ने करीब 15 अलग-अलग तरह की एक्सरसाइज की। इस दौरान जाह्नवी ने स्ट्रेचिंग के अलावा डम्बबेल्स लेकर भी वर्कआउट किया।जाह्नवी के इस वीडियो पर फैंस उनकी तारीफ कर रहे हैं।"

जाह्नवी कपूर
बॉलिवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

## इमरान खान की गिरफ़्तारी के बाद बवाल

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किए गए। पाक रेंजर्स उनको धक्के मार कर ले गए ।इमरान की गिरफ्तारी के बाद पीटीआई समर्थकों ने आगजनी,तोडफोड़ और हिंसा से पाकिस्तान में खौफ है ।पाक में 144 की धारा लगाई गई है ।पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पुलिस को हर बार चकमा देते आए है ।पूर्व में इमरान को गिरफ़्तार करने हेलीकॉप्टर से पहुंची पुलिस के पहले इमरान घर से निकल गए ।महिला जज को धमकाने के खिलाफ केस दर्ज थ ।लेकिन इमरान खान ने पुलिस की आंख में धूल झोंक दी थी ।इमरान खान को दूसरी बार धरपकड़ करने पहुंची पुलिस के साथ धक्का मुक्की की गई ।पुलिस ने उनके समर्थकों पर लाठी चार्ज भी किया ।पुलिस और रेंजर्स की टीम उनको गिरफ्तार करने पहुची तब उन्होंने उनकी जान को खतरा बताया था ।कई बार इमरान खान पुलिस के साथ आंख मिचौनी करते आ रहे है ।लेकिन इस बार कुदरत को उनकी चाल मंजूर नही थी ।जैसे ही कोर्ट में पहुंचे और रेंजर्स के गिरफ्त में आ गए ।हर बार बारबार भाग्य किसी का साथ नही देता है ।इमरान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान में हिंसा का नग्न नाच हो रहा है ।आगजनी और तोड़फोड़ से पाकिस्तान की हालात खराब हो गए है ।पहले से पाकिस्तान आर्थिक संकट से जूझ रहा है ।इमरान और उनकी पत्नी के नाम भ्रष्टाचार का आरोप है ।इमरान खान नया पाकिस्तान बनाने वाले थे,लेकिन अब पाक जल रहा है ।इमरान की गिरफ्तारी के विरोध में आगजनी और तोड़फोड़ हुई है ।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### यज्ञ को लेकर बैठक आयोजित

पीरटांड: प्रखंड के खुखरा थाना क्षेत्र के खुखरा नव निर्मित हनुमान मंदिर परिसर में हनुमान मंदिर प्रतिष्ठा को लेकर बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता सहदेव साव ने की। बैठक के दौरान खुखरा पंचायत समेत आस-पास के दर्जनों धर्मप्रेमी शामिल हुए। बजरंगबली की जयघोष के साथ बैठक आरंभ कि गई इस दौरान हनुमान मंदिर प्रतिष्ठा पर चर्चा की गई।

## सिटी अपडेट्स >>

### खदान मालिक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

पाकुड़ : जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र के मनसिंघपुर में बीते सोमवार को अहले सुबह एक पत्थर खदान में अचानक हुए विस्फोट में दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। खदानों में विष्फोट करना और उसके द्वारा उत्पादन एक सामान्य सी बात है। लेकिन इसमें सबसे पहले नियमों के अनुसार विस्फोटक अनुज्ञप्ति प्राप्त कर निर्गत मात्रा के अनुरूप मैगजीन हाउस बनाकर उसमें विस्फोटक स्टोर करने का प्रावधान है। बताया जाता है कि उक्त खदान में कोई भी मैगजीन हाउस नहीं है। ऐसे में विस्फोटक अनुज्ञप्ति मिलने पर भी संदेह पैदा होता है। इनसब के बावजूद कुछ मीडिया में बात सामने आई कि ड्रिलिंग के समय मजदूरों के गिरने से घायल हुए है।

### उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ

पाकुड़ : राज्य सरकार ने शैक्षणिक क्षेत्र में छात्र-छात्राओं के वेहतर भविष्य के लिए कई अच्छे कार्य किए हैं उनमें से एक अति विशिष्ट और शैक्षणिक कार्य हैं 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का संपूर्ण झारखंड में प्रारंभ करना। जिसकी गतिविधि प्रारंभ कर दी गई है। उत्कृष्ट विद्यालय जिला मुख्यालय पाकुड़ में तीन स्थानों में खोले जाने का चयन किया गया है ।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### दिनदहाड़े मोटरसाइकिल की डिक्की से 180000 चोर उड़ा ले गए

बड़कागांव : बड़कागांव थाना क्षेत्र में अपराधियों के द्वारा दिनदहाड़े अंधाधुंध गोलियां या बीच बाजार मोटरसाइकिल के डिक्की से रुपैया चुरा लेना थम नहीं रहा है। के मुख्य बाजार के सामने से आज दिनदहाड़े लगभग बुधवार को 12 बजे मोटरसाइकिल की डिक्की से 180000 चोर उड़ा ले गए। बताते बताते चलें कि मोहम्मद नेजामुद्दीन पिता मोहम्मद वसुउद्दीन ग्राम डाडी कला का निवासी है जो आज स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से अपनी निजी कार्य को लेकर 180000 निकाल कर घर ले जा रहा था। इसी बीच बड़कागांव मुख्य बाजार के ग्रामीण बैंक के सामने अपने बच्चों के लिए मिठाई खरीदने के लिए गाड़ी खड़ा कर मिठाई दुकान में गया और वापस आया तो डीक्की खुला हुआ था। और डिक्की में रखे 180000 गायब थे। भुक्तभोगी उन्हें काफी हो हंगामा किया। बुधवार को प्रशासन के द्वारा वही डिक्की से पैसे चोरी कर ले जाते चोर का वीडियो रिमझिम वस्त्रालय के कैमरे में कैद हो गया है। कैमरे में साफ दिख रहा है कि एक व्यक्ति जो झोला लेकर डिक्की के पास गया और डिक्की खोल कर पैसा ले भागा।

### तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज का निर्णय

तेनुघाट : तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय अनिल कुमार ने दहेज हत्या एवं हत्या के मामले में बेरमो थाना अंतर्गत घुटियाटांड करगली कॉलोनी निवासी रितेश कुमार ठाकुर, पारस ठाकुर, इंदु देवी एवं राहुल ठाकुर को दोषी पाया । मालूम हो कि बिहार के औरंगाबाद जिला के रिसियप थाना अंतर्गत सनथुआ निवासी अनिल कुमार प्रभाकर ने 25 जनवरी 2019 को बेरमो थाना प्रभारी के समक्ष बयान दर्ज कराया ।

**विमर्श** पर्यावरण संरक्षण एवं भारतीय संस्कृति से संबंधित विचार विमर्श किया गया

# मनुष्य को भौतिक सुख सुविधा बढ़ाने की अदम्य लालसा है : मनोज



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग विश्व पर्यावरण 2023 एवं पर्यावरण के लिए जीवन पर विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के संबंध में यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज यूनिट एनएसस यूनिट पाँच के तरफ से आज पर्यावरण संरक्षण एवं भारतीय संस्कृति से संबंधित विचार विमर्श किया गया।मंच का संचालन सुश्रि अनुराधा सिंह ने विश्व पर्यावरण पर कुछ दिशा देकर सभा को शुभारंभ किया। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर लक्ष्मी सिंह ने विषय प्रवेश कराया।लक्ष्मी सिंह ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस 2023 के संदर्भ में मिशन लाइफ का भारत सरकार के द्वारा निर्देशित किया गया था। समस्त महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के एनसीसी यूनिट को पालन करते हुए जागरूक करना होगा। वही हजारीबाग सिविल कोर्ट के जाने-माने नालसा पैनल के अधिवक्ता भैया मुकेश कुमार ने आईने दृष्टि से सभी वाइल्ड लाईफ एक्ट प्रोटेक्शन पर विचार रखा।साथ साथ छात्र छात्राओं को समाज में किस तरह से जीवन से संबंधित दिशा-निर्देश दिया गया।वही लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ जयदीप संयाल ने रियो सम्मेलन 1992 जैव विविधता के संबंधित अपनी बातो को रखा वही मुख्य वक्ता डॉ मनोज कुमार राजकीय प्रशिक्षण शिक्षक महाविद्यालय के शिक्षक एवं विशिष्ट पर्यावरणविद ने अपने विचारों को रखते हुए कहा कि मानव समाज के अस्तित्व के संकट पृथ्वी पर बड़ा परिस्थिति को देखते हुए असंतुलन पर्यावरण समस्या के साथ ही मनुष्य की भौतिक सुख सुविधा को बढ़ाने के अदम्य लालसा है जिसका कारण आज का पर्यावरण दूषित होते जा रहे हैं।वही मनोज कुमार ने हजारीबाग के सभी वासियों से अनुरोध किया कि पीपल वृक्ष लगाना बहुत जरूरी है क्योंकि इसमें ऑक्सीजन मिलता है साथ ही साथ इस वृक्ष से संबंधित जीव जंतु को आश्रित भी मिलता है कई जगहों पर उपहार देने पेड़ पौधे का प्रचलन करने को कहा इसके साथ ही साथ उनका सारा अनुभव छात्र-छात्राओं के सामने अपना सुझाव दिया जो आगामी महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।धन्यवाद ज्ञापन डॉ उर्मिला कुमारी ने किया छात्रों के तरफ से सुश्री साक्षी ने डॉक्टर मनोज कुमार को पौधा भेंट किया।

## न्यूज फटाफट

### मुक्तामा छबेलवा के आसपास में दो बाइक में जबरदस्त टक्कर,दो गम्भीर



**इचाक** : इचाक क्षेत्र के इचाक बरकट्ठा रोड पर मोकतमा गांव के छबेलवा में दो मोटरसाइकिल में आमने सामने से जबरदस्त टक्कर हो गई। जिससे बाइक में सवार दो व्यक्ति गम्भीर रुप से घायल हो गए। घटना बुधवार को सुबह आठ बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार बरकट्ठा से एक मोटरसाइकिल (जेएच 02बीएच 3513) हजारीबाग की ओर जा रही थी और दुसरी ओर हजारीबाग की ओर से एक तेज रफ्तार पल्सर बाइक (जेएच 02बीजे 8423) बरकट्ठा की ओर जा रही थी। मोकतमा के छबेलवा के पास दोनो मोटरसाइकिल की आमने सामने टक्कर हो गई। दुघर्टना में दोनो बाइक क्षतिग्रस्त हो गए वहीं बाइक सवार थाना क्षेत्र के बभनी टोला बांका निवासी जितेन्द्र कुमार (30) पिता देवकी महतो और वजीर महतो (55) पिता स्व. पोखन महतो गम्भीर रुप से घायल हो गए। वहीं पल्सर चला रहे हजारीबाग निवासी मुजाहिर को भी चोट लगी। घटना के बाद आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। तत्काल पुलिस को सुचना दी गई। फिर ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए निजी वाहन से घायलों को सदर अस्पताल हजारीबाग भेजवाया। जहां डॉक्टरों ने वजीर महतो को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया। मौके पर पुलिस और एंबुलेंस के नहीं पहुंचने से ग्रामीणों में गुस्सा देखा गया।

ऋत्विक कंपनी में स्थानीय नवयुवक को नौकरी दिलाने के नाम पर

# मुंह मांगा रकम लेकर नौकरी में रखने का चल रहा है खेला

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग एनटीपीसी के अधीनस्थ कंपनी ऋत्विक के पदाधिकारी शरत बाबू की गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद जहां एक ओर क्षेत्र में दहशत का माहौल है वहीं दूसरी ओर कई तरह के सवाल खड़े हुए हैं । जिसका जवाब सीधे तौर पर किसी भी के पास नहीं है। चाहे वह आम जनता हो या कंपनी के अधिकारी या फिर पुलिस प्रशासन। सूत्रों के हवाले मिली जानकारी के अनुसार ऋत्विक कंपनी के अधिकारी शरद कुमार ही नहीं बल्कि कंपनी के अधिकारियों की रेकी महीनों से चल रही थी। जिसको लेकर कई महीने पहले थ्रीटनिंग भी दी जा चुकी थी ।और बताया गया था। कि अगर लेवी की राशि तय नहीं की गई तो अंजाम बहुत बुरा होगा। जिसको लेकर कंपनी के द्वारा एहतियात बरतते हुए उच्च अधिकारियों को बुलेटप्रूफ गाड़ी के साथ साथ बॉडीगार्ड मुहैया कराया गया था ।और सावधानीपूर्वक कार्य करने का निर्देश दिया गया साथ ही साथ चेतावनी देने वाले गिरोह से मिलकर समाधान ढूंढने की भी कोशिश की गई लेकिन चेतावनी देने वाले गिरोह एक नहीं बल्कि दर्जनों थे। इसलिए बात नहीं बन पाई। सूत्र के अनुसार मिली जानकारी से किसी के द्वारा उक्त अधिकारी की गोली मारकर हत्या की गई जो पीएलएफआई का सदस्य है। हालांकि अभी इसकी पुष्टि किसी भी ने नहीं की है। वहीं पुलिस के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार हत्या में शामिल अपराधी जल्द ही पकड़े जाएंगे जिनकी निशानदेही हो चुकी है। जिसको लेकर त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

सूत्रों से यह भी पता चला कि चौकाने वाली बात यह है कि जिस पदाधिकारी की हत्या गोली मारकर की गई उसे मारने का प्लान नहीं था। बल्कि किसी और पदाधिकारी जो कंपनी के उच्च पद पर आसीन हैं मारने का प्लान था लेकिन सिर्फ गाड़ी के नंबर को देखकर गोली चलाई गई और शरद बाबू की हत्या हो गई। सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि ऋत्विक कंपनी स्थानीय नवयुवक को रोजगार के लिए आनाकानी करते थे, रुपया का लेन देन जोरों पर था। इसकी ग्रामीणों के द्वारा कई बार भी हस्तक्षेप किया गया था।

स्थानीय युवक को द्वारा मुंह मांगा रकम लेकर नौकरी में रखा जा रहा है। इनकी शिकायत ग्रामीणों ने कई बार उच्च वरीय पदाधिकारी से भी किया था। वरीय पदाधिकारी भी ग्रामीण की बात पर कोई अमल नहीं किया गया था।

# किशोर अपहरण में प्रयुक्त स्कॉर्पियो के मालिक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



राष्ट्रीय खबर

**साहिबगंज**: बीते 7 मई को शहर के समला पुर मोहल्ले से अपहृत हुए किशोर मामले में पुलिस ने अपहरण में प्रयुक्त हुए वाहन स्कॉर्पियो के मालिक को दबोचने जिले में सफलता प्राप्त की है। साहिबगंज के सदर एसडीपीओ राजेंद्र दुबे ने बुधवार को अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि बीते 7 मई को जिरवा बाड़ी ओपी क्षेत्र अंतर्गत आजाद नगर समलापुर निवासी लाल बहादुर यादव का 12 वर्षीय नाबालिग पुत्र भावेश कुमार की अज्ञात अपराधियों ने फिरौती के लिए अपहरण कर लिया था। जिसकी लिखित शिकायत पीड़ित लाल बाबू यादव ने कि थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपहृत भावेश की सकुशल बरामदगी और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई थी। पुलिस टीम ने घटना के 24 घंटे के भीतर अपहिद भावेश की सकुशल बरामदगी करते हुएमामले में शामिल अपराधियों गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चला रही थी। इसी पुलिस ने मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अपहरण की घटना में प्रयुक्त किए गए स्कॉर्पियो( बी आर 05 पीए - 4671) वाहन के मालिक सह चालक बिहार के पीरपैंती थाना क्षेत्र अंतर्गत तड़वा गांव निवासी बृजेश कुमार (27) को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त किए गए स्कॉर्पियो वाहन को भी जब कर लिया। एसडीपीओ ने बताया कि पूछताछ में गिरफ्तार प्रदेश में मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

# फैशन शो प्रतियोगिता में दिखी अनेकता में एकता की झलक



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित विश्वविद्यालय के मुख्य कैंपस परिसर में स्थापना दिवस को लेकर बीते 4 मई से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रतियोगिता के छठे दिन फैशन शो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति से जुड़े परिधान के साथ साथ आधुनिक परिधान पहने प्रतिभागी, प्रतियोगिता में शामिल हुए। इस दौरान देश की अनेकता में एकता का एहसास बखुबी किया जा सकता था। यह प्रतियोगिता बिनिता सिंह की अगुवाई और माधवी मेहता, उमा कुमारी, पूजा सिंह, प्रिया कुमारी, पंकज प्रज्ञा व डॉ स्वाति भार्गव की देखरेख में संपन्न कराई गई। वहीं बतौर जज विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, डॉ रोजीकांत व एसएनके उपाध्याय ने प्रतिभागियों के वेशभूषा, प्रस्तुति व सामान्य ज्ञान की जानकारी के आधार पर अंक दिए। इस मौके पर कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न राज्यों के परिधान पहने थे, जो दशार्ता है कि हम एक ही गुलदस्ते के अलग अलग पुष्प हैं।

कुम्हारटोली स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में

# डेंटल कॉलेज द्वारा निःशुल्क दंत जांच शिविर का हुआ आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** :हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल द्वारा कुम्हारटोली स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में दो दिवसीय निशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। निशुल्क दंत जांच शिविर में विद्यालय में पढ़ने वाले कक्षा तृतीय से लेकर अष्टम कक्षा के छात्र-छात्राएं ने अपनी दांतों की जांच कराई। शिविर में कुल 1200 छात्र-छात्राएं ने लाभ लिया एवं दांतों की संबंधित चिकित्सकों द्वारा निशुल्क परामर्श भी प्राप्त किया। शिविर का नेतृत्व बाल चिकित्सा और निवारक दंत चिकित्सा विभाग की डॉ. स्वाति सिंह, डॉ. करिश्मा गौतम एवं डॉ. सीमा कमर ने किया। इस दौरान चिकित्सकों ने मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया। चिकित्सकों की टीम द्वारा शिविर में मुंह एवं दांत में होने वाली बिमारियों एवं इसके रोकथाम के बारे में विस्तार से बताया गया। दांतों की देखभाल के लिए विशेष रूप से जानकारी दी गई। उक्त अवसर पर विद्यालय की प्रबंधकीय टीम ने निशुल्क बुनियादी उपचार के प्रति डेंटल कॉलेज का आभार जताया। डेंटल टीम व मेडिकल टीम की सरहाना की। डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने बताया कि मुंह एवं दांत के उचित देखभाल एवं साफ-सफाई से मुंह एवं दांत में होने वाले कई गंभीर बिमारियों से बचा जा सकता है।

### इरफान अंसारी की विधायकी समाप्त होनी चाहिए : किशोरी राणा



**हजारीबाग** : हजारीबाग जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी ने फिल्म के बहाने तोड़फोड़ की धमकी दी है। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष को सोशल मीडिया में जारी उसके वीडियो के आधार पर स्वत: संज्ञान लेकर उसकी विधायकी रद्द करनी चाहिए। यह बात नव झारखंड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने कही है। किशोरी राणा ने कहा है कि अपनी सत्ता का दुरुपयोग करते हुए इरफान अंसारी ने अनेक हिंदू लड़कियों का धर्मांतरण कराया है। इसके अलावा लाखों रुपये की ब्लैक मनी के साथ यह जिहादी कोलकाता में गिरफ्तार हुआ था। एक राष्ट्रद्रोही विधायक इरफान अंसारी के द्वारा केरल स्टोरी नामक फिल्म का विरोध करना यह बतलाता है कि उसके संबंध लव जिहादियों एवं उसके पाकिस्तानी आकाओं से हैं। वह समाज के सामने सच्चाई नहीं आने देना चाहता और गजवा -ए- हिंद के लिए काम कर रहा है। नव फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने चेतावनी दी है । कि अगर इरफान अंसारी और उसके गुंडों ने किसी तरह की तोड़फोड़ मचायी तो उसका मुंहतोड़ जबाब दिया जाएगा।

**आयोजन** विश्व कवि रवींद्र नाथ टैगोर की जयंती पर आयोजित हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने बिखेरे अपने जलवे



राष्ट्रीय खबर

**साहिबगंज**: विश्व कवि रवींद्र नाथ टैगोर की जयंती पर मंगलवार की देर शाम रेलवे स्टेशन परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम, दीप उत्सव और पुरुष्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें सभी जाति, धर्म व संप्रदाय के भाषा-भाषी लोगों ने समरसता का संदेश दिया। डीडीसी प्रभात कुमार व अन्य अतिथियों ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच के सचिव हिमांशु शेखर गुहा ने स्वागत भाषण के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस अवसर पर रवींद्र संगीत, पुरस्कार वितरण एवं कविता पाठ किया गया। जिसमें कवियों ने रवींद्र नाथ टैगोर की कविता का पाठ कर वर्तमन माहोल भारत की स्थिति पर कटाक्ष किया। कविता पाठ सुधीर श्रीवास्तव, विप्लव राय चौधरी, अमन कुमार होली, पूर्व सीआईटी विजय कुमार ने किया। सुस्पर्शा राय चौधरी ने रवींद्र संगीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। सुप्रसिद्ध गीत एकला चलो रे पर लोगों ने खूब तालियां बजाईं। गायक वादन में राजेश कुमार पंडित, शिक्षक बिप्लब राय चौधरी एवं शशी कुमार सुमन ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीडीसी प्रभात कुमार बरदियार, डीसीएलआर जयवर्धन कुमार, पूर्व वार्ड पार्षद जयप्रकाश सिन्हा, अधिवक्ता जनार्दन प्रसाद सहित बड़ी संख्या में महिला व बांग्ला समाज के लोगों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। डीडीसी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से समाज मे साहित्य, संगीत और समरसता तीनों का समावेश होता है। लोग एक दूसरे की कला व संस्कृति से परिचित होते हैं। साथ-साथ युवाओं को महापुरुषों से प्रेरणा मिलती है, उनका ज्ञानवर्धन होता है। टैगोर विचार मंच के अध्यक्ष डॉ रंजीत कुमार सिंह ने रवींद्र जयन्ती पर पर्यावरण, प्रकृति और जल संरक्षण पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन भगवती पांडे ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मंच के शशि सुमन ने किया व कार्यक्रम की समाप्ति घोषणा टैगोर विचार मंच के अध्यक्ष डॉ.रंजीत कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर चित्रांकन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहें फरहीन, द्वितीय राजनंदिनी एवं तृतीय नितिका कुमारी एवं अंशु कुमार को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जयप्रकाश सिन्हा, प्रेमनाथ पासवान, डॉक्टर देवव्रत, ममता विद्यार्थी इत्यादि उपस्थित थे।

# विभावि नए परिसर में कुलपति ने किया जिम का उद्घाटन



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ मुकुल नारायण देव ने बुधवार को पवेलियन परिसर में निर्मित भवन में जिम का उद्घाटन किया। कुलपति ने बताया कि इस जिम से सभी शिक्षक कर्मचारी और विद्यार्थियों को लाभ मिल सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि स्वस्थ शरीर ही सबसे बड़ा धन है और इसके लिए जिम का उपयोग किया जाना बहुत ही आवश्यक होगा। उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य के साथ-साथ ज्ञान का संवर्धन बहुत ही जरूरी है। नए परिसर में जिम का संचालन किए जाने की तैयारी कई महीनों से चल रही थी। कुलपति ने जानकारी देते हुए कहा कि इसमें लगाए गए सभी उपकरण काफी गुणवत्तापूर्ण हैं। साथ ही साथ कई सामान बैंकों तथा अन्य संस्थानों के सहयोग से मुफ्त में उपलब्ध कराया गया है। डॉ0 राखो हरी ने बताया कि इसके सदस्य बनाए जाने की प्रक्रिया जारी है। तथा शीघ्र ही इसे शुरू किया जाएगा। जिम के संचालन का दायित्व उसके विशेषज्ञ उत्तम कुमार और राजा को सौंपा गया है। मालूम हो कि इस तरह की गुणवत्तापूर्ण जिम प्रदेश के किसी भी विश्वविद्यालय में संचालित नहीं है।

## प्रदेश >> अपडेट

### संताली स्पोकेन कोर्स आज होगा शुरू

**दुमका :** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के संताल अकादमी में संताली स्पोकेन कोर्स का वर्ग 11 मई से प्रारंभ होगी। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ शंभू कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि स्पोकेन कोर्स का वर्ग सप्ताह में तीन दिन होगी। कोर्स का वर्ग संचालन गुरूवार, शुक्रवार एवं शनिवार को आयोजित होगी। वर्ग पूर्व निर्धारित समय साढ़े 8 बजे से साढ़े 9 बजे तक होगी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### ग्रीष्मावकाश को लेकर विवि प्रशासन को शिक्षक संघ ने लिखा पत्र

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय सेवा शिक्षक अध्यक्ष डा विवेकानंद सिंह एवं महासचिव डा कलानंद ठाकुर ने ग्रीष्मावकाश में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा यूजी सेमेस्टर - 5 की परीक्षा 18 मई से 05 जून तक आयोजित किए जाने पर पत्र के माध्यम से गहरी चिंता जाहिर किया। ज्ञातव्य हो कि दिनांक 22 मई से 17 जून के बीच ग्रीष्मावकाश जनवरी में ही घोषित है। इस लंबी छुट्टी में प्राध्यापकों को मेडिकल चेकअप, पूर्व निर्धारित निजी कार्यक्रमों एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यों में जाना रहता है।

### उत्कृष्ठ विद्यालय की अनुशंसा करने पर जताया हर्ष

**पलामू :** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के एनसीपी विधायक पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह के द्वारा हरिहरगंज के सीता +2 उच्च विद्यालय को उत्कृष्ठ विद्यालय के लिए झारखण्ड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव को अनुशंसा करने पर प्रखण्ड के एनसीपी नेताओं सहित कई गणमान्य लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है। प्रसन्नता व्यक्त करने वालों में एनसीपी प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा मो आबिद आदि का नाम शामिल है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### अनावश्यक बैंक खाते होंगे बंद

**दुमका :** सदर प्रखंड में पूर्व से संधारित अनावश्यक बैंक खातों को बंद करने के लिए संबंधित बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ बीडीओ सदर के कार्यालय कक्ष में लीड बैंक मैनेजर, दुमका की उपस्थिति में एक आवश्यक बैठक आहूत हुई। जिसमें एसबीआई, इंडियन बैंक, केनरा बैंक, सेन्ट्रल बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शाखा प्रबंधक उपस्थित हुए। सभी शाखा प्रबंधकों के साथ विचार विमर्श करते हुए दो दिनों के अंदर बैंक खातों को बंद करने का निर्देश दिया गया। विदित हो कि सभी खाते ऐसे हैं जिसमें लेन-देन विगत कई वर्षों से नहीं किया गया है और मार्च 2023 से ही इन सभी बैंक खातों को बंद करने का अनुरोध किया जा चुका है। लीड बैंक मैनेजर प्रवीण कुमार की उपस्थिति में बैंको के शाखा प्रबंधकों ने दो दिनों के अंदर खाता को बंद करने का आश्वासन दिया।

### निजी विद्यालयों का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**दुमका :** एमआर अभियान के तहत पूरे जिले में टीकाकरण का कार्य चल रहा है। सदर प्रखंड अंर्तगत बीडीओर राजेश सिन्हा द्वारा अभियान को लेकर प्राइवेट स्कूलों का निरीक्षण किया गया। बीडीओ ने कहा कि पूर्व के बैठक में प्रथम चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा यह बताया गया कि दो प्राइवेट विधालय द जिनियस पब्लिक स्कूल लखीकुंडी और न्यू चिल्ड्रेन प्रोग्रेसिव स्कूल लखीकुंडी के प्रधानाध्यापकों द्वारा टीकाकरण अभियान में सहयोग नहीं किया जा रहा है। द जिनियस पब्लिक स्कूल लखीकुंडी में 173 और न्यू चिल्ड्रेन प्रोग्रेसिव स्कूल लखीकुंडी में 165 बच्चों का टीकाकरण होना शेष है। बीडीओ एवं प्रथम चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा दोनों विधालयों के प्राचार्य से बात कर एमआर कैम्प के तहत चलाये जा रहे टीकाकरण अभियान में सहयोग करने की बात कही।

---

**ठगी**

### जामताड़ा गैंग के ठगी के कारोबार में दूसरे लोग भी शामिल

# फर्जी कॉल का इस्तेमाल कर करोड़ों रुपये ठगने का आरोपी गिरफ्तार

- अब ऑनलाइन बीमा के नाम पर ठगी
- दिल्ली पुलिस ने जांच में खुलासा किया
- दुगार्पुर में बैठकर काम कर रहा था गैंग

**एस दासगुप्ता**




**कोलकाता:** जामताड़ा गैंग अब नाम रह गया है। इस गैंग से जुड़े लोग अब दूसरे राज्यों तक फैल गये हैं। इस बार बीमा के नाम पर ठगी का नया धंधा प्रकाश में आया है। बाजार संचालित बीमा में आकर्षक लाभों के वादे से बीमा खरीदना जीत जाता है। इसके बाद ठगी का खेल शुरू हो गया। पुलिस ने दावा किया कि बंदी जामताड़ा गिरोह की आड़ में लोगों से रंगदारी वसूलने का धंधा चला रहे थे। दिल्ली पुलिस ने बिहार के बेगूसराय में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। फोन पर अपने बैंक की आधिकारिक पहचान का उपयोग करके एटीएम कार्ड ब्लॉक होने की समस्या के कारण कई लोगों के अपने सारे पैसे लूट लेने की शिकायतें कोई नई नहीं हैं। शुरूआत में ठगी का यह धंधा मुख्य रूप से जामताड़ा इलाके से संचालित होता था। तभी से नाम जामताड़ा गैंग पड़ा। दिल्ली पुलिस ने इस बार काफी हद तक लोगों को बेवकूफ बनाने के धंधे का पदार्फाश किया है। बिहार के बेगूसराय में राजधानी पुलिस की स्पेशल सेल ने की छापेमारी। वहां से छह युवकों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों की पहचान दिनेश कुमार दास, वीरेंद्र कुमार, बबलू मालाकार, रौशन कुमार, पवम कुमार और मिथिलेश कुमार के रूप में हुई है। सभी बेगूसराय के रहने वाले हैं। इस नई किस्म की ठगी का पता दिल्ली में चला। वहां एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज करायी कि बीमा के एवज में उन्होंने पिछले कई वर्षों से दो करोड़ अस्सी लाख रुपये जमा किये हैं। अब उन्हें पता चला है कि उनके नाम पर कोई बीमा ही नहीं है। दिल्ली पुलिस ने इसी शिकायत को आधार बनाकर जांच प्रारंभ की थी।

जामताड़ा गैंग के पश्चिम बंगाल में सक्रिय होने की शिकायत मिली थी। अब पता चला है कि इस गैंग से जुड़े लोगों ने दुगार्पुर में बैठकर ठगी की है। वहां के एक सिम कार्ड से उन्होंने 1 लाख 36 बार कॉल की है। अधिकांश फोन कॉल्स के पीछे घोटालों का रहस्य छिपा होता है। साइबर क्राइम में दुगार्पुर के तीन युवक शामिल थे। बिहार के जामताड़ा गिरोह के मास्टरमाइंड इनके प्रशिक्षण के प्रभारी थे।

ठगी का निशाना दिल्ली था। दिल्ली पुलिस ने दुगार्पुर से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनके नाम दीपांकर अंकुडे, अनिकेश दास और अर्घ्य मजूमदार हैं। गिरफ्तार आरोपी कोकोवेन थाना अंतर्गत बीरभानपुर व डीपीएल अंतर्गत खुदीराम कॉलोनी के रहने वाले हैं। पुलिस ने तीनों युवकों की ऑनलाइन ठगी में चाल देखने के बाद उनके जामताड़ा गिरोह से संबंध होने की पुष्टि की। दिल्ली पुलिस की एक विशेष जांच टीम ने लगभग एक महीने तक जांच करने के बाद मंगलवार को दुगार्पुर से तीन युवकों को गिरफ्तार किया। दोस्त के सिम का इस्तेमाल कर फर्जी कॉल कर करोड़ों रुपये ठगने के आरोप में दुगार्पुर के इन तीनों युवकों को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कार्ड। पुलिस गिरफ्तार को तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली ले गई। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को तीन युवकों को गिरफ्तार करने के बाद बुधवार को दुगार्पुर कोर्ट में पेश किया। सूत्रों के अनुसार अर्घ्य मजूमदार गिरफ्तार दीपंकर अंकुरे व अनिकेश दास से सिम कार्ड लेकर लंबे समय से ठगी का सिलसिला चला रहा था। कथित तौर पर दो सिम कार्डों से लगभग 1 लाख 36 हजार फोन कॉल किए गए थे।

---

## न्यूज फटाफट

### चोरी का हाईवा बरामद, आरोपी को भेजा जेल



**शिकारीपाड़ा :** चोरी का हाईवा बरामद करते हुए शिकारीपाड़ा की पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेजने में सफल रही। गिरफ्तार आरोपी पश्चिम बंगाल के मल्लारपुर थाना क्षेत्र के रतगोड़ा गांव निवासी नयन बनर्जी है। उक्त जानकारी प्रेसवार्ता कर थाना प्रभारी उमेश राम ने दी। उन्होंने बताया कि बीते 3 मई को थाना क्षेत्र के पत्थर औद्योगिक क्षेत्र मंझलाडीह के एक पत्थर खादान के समीप से जेएच 04 एन 9198 नंबर की हाईवा चोरों ने उड़ा ली थी। इस बाबत सरसडंगाल गांव के पत्थर व्यवसायी विनोद कुमार भगत ने हाईवा चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराया था। घटना के बाद पुलिस कप्तान के निदेर्शानुसार एसडीपीओ सदर मो नूर मुस्तफा के नेतृत्व में एक टीम का गठित हुई। गठित टीम हाईवा बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली थी कि पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिला के सैंथिया थाना क्षेत्र के मातपलसा गांव के इमानुल मिर्धा के गैरेज में चोरी हुई हाईवा खड़ी है और उसकी पहचान बदलने के लिए रंग-रोगन का काम करवाया जा रहा है। हाईवा का रंग काला से पीला किया जा रहा है। पुलिस की टीम तत्काल छापेमारी कर उक्त हाईवा को बरामद करते हुए उसके रिसीवर नयन बनर्जी को गिरफ्तार करने में सफल रही। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हाईवा को किन लोगों ने चुराया था और किसके द्वारा चोरी हुई हाईवा शिकारीपाड़ा से सैंथिया पहुंचाया गया। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। थाना प्रभारी उमेश राम ने बताया कि पुलिस हाईवा बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफल रही। बहुत जल्द हाईवा को चोरी करने वाले गिरोह का भी पुलिस खुलासा करने में सफल होगी।

### कस्तूरबा विद्यालय संघ ने विधायक से स्थायी शिक्षक तौर पर वेतनमान भुगतान की मांग



**दुमका :** झारखंड अंशकालिक शिक्षक सह कर्मी संघ कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय संघ ने मंगलवार को कांग्रेस पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव को मांग पत्र सौंपा। जिसमें संघ ने बताया कि 2005 से संचालित संपूर्ण कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में पठन-पाठन सुचारू रूप से किया जा रहा है। प्रारंभ में कक्षा 6 से 8 तक की पढ़ाई होती थी। जिसके लिए सरकार से द्वारा नियुक्ति समिति ने योग्यता और साक्षात्कार के आधार पर संविदा के अंतर्गत पूर्णकालिक शिक्षिकाओं का चयन किया गया। वर्ष 2010 से कस्तुरबा विद्यालय को अपग्रेड करते हुए 9 वीं से 12 वीं तक पठन-पाठन शुरू हुआ। इस शिक्षण कार्य के लिए नियुक्ति समिति द्वारा न्यूनतम योग्यता माध्यमिक स्तर पर स्नातक के साथ बीएड रखी गई। जबकि उच्च माध्यमिक में स्नाकोत्तर के साथ बीएड रखी गई। लेकिन इतना अधिक योग्यताधारी होने के बाद भी अंशकालिक शिक्षक-शिक्षिकाओं का मानदेय एवं पारिश्रमिक 250 रूपया से शुरू किया गया है। जबकी कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक सारा पठन-पाठन अंशकालिक शिक्षक-शिक्षिका द्वारा ही पूरा किया जाता है। कक्षा 6 से 8 के खाली पदों पर अंशकालिक शिक्षक-शिक्षिका द्वारा ही सेवा दिया जा रहा है। पूरे राज्य में अलग-अलग मानदेय दिया जा रहा है। जो सामान्य मजदूर से भी कम है। जिससे परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल होता जा रहा है। संघ ने अंशकालिक शिक्षक-शिक्षकाओं की योग्यता और सेवा को देखते हुए स्थायी शिक्षक के रूप में वेतनमान के अंतर्गत अपग्रेड करने का मांग किया है।

---

## विधायक ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव को लिखा पत्र



**राष्ट्रीय खबर**

**पलामू:** हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने झारखंड राज्य स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव को पत्र लिखकर हुसैनाबाद हरिहरगंज हैदरनगर के चार विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालय का दर्जा देने की अनुसंशा की है। विधायक श्री सिंह ने जिन विद्यालयों को उत्कृष्ट के लिए अनुसंशा की है, उसमे बक्शी उच्च विद्यालय, हुसैनाबाद, सीता प्लस टू उच्च विद्यालय हरिहरगंज, राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय हैदरनगर व राजकीयकृत प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय हुसैनाबाद शामिल है। विधायक श्री सिंह ने कहा कि इसके बाद भी अन्य विद्यालयों को उत्कृष्ठ विद्यालय का दर्जा देने की दिशा में कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध तरीके से सभी प्रखंडों के प्रमुख उच्च विद्यालयों को भी उत्कृष्ट विद्यालय का दर्जा दिलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा पर उनका खास ध्यान है। एक एक कर विद्यालयों की समस्या का निदान किया जा रहा है।

## चलंत लोक अदालत ने लोगों को किया जागरुक



**राष्ट्रीय खबर**

**दुमका:** न्याय आपके द्वार कार्यक्रम के तहत चलन्त लोक अदालत वाहन लोगों को जागरूक करने के लिए मंगलवा को रानेश्वर प्रखंड के रंगेलिया पंचायत पहुंची। जहां मुखिया जिसू बास्की की अध्यक्षता में लीगल एड डिफेंस काउंसिल अंकित कुमार सिंह ने कार्यक्रम की शुभारंभ किया। कार्यक्रम में एलएडीसी श्री सिंह ने डालसा द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता कानून से संबंधित हक और अधिकार सहित लोक अदालत के विशेषताओं एवं नालसा के विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार के सरकारी योजनाओं से वंचित हो तो वैसे व्यक्ति आवेदन दें सकते है। जिसका लाभ दिलाने के लिए संबंधित अधिकारीयों को आवेदन भेजा जायेगा। इसके साथ ही कोई पीड़ित हो तो कानून के प्रति जागरूक होकर कानूनी प्रावधानों के द्वारा जो हक और अधिकार है। उसे अमल करते हुए त्वरित न्याय के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार को आवेदन करें। ऐसे कई बिंदुओं पर विभिन्न पंचायतों एवं गांव से आए हुए लोगों को जागरूक किया गया। लोगों को अधिक जानकारी के लिए लोगों के बीच पंपलेट का वितरण किया गया। मौके पर उप मुखिया देनेगार बीवी, वार्ड कर्मी, पीएलबी उमेश सोरेन मौजूद थे।

---

## 10 मई के शाम तक हट जाना चाहिए अवैध अस्थाई दुकानें, आज होगी कार्यवाही

**राष्ट्रीय खबर**



**पाकुड़:** नगर परिषद क्षेत्र में यदि आप अवैध रूप से स्थाई या अस्थाई दुकान लगाए हैं तो सावधान हो जाए। आपका सामान जप्त करते हुए विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी । यह ऐसा हम नहीं कह रहे हैं ऐसा नगर परिषद क्षेत्र में बुधवार यानी 10 मई को नगर परिषद के सरकारी गाड़ी से एलाउंसमेंट करते सुना जा रहा है। एलाउंसमेंट में साफ और स्पष्ट कहां जा रहा है की 10 मई के शाम तक आप अपनी स्थाई या अस्थाई दुकान जो अवैध रूप से सड़कों पर लगाए हैं वह निश्चित तौर पर हटा ले। अगर ऐसा नहीं करते हैं तो उनके इस अवैध दुकान के सामानों को जप्त करते हुए उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मालूम हो कि इस समय नगर परिषद में सभी वार्ड पार्षद एवं अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष की पद समय सीमा समाप्त होने के पश्चात कार्यकाल में नहीं हैं।सभी कार्य नगर परिषद के पदाधिकारी एवं कर्मियों द्वारा निपटाए जा रहे हैं ।ऐसे में देखने में सामने आया की वर्तमान में कोई भी सदस्य या अध्यक्ष उपाध्यक्ष ना रहने के बावजूद बेहतर तरीके से नगर परिषद में कार्य किए जा रहे हैं। इससे पाकुड़ की जनता में हर्ष है । नगर परिषद में शिकायत के पश्चात कार्यों को गति दी जा रही है। इस संबंध में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी कौशलेश यादव ने बताया कि कि पूर्व में भी कई बार सूचना दी गई है किंतु लोग अपनी अवैध दुकानों को रास्ते से नहीं हटा रहे हैं फल स्वरुप सड़क जाम के साथ-साथ कई व्यवधान उत्पन्न हो रहे हैं। बार-बार सूचना के पश्चात भी लोग अपनी दुकानों को जस के तस रखे हुए हैं । इससे कई समस्याओं का सामना स्थानीय जनता के साथ-साथ वाहन चालकों को हो रही है। समस्या से निजात पाने के लिए अवैध तरीके से लगाई गई दुकानों को हटाना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कई स्थानों में रास्ता संकीर्ण हो जाते हैं अस्थाई दुकान सड़क से सटाकर लगाने से आम लोगों को काफी परेशानी हो रही है। बराबर नगर परिषद में इसकी शिकायतें हो रही है। जिसके मद्देनजर आम सूचना दी गई है कि सभी लोग अपनी अवैध रूप से किए गए दुकानों को हटा ले अन्यथा उनपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जी आप ठीक सुन रहे हैं कई बार सूचना देने के बावजूद भी नगर परिषद क्षेत्र के कुछ दबंग लोग ना अपनी दुकान हटाते हैं ना उनसे किसी से परहेज है और ना डरते व हैं कार्रवाई उन क्षेत्रों में की जाती है जहां जगह अति संकीर्ण नहीं है या फिर जहां के लोग कमजोर हैं।

## नगर परिषद क्षेत्र में मानसून आने की पूर्व महानालों की सफाई जारी



**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़:** आगामी मानसून के मद्देनजर पाकुड़ नगरपालिका क्षेत्र अंतर्गत अवस्थित महानलों की विशेष साफ सफाई कार्य किया जा रहा है। इसकी जानकारी नगर परिषद पाकुड़ द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई। अभी मानसून आने में समय है, किंतु नगर परिषद क्षेत्र में नालों की सफाई प्रारंभ कर दी गई है। ताकि मानसून आने के पूर्व जल निकासी में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न ना हो। इस संबंध में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी कौशलेश यादव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष मानसून आने पर नालों की सफाई कमोबेश होती है ।किंतु इस वर्ष विशेष सफाई अभियान मानसून आने के पूर्व जारी है ।उन्होंने कहा कि पानी कब बरस जाए यह कहना जरा कठिन होता है। इसलिए इसके पूर्व की वर्षा तेज हो और पानी की निकासी में व्यवधान उत्पन्न हो और लोग परेशान हो मैं चाहता हूं की बरसात के पहले ही नालियों को अच्छी प्रकार से साफ कर दिया जाए, ताकि किसी भी प्रकार से मानसून आने पर जल निकासी में व्यवधान उत्पन्न ना हो एवं जनता के सामने कोई समस्या खड़ी ना हो। नगर परिषद पाकुड़ इसके लिए योजना अनुसार कार्य कर रही है नगर परिषद पाकुड़ की जनता की सेवा में हर समय तत्पर है।

---

**बैठक**

### विधानसभा विशेष समिति की प्रमंडल स्तरीय बैठक आयोजित

# नौकरियों में स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने पर हुई चर्चा

**राष्ट्रीय खबर**



**दुमका:** समाहरणालय सभागार दुमका में झारखंड विधान सभा के विशेष समिति की प्रमंडल स्तरीय बैठक मंगलवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष शिकारीपाड़ा विधायक नलिन सोरेन एवं सदस्य पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव, गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार एवं देवघर विधायक नारायण दास द्वारा की गई। बैठक में समिति अध्यक्ष और सदस्य ने अधिनियम 2021 और नियमावली 2022 के तहत बताया कि निजी क्षेत्र एवं वाय स्त्रोत द्वारा दी गई नौकरियों में स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर बात कही गयी। समिति ने कहा कि 40 हजार और उनसे कम वेतन की नौकरी करनेवाले युवाओं को हर हाल में निजी कंपनियों को नौकरी उपलब्ध कराना है। नियोजन पदाधिकारी दुमका ने जिला नियोजन अधिनियम 2021 और नियमावली 2022 के तहत अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड नियोजन पोर्टल में 88 निजी कंपनियों ने निबंधन किया है, शेष प्रक्रिया में हैं।

इसी प्रकार समिति द्वारा सभी जिले के नियोजन पदाधिकारी से अब तक की कार्रवाई की जानकारी ली तथा लक्ष्य अनुरूप कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। समिति ने सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों को उनके अधीनस्थ आउटसोर्सिग कंपनियों की जानकारी ली।

अध्यक्ष एवं सदस्य ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को उक्त अधिनियम के पीछे की सरकार की मंशा और राज्य के लिए उसकी महत्वपूर्णता से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस एक्ट का अनुपालन हर हाल में तय समय में पूरा करना है, जिला स्तर पर इसकी नियमित समीक्षा करने की बात कही। नियोजन पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि कितने स्थानीय युवाओं को किन कंपनियों ने विधानसभा की समिति ने पब्लिक सेक्टर यूनिट (पीएसयू) एवं बड़ कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक करें। उनके यहां पोर्टल पर निबंधित कर्मियों की जानकारी लेते हुए कहा कि कि सभी नियोक्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके यहां कार्यरत सभी आउटसोर्सिग कंपनियां अपना निबंधन झारखंड नियोजन पोर्टल पर हर हाल में करायें, साथ ही कर्मियों का विवरण की इंट्री पोर्टल पर करें और अपने यहां कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनियों की सूची जिला नियोजन कार्यालय को भी जमा करें।

## नए परीक्षा नियंत्रक को एलुमनी संघ ने किया सम्मानित



**राष्ट्रीय खबर**

**दुमका:** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय एलुमनी संघ के छात्रों नये परीक्षा नियंत्रक डॉ राजीव रंजन सिन्हा को मंगलवार को सम्मानित किया। छात्रों ने पौधा एवं डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जीवन पर आधारित पुस्तक विंग्स ऑफ फायर (अग्नि की उड़ान) भेंट स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्र शमशाद आलम ने कहा कि यह गौरव का क्षण है। हम एलुमनी में से ही डॉ आर आर सिन्हा को परीक्षा नियंत्रक बनाया गया है। जब कोई भी एलुमनी किसी खास पद को धारण करते है तो अन्य एलुमनी भी इससे प्रेरणा लेते हैं। संघ ने परीक्षा नियंत्रक से आग्रह किया की सत्र को नियमित करने की दिशा में पहल की जाये। छात्रों में वीरेन चंद्र गोराई, विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ शंभु सिंह, ओएसडी परीक्षा इंद्रनील आदि शामिल हुए।

## शहर >> अपडेट

### बिना चालान के पकड़ा पांच ट्रकों को

**कोडरमा :** जिला खनन इंस्पेक्टर अभिजीत मजुमदार ने बिना चालान के गिट्टी लोड पांच ट्रक संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय के निर्देश पर इंस्पेक्टर अभिजीत मजुमदार ने विशेष चेकिंग अभियान चलाकर पांच ट्रकों को बिना चलान के गिट्टी लोड पकड़ा। हालांकि इस दौरान चालक वाहन छोड़कर फरार हो गए। सभी ट्रकों को जब्त कर लिया गया है।

## सिटी अपडेट्स >>

### पति पर गला दबाकर हत्या का आरोप, हुआ गिरफ्तार

**कोडरमा :** जिले के तिलैया डैम ओपी क्षेत्र के कांको में महिला की गला दबाकर हत्या के मामले में मृतका के पति दामोदर पंडित को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार संगीता और दामोदर पंडित के बीच वर्ष 2004 में प्रेम विवाह हुआ था। मृतका के परिजनों ने बताया कि दामोदर कुछ काम-धंधा नहीं करता था और दोनों की पांच बेटियां हैं। इस कारण पति-पत्नी में अक्सर लड़ाई होती थी। मृतका के परिजनों का आरोप है कि झंगड़ा-झंझट की वजह से दामोदर ने संगीता की गला दबाकर हत्या कर दी है। सुबह करीब पांच बजे मृतका का पति दामोदर पंडित टहलने गया हुआ था। उस वक्त संगीता अपने कमरे में सोई हुई थी। काफी देर बाद भी नहीं जगने पर बेटी उसके कमरे में पहुंची और मां को उठाने की कोशिश की। लेकिन काफी कोशिशों के बावजूद उसकी मां नहीं उठी। तब बच्ची ने घर के अन्य लोगों को मामले की जानकारी दी। जब परिवार के अन्य सदस्य वहां पहुंचे तो संगीता देवी को मृत पाया। वहीं मृतका के गले में चोट के निशान पाए गए हैं। घटना के बाद मृतका के मायके वाले और पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पति दामोदर पंडित को गिरफ्तार कर लिया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### अवैध रूप से चल रहे आरा मशीन को जप्त किया

**सतगावां :** थाना क्षेत्र के पचौरी में चल रहे अवैध रूप से चल रहे आरा मशीन को वन विभाग की टीम ने छापेमारी कर जब्त कर लिया। बताया जाता है कि यहां बेशकीमती लकड़ियों का चीरा होता था। इसकी सूचना मिलने के बाद कार्रवाई वन विभाग और स्थानीय पुलिस की मदद से आरा मशीन पर पहुंचकर उसे जब्त कर वन विभाग लाया गया। बताया जाता है कि आरा मशीन को चहारदीवारी के अंदर संचालन किया जा रहा था। रेंजर रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अवैध रूप से चला रहे आरा मशीन और 25 पीस लकड़ी का बोट, 19 पटरा जब्त किया गया है। कार्रवाई को कुछ महिलाओं ने रोकने का प्रयास किया था। छापेमारी में वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी रविंद्र कुमार सिंह, राजेश यादव, सतगावां थाना के एएसआई त्रिवेणी बासकी के अलावा दर्जनों पुलिस बल शामिल थे।

### डीसी ने ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया

**कोडरमा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन ने बुधवार को ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। डीईओ सह डीसी ने ईवीएम वेयर हाउस के विधि व्यवस्था से संबंधित जरूरी पहलुओं की जांच की। जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी जयपाल सोय से ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली और प्रतिवेदन मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग को भेजने का निर्देश दिया। डीसी ने वहां रखे ईवीएम मशीन, सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य उपकरणों की स्थिति और रखरखाव का जायजा लिया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी जय पाल सोय व विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# प्रदेश कॉंग्रेस नेतृत्व के रवैये से नाराज हैं जिले के नेता

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा :** आज झुमरी तिलैया में झंडा चौक स्थित एक निजी कार्यालय में कोडरमा कांग्रेस के नेताओं ने एकजुट होकर प्रदेश कॉंग्रेस नेतृत्व की कार्य शैली पर असन्तोष जाहिर किया और तल्ख प्रतिक्रिया व्यक्त की । प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कोडरमा कांग्रेस नेता रवि शंकर यादव पूर्व नगर अध्यछ गणेश प्रसाद स्वर्णकार एनएसउआई के पूर्व अध्यछ राजीव रंजन प्रसाद सेवादल के पूर्व जिलाध्यछ वजीर यादव राजू सिंह उमेश साव ने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे से मांग किया कि कांग्रेस पार्टी में कांग्रेसियों के लिए आरक्षण चाहिए। क्योंकि दूसरे दल से आयातित नेताओं को पार्टी में पदाधिकारी 20 सूत्री और बोर्ड निगम दिए जा रहे हैं।यह लोग



सरकार से लाभ लेकर संगठन के लिए कुछ भी नहीं कर रहे हैं और यह नेता कब पलटी मार देंगे।इसकी कोई गारंटी नहीं है। यह लोग संगठन में रहेंगे या नहीं रहेंगे। ऐसे लोगों का कोई भरोसा नहीं होता है।

झारखंड प्रदेश में जिस जिले में जितनी ज्यादा आबादी उसके अनुसार उसके संगठन में टिकट में 20 सूत्री में निगम बोर्ड में हिस्सेदारी मिले । पिछले 15 - 20वर्षों से युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस,एनएसयूआई के लोगों को दरकिनार कर दिया जा रहा है। जिन्होंने अपने कीमती समय देकर संगठन का निर्माण किया। उन्होने कहा कि प्रदेश लेवल पर संगठन पदाधिकारी एवं बोर्ड निगम में हर एक जिले से और हर एक वर्गों का ख्याल रखा जाना चाहिए। 2024 लोकसभा चुनाव आने वाला है हम लोग इसकी तैयारी कर रहे हैं । यह चिंता की विषय है संगठन में वैसे काबिल लोगों को दरकिनार किया गया है जिन्होंने संगठन को खड़ा किया है और संगठन को बेहतरीन रूप से बना सकते हैं। उदयपुर चिंतन शिविर में कांग्रेस के संविधान में प्रस्ताव लिया गया कि 20 वर्षों से जो लोग काम कर रहे हैं और जिनकी उम्र 50 वर्ष के नीचे हैं उनको संगठन में पदाधिकारी एवं विधानसभा लोकसभा का टिकट एवं 20 सूत्री एवं बोर्ड निगम में हिस्सेदारी दी जाएगी जो कि झारखंड प्रदेश में देखने को नहीं मिल रहा है।

रायपुर में 85 वा अधिवेशन कांग्रेस पार्टी को जो हुआ था उसमें कांग्रेस के संविधान में यह तय किया गया था कि कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी 20 सूत्री बोर्ड निगम लोकसभा विधानसभा का टिकट 50% और अल्पसंख्यक को दिया जाएगा जो कि अभी झारखंड प्रदेश में देखने को नहीं मिल रहा है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष से मांग किया गया कि झारखंड में जो 20 साल से झारखंड कांग्रेस पार्टी के लिए खून पसीना बहा कर काम करने उनकी आवाज को सुने और इस पर अभिलंब संज्ञान लेने की कृपा करें। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित पूर्व नगर अध्यक्ष गणेश स्वर्णकार कोडरमा नगर पंचायत अध्यक्ष राजू सिंह कोडरमा सोशल मीडिया प्रभारी भोला दास एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद सेवादल के पूर्व जिला अध्यक्ष वजीर यादव जी युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष उमेश साहू युवा कांग्रेस के हदीस अंसारी संजय यादव अशोक यादव समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### बोलेरो व मोटरसाइकिल में टक्कर एक घायल



**बालूमाथ :** बालूमाथ चतरा एनएच22 मुख्य पथ पर बारीखाप ग्राम के समीप मंगलवार की शाम लगभग 8 :30 बजे एक अज्ञात बोलेरो ने मोटरसाइकिल सवार राजेंद्र गंझु 25 वर्ष पिता कुवर गंझू ग्राम बालू भांग थानां बरियातू घायल हो गया ।आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से घायल राजेंद्र गं गंझू को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां आयुष चिकित्सक डॉ सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज की गई। बताया जाता है कि राजेंद्र गंझु अपने रिश्तेदार के घर चंदवा निंद्रा गया हुआ था। और वापस आने के क्रम में बारीखाप ग्राम के समीप तेज रफ्तार से आ रही एक बोलेरो धक्का मारते हुए फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर बारियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी घटनास्थल पर पहुंचकर मोटरसाइकिल को जप्त कर लिया।

### विशु शिकार का पहला व दूसरे चरण में शामिल हुये पड़हा प्रेमी



**कुडू :**पूर्व निर्धारित क्रार्यक्रम के अनुसार तीन दिवशीय विशु शिकार दिनांक-09 ,10,एवं11का पहला दिन का विशु शिकार का पहला चरण कल अच्छा से बित चुका। बुधवार को विशु शिकार का दुसरा चरण खेला जा रहा है। जिसमें 30 गांव के पड़हा प्रेमी लोगों ने पुरे जोश के साथ खेला जा रहा है । विशु शिकार को नियम से चलाने के लिए मंच से सभी को दिशा निर्देश दिया जा रहा है। एवं समय-समय में बैठक कर समाज में घटीत समस्या के बिषय में अवगत कराया गया और सभी को समस्या से लड़ने के लिए तैयार किया गया,समाज में बहुत नियम संसकार भी बनाया गया। विशु शिकार से लौट कर नियम का पालन हर गांव में करने का मंच से आदेश दिया गया। इस मौके पर बिषेश रूप से सधनु भगत पुर्व मंत्री झारखंड़ सरकार,तेतर उरांव मोत्कामा बालुमाथ, मुनीलाल उरांव पुर्व प्रमुख किसको ब्लॉक ,लोहरदगा एवं तीन सीमानी पड़हा बेल सुखदेव उरांव ,राजीपड़हा कुडू के बेल बेजामीन लकड़ा , तीन सीमानी पड़हा कोटवार राम भगत, दिवान मनेश्वर उरॉव, बंधनु भगत पूर्व शिक्षक ईश्वर उरांव ,एतवा उरांव ,राम उरांव,शंकर पहान , बिफय उरांव रोशन पहान,विफई पुजार,पहना उरांव पहान रोचो, पुजार एतवा उरांव, ने अपने अपने विचार रखे। इस मौके पर दुबांग ग्राम के पहान सखीया मुंडा ने इसका विधिवत पूजा कर इसका उद्घाटन किया।

# आरटीआई कानून की उड़ रही धज्जियां

राष्ट्रीय खबर

**लोहरदगाः** भारतीय संसद ने भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने और सरकारी प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए साल 2005 में सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून बनाया था। इस कानून के तहत भारत का कोई भी नागरिक सरकार के किसी भी विभाग की जानकारी हासिल कर सकता है। लेकिन लोहरदगा जिले के कई विभाग और संस्थान द्वारा सूचना अधिकार (आरटीआई) कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है। उन्हीं में से जिला परिषद के जिला अभियंता का कार्यालय के साथ-साथ उपविकास आयुक्त सह जन सूचना अपीलीय पदाधिकारी का कार्यालय भी अछूता नहीं है। उल्लेखनीय है कि 10.09.2022 को कुडू प्रखंड के पंडरा ग्राम निवासी लाल मनोज कुमार द्वारा जिला परिषद के जिला अभियंता को 10 रूपए के पोस्टल ऑर्डर के साथ सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत वर्ष 2019-20 में विधायक मद से कुडू प्रखंड के पंडरा ग्राम में निर्मित श्मशानघाट जाने वाली सड़क की जानकारी आवेदन देकर मांगी गई थी। आवेदन में उन्होंने कार्य का मूल्यांकन की छाया प्रति, मास्टर रोल की छाया प्रति, सभी सामग्री की भावचर छाया प्रति, प्राकलन की छाया प्रति और भुगतान की तिथि एवं चेक स्लिप की छाया प्रति मांगी थी। लेकिन जिला अभियंता के द्वारा 13.11.2022 तक उन्हें उक्त सूचनाएं उपलब्ध नहीं करायी गयी। मजबूरन उन्होंने 14.11.2022 को उपविकास आयुक्त सह जन सूचना अपीलीय पदाधिकारी को आवेदन देकर उक्त सूचनाएं मुहैया कराने का अनुरोध किया गया।

# मुखिया व पंचायत सचिव पर कुआं आवंटिन में लंगा आरोप



राष्ट्रीय खबर

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड के झावर पंचायत के ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त को लिखित आवेदन देकर झाबर पंचायत के मुखिया शीलो देवी एवं उसके पति वासुदेव उरांव एवं पंचायत सचिव ब्रह्मदेव राम पर15000 रुपये लेकर बिरसा सिचाई कूप आवंटन करने का आरोप लगाया है ग्रामीण योगेश यादव ,शिव यादव, अरुण यादव, नरेंद्र यादव, समेत कई ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से कहां है कि झावर पंचायत में 19 अप्रैल को ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। इस ग्रामसभा में जिन लाभुकों का बिरसा सिंचाई कूप निर्माण के लिए ग्राम सभा का सूची में चढ़ाई गई थी। उसे आवंटन नहीं करके 15000 लेकर फर्जी ग्रामसभा कर आवंटन कर दिया जा रहा है। इसकी शिकायत लाभुकों द्वारा बालूमाथ वीडिओ को लिखित आवेदन देकर किया गया। लेकिन बालूमाथ वीडिओ द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने के बाद ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त को आवेदन देकर जांच करते हुए कार्रवाई की मांग की है। ज्ञात हो कि पूरे प्रखंड में लगभग 300 लाभुकों को नया कुआ निर्माण कराने का आदेश प्राप्त हुआ है। लेकिन इन दिनों कुआं आवंटन के नाम पर प्रखंड कर्मी 15 से 20 हजार खुलेआम वसूल रहे हैं और इस राशि को कई पदाधिकारियों को के टेबल तक पहुंचाया जा रहा है। जिस कारण ग्रामीणों के आरोप के बाद भी जाँच तक करना मुनासिब नही समझा गया। ग्रामीणों ने उपायुक्त से मांग करते हुवे की कहां की पूरे प्रखंड में पैसा लेकर चयनित किए गए कुप निर्माण की कराई जाए। इस संबंध में पंचायत सचिव ब्रमदेव राम ने कहा कि ग्रामीणों का आरोप बेबुनियाद है जिनका ग्रामसभा में नाम दर्ज है उसी लाभुक का कूप दिया जा रहा है।

### सरना मसना घेराबंदी को लेकर ग्राम सभा आयोजित



कुडू :ग्राम पंचायत सलगी के ग्राम सलगी नवाडीह ,रोचों हुटु टोली एवं रोचों बरवा टोली में सरना मसना स्थल घेराबंदी के क्रियान्वयन के लिए लाभुक समिति के गठन एवं लाभुक समिति के अध्यक्ष एवं सचिव के चयन हेतु ग्राम सभा का आयोजन किया गया। परियोजना निदेशक आईटीडीएलो का पत्रांक 106/ आईटीडीएलो दिनांक 24/4/2023 एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी कुडू का कार्यालय आदेश ज्ञापांक 478/ दिनांक 28/04/2023 के आलोक में प्राप्त निर्देश के अनुसार ग्राम प्रधान के अध्यक्षता में योजना स्थल पर एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस योजना का क्रियान्वयन परियोजना निदेशक आईटीडीए लोहरदगा के कार्यालय के द्वारा कराया जाएगा। ग्रामसभा के माध्यम से लाभूक समिति का गठन किया गया। ग्राम सभा के द्वारा सर्वसम्मति से लाभुक समिति के 7 सदस्यों का चयन किया गया । इसके पश्चात ग्राम सभा के द्वारा गठित लाभुक समिति के सदस्य आपस में योजना के क्रियान्वयन हेतु एक अध्यक्ष एवं सचिव का चयन किया ।चयनित लाभुक समिति के अध्यक्ष एवं सचिव को ग्राम सभा के द्वारा स्वीकृति प्रदान किया गया। इस ग्राम सभा में कुडू प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी सुनील चंद्र कुंवर,सलगी पंचायत की मुखिया सुमित्रा कुमारी,स्वयं सेवक बीरेंद्र भगत सहित कई लोग उपस्थित थे।

# मरकच्चो में स्वर्णकार समाज की बैठक,तदर्थ कमिटी गठित



राष्ट्रीय खबर

**मरकच्चोः** प्रखंड मुख्यालय मरकचो स्थित उत्तरी पंचायत के चंचाल मंडप के समीप स्वर्णकार समाज की एक बैठक की गई। अध्यक्षता रामेश्वर स्वर्णकार ने जबकि संचालन शिक्षक दयानंद पोधार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से राधे प्रसाद स्वर्णकार चंदवारा, शिव शंकर स्वर्णकार, कमल स्वर्णकार जयनगर, राम नारायण पोद्दार झुमरीतिलैया, जिला संयोजक अशोक स्वर्णकार, जय प्रकाश वर्मा, प्रदीप स्वर्णकार उपस्थित थे। बैठक में तदर्थ कमेटी का गठन किया गया। चयन कमिटी के सदस्यों को मासिक बैठक करने का निर्देश दिया गया। साथ ही साथ सूचना के बाद भी उपस्थित नहीं हुए सदस्यों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। बैठक की समाप्ति की घोषणा व धन्यवाद ज्ञापन शिवलाल स्वर्णकार के द्वारा की गयी। बैठक में मिथिलेश पोद्दार, नारायण पोद्दार, सुखदेव पोद्दार, सुरेंद्र स्वर्णकार, अनिल स्वर्णकार, संतोष पोद्दार, अमेरिका स्वर्णकार, महेश स्वर्णकार, विकास स्वर्णकार, राजकुमार स्वर्णकार, पप्पु स्वर्णकार, शंकर स्वर्णकार उपस्थित थे।

# पुलिया का स्लैब टूटने से हादसे की आशंका



राष्ट्रीय खबर

**सतगावांः** प्रखंड के खुट्टा पंचायत के गाजेडीह, मनोरथडीह, अंगार गांव तक जाने वाली ग्रामीण सड़क पर झिंगुईया के पास सड़क के बीचो बीच पुलिया का स्लैब टूटने के कारण खतरनाक बनी हुई है। यह सड़क खुट्टा व अम्बाबाद दो पंचायतों के रास्ते जाने वाली सड़क को जोड़ती है। पुलिया के स्लैब टूटने के बाद सुराग हो जाने के कारण हादसे का होने का डर बनी हुई है। सड़क पर कब कोई वाहनों की दुर्घटना हो जाए कहा नहीं जा सकता। कई बाइक चालक इसमें गिरकर चोटिल हो चुके हैं। तीव्र गति में चार चक्का एवं टेंपो इसमें गिरते हैं जिससे संतुलन बिगड़ जाता है। चालक अपने सूझबूझ से अपनी वाहन दुर्घटना होने से बचाते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि 1996-97 में इस पुलिया का निर्माण कराया गया था। लोगों के द्वारा मांग किए जाने पर आरईओ विभाग द्वारा 2018 में 1 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से नगड़ी पीडब्ल्यूडी रोड से नगड़ी स्कूल होते हुए गाजेडीह गांव होते हुए मनोरथडीह मेन रोड तक सड़क का निर्माण कराया गया था। एक महीना पूर्व ही पुलिया का स्लैब टूट गया जिसके बाद लोगों को हादसे का डर बना रहता है।

### पीएम आवास लाभुक दिवस को लेकर बीडीओ ने की बैठक



**कुडू :** सरकार के निर्देश पर अपूर्ण व लंबित प्रधानमंत्री आवास योजनाओ को आगामी 30 जून तक पूर्ण कराने के लिए 11 मई से 30 जून तक प्रत्येक गुरुवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस का किया जाएगा । जिसकी सफलता को लेकर कुडू प्रखंड मुख्यालय के सभगार में बुधवार को बीडीओ मनोरंजन कुमार की अध्यक्षता में पंचायत के सभी कर्मियों के साथ विशेष बैठक किया गया। बीडीओ ने बताया कि इस अभियान की तैयारी पूरी कर ली गयी है और इसके लिए अधिकारियों व कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया गया है। प्रतिनियुक्त अधिकारी पंचायतों का दौरा कर अपूर्ण आवासों का औचक निरीक्षण करेंगे, और संबंधित लाभुकों को प्रत्येक गुरुवार को आमंत्रित कर आवास निर्माण के लिए उत्साहित किया जाएगा। साथ ही आवास निर्माण में लाभुकों का जो भी समस्या होगा उसका समाधान किया जायेगा।

### कवि गुरु रविंद्र नाथ ठाकुर की जयंती विविध कार्यक्रमों के साथ मनी

**झुमरीतिलैया :** झारखंड बंगाली समिति व निखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन की कोडरमा शाखा के संयुक्त तत्वावधान में कवि गुरु रविंद्र नाथ ठाकुर की 162 वीं जयंती विविध कार्यक्रमों के साथ मनाई गई। मौके पर समिति के संरक्षक डॉ. अधीर विश्वास, अध्यक्ष डॉ. ओमियो विश्वास, कल्याण मजूमदार, रवीन्द्र चंद्र दास, दाशरथी बनर्जी, विमल चटर्जी, आलोक सरकार आदि ने कवि गुरु ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अड्डी बंगला रोड स्थित रवींद्र भवन में आयोजित जयंती कार्यक्रम के मौके पर समाज के बच्चों द्वारा रविंद्र संगीत पर आधारित गीत व नृत्य प्रस्तुत किए गए।

**आयोजन** उत्क्रमित मध्य विद्यालय कद्रंपडीह में

# एक दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया

राष्ट्रीय खबर

**जयनगरः** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कद्रंपडीह में एक दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया। योगी सुषमा सुमन ने बताया कि आजकल भागदौड़ की जिंदगी पढ़ाई पर बोझ बढ़ रहा है। बच्चे घबरा जाते हैं इसलिए इस विपत्तियों को झेलने के लिए एक ही विकल्प है। वह है योग, योग से स्मरण शक्ति और साथ में ऊंची सोच और स्वस्थ रहने पर जिंदगी में कभी हार महसूस नहीं होती। इसीलिए प्रत्येक विद्यालय और प्रत्येक गांव में योग के प्रति जागृत किया जा रहा है। स्वामी रामदेव जी महाराज का भी संकल्प है कि जब तक प्रत्येक मनुष्य घर से बाहर नहीं निकल कर योग करेगा, तब तक भारत स्वस्थ नहीं



रहेगा। उन्होंने बच्चों को लंबाई बढ़ाने के लिए ताड़ासन, दिमाग को तेज करने के लिए अनुलोम विलोम और गले को साफ रखने के लिए सिंहासन और 24 घंटा ऊर्जा रखने के लिए हास्य आसन और ताली बजाने का उपाय भी बताए।

वहीं योगी प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि इस भयंकर गर्मी में बच्चे को नाक से खून आना, पसीना, दुर्गंध देना- इस सब का सरल उपाय है, शीशम के सात पत्ता और थोड़ी मिश्री दो दाना, गोलकी पीस करके सुबह खाली पेट 7 दिन पिला देना नाक से खून आना बंद हो जाएगी। पसीना में दुर्गंध आना बंद हो जाएगी। अभी सभी जगह घर घर जाकर और स्कूल में भी जाकर 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों से चल रही है। प्रधानाध्यापक अशोक गुप्ता ने कहा कि सुषमा सुमन, प्रदीप कुमार सुमन ने हमारे विद्यालय में आकर बच्चों में योग का दीपक जलाया है। योग क्रांति जोड़ी को और ब्रांड एम्बेसडर दो योग शिक्षक भी बनाए जिसमें इंद्रदेव साव, रीतलाल साव शामिल हैं। मौके पर घनश्याम शर्मा, सतीश प्रसाद रजक, प्रेमलता शर्मा और सैकड़ों बच्चों ने योग से लाभ लिया।

## न्यूज फटाफट

### बृजभूषण सच्चे हैं तो नार्को टेस्ट लें : पहलवान



**नयी दिल्ली** : ओलंपिक मेडलिस्ट साक्षी मलिक ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को चुनौती देते हुए बुधवार को कहा कि अगर वह अपनी बेगुनाही को लेकर इतने आश्वस्त हैं तो उन्हें नार्को टेस्ट करवा लेना चाहिये। उल्लेखनीय है कि सात महिला पहलवानों ने जांच के दौरान दिल्ली पुलिस को दिये गये बयान में बृजभूषण पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाये हैं। साक्षी ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से कहा, ''मैं डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष को नार्को टेस्ट देने की चुनौती देती हूं। हम भी टेस्ट देने के लिये तैयार हैं। सच को सामने आने दो, सबको पता चल जाये कौन आरोपी है और कौन नहीं।'' पहलवानों ने यह भी कहा कि अगर बृजभूषण कुश्ती की किसी भी प्रतियोगिता को आयोजित करने में किसी तरह की भूमिका निभाते हैं, तो वे इसका विरोध करेंगे। पहलवानों ने इससे पहले मंगलवार को कहा था कि कोई कुश्ती प्रतियोगिता या शिविर बृजभूषण के राज्य उत्तर प्रदेश में होना उनको मंजूर नहीं है। टोक्यो ओलंपिक मेडलिस्ट बजरंग पूनिया ने कहा, ''हम चाहते हैं कि सभी आयोजन भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की समिति द्वारा आयोजित किये जायें। अगर डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष किसी भी तरह से शामिल होते हैं तो हम इसका विरोध करेंगे।'' पहलवानों ने बृजभूषण के खिलाफ ह्यजांच की धीमी गतिह्न का विरोध करने के लिये गुरुवार को अपनी बाजुओं पर काली पट्टी बांधने का भी फैसला किया। प्रदर्शनकारी पहलवान एक नाबालिग सहित सात महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न और डराने-धमकाने के आरोप में बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस ने 28 अप्रैल को डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज की थीं, हालांकि उन्हें अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है।

### महिला जूनियर एशिया कप के टीम की घोषणा की

**नयी दिल्ली**: भारत ने दो जून से जापान के काकामीगहारा में शुरू हो रहे प्रतिष्ठित महिला जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के लिये बुधवार को 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भारत पूल ए में कोरिया, मलेशिया, चीनी ताइपे और उज्बेकिस्तान के खिलाफ खेलेगा, जबकि पूल बी में मेजबान जापान, चीन, कजाकिस्तान, हांगकांग चीन और इंडोनेशिया होंगे। जूनियर एशिया कप भारत के लिए एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है क्योंकि टूर्नामेंट से शीर्ष तीन देश ही इस साल के एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व कप के लिये क्वालीफाई करेंगे। इस आयोजन में भारत का नेतृत्व प्रीति करेंगी जबकि दीपिका को उप-कप्तान नामित किया गया है। टीम में गोलकीपर माधुरी किंडो और अदिति माहेश्वरी हैं, जबकि महिमा टेटे, प्रीति, नीलम, रोशनी कुमारी और अंजलि बरवा को डिफेंडर के रूप में नामित किया गया है। रुतजा दादासो पिसल, मंजू चोरसिया, ज्योति छत्री, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुजाता कुजूर और मानश्री नरेंद्र शेडगे मिडफील्ड संभालेंगी, जबकि फॉरवर्ड पंक्ति में मुमताज खान, उप-कप्तान दीपिका और दीपिका सोरेंग के साथ-साथ नवागंतुक अन्नू और सुनेलिता टोप्पो होंगी। मुख्य कोच जैनेक शोपमैन ने हॉकी इंडिया के एक बयान में कहा, जूनियर एशिया कप के लिए 18 खिलाड़ियों को चुनना आसान नहीं था। खिलाड़ियों का समूह एक दूसरे के बराबर है, लेकिन मुझे लगता है कि हमने एक मजबूत टीम चुनी है। भारत में काफी प्रतिभा है और यह बहुत अच्छी बात है कि इन युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर खुद को दिखाने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा, जूनियर विश्व कप क्वालीफिकेशन दांव पर है और हम जानते हैं कि हमें हर पल प्रतिस्पर्धा करने के लिये तैयार रहना होगा, लेकिन मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि यह टीम कैसा प्रदर्शन करती है।

**बयान** पूर्व भारतीय क्रिकेटर 360 डिग्री बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए कहा है कि

# आरसीबी के गेंदबाजों के साथ खिलवाड़ कर रहे थे सूर्यकुमार : सुनील गावस्कर

▶▶ वह जब बल्लेबाजी करते हैं तो लगता है कि गली क्रिकेट चल रहा हो

▶▶ आरसीबी के खिलाफ उन्होंने लॉन्ग ऑन और लॉन्ग-ऑफ पर शॉट लगाकर शुरुआत की





एजेंसियां

**मुंबई** : पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ मुंबई इंडियन्स के विस्फोटक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की 360 डिग्री बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए कहा है कि वह आरसीबी के गेंदबाजों के साथ खिलवाड़ कर रहे थे। आरसीबी ने मंगलवार को मुंबई के सामने 200 रन का लक्ष्य रखा, लेकिन मुंबई ने सूर्यकुमार और नेहाल वढेरा की 140 रन की साझेदारी की मदद से यह लक्ष्य 17वें ओवर में ही हासिल कर लिया।

सूर्यकुमार ने 35 गेंद पर सात चौकों और छह छक्कों के साथ ताबड़तोड़ 83 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार हासिल किया। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम क्रिकेट लाइव पर कहा, स्काय (सूर्यकुमार यादव) गेंदबाजों के साथ खिलवाड़ कर रहे थे। वह जब बल्लेबाजी करते हैं तो लगता है कि गली क्रिकेट चल रहा हो। आरसीबी के खिलाफ उन्होंने लॉन्ग ऑन और लॉन्ग-ऑफ पर शॉट लगाकर शुरुआत की। फिर वह चारों ओर शॉट खेलने लगे।

सूर्यकुमार के साथ शतकीय साझेदारी करने वाले वढेरा ने भी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। उन्होंने 51 रन की नाबाद पारी में 34 गेंदें खेलकर चार चौके और तीन छक्के लगाये। गावस्कर ने वढेरा की पारी पर कहा, जब आप सूर्यकुमार के साथ खेल रहे होते हैं तो आपका आत्मविश्वास बढ़ जाता है, लेकिन नेहाल की पारी के बारे में सबसे अच्छी चीज यह है कि वह सूर्य जैसे शॉट खेलने की कोशिश नहीं कर रहे थे। उ

नका संतुलन बेमिसाल था। पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने भी वढेरा की तारीफ की और कहा कि उन्होंने मुंबई टीम प्रबंधन द्वारा दिये गये मौके को दोनों हाथों से लपका है। हरभजन ने कहा, नेहाल वढेरा ने अपने अवसरों का भरपूर लाभ उठाया है। उन्हें अंडर-25 से पंजाब रणजी ट्रॉफी में लाया गया था और मुंबई ने उनका सराहनीय चयन किया। उन्होंने तिलक वर्मा की गैरमौजूदगी में अवसरों का लाभ उठाया।

## कैंसर पीड़ितों के लिये हल्के बैंगनी रंग की जर्सी पहनेगी गुजरात

एजेंसियां



**अहमदाबाद**: इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की गत चैंपियन गुजरात टाइटन्स कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिये 15 मई को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले सीजन के आखिरी घरेलू मैच में हल्के बैंगनी रंग की जर्सी पहनकर उतरेगी। फ्रेंचाइजी ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि हर तरह के कैंसर का प्रतीक हल्का बैंगनी रंग हमें हर उस जीवन की याद दिलाता है जो कैंसर से लड़ रहा है। यह रंग पहनकर हार्दिक पांड्या की टीम कैंसर की शुरुआती पहचान और रोकथाम के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना चाहती है।

गुजरात टाइटन्स के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) कर्नल अरविंदर सिंह ने कहा, कैंसर दुनिया भर में लाखों लोगों की मौत का कारण बनता है और रोगियों और उनके परिवारों पर विनाशकारी प्रभाव डालता है। हम कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने में अपना काम करने में प्रसन्न हैं, जो न केवल लोगों को शुरुआती पहचान के महत्व के बारे में शिक्षित करने का एक प्रयास है, बल्कि कैंसर के जोखिम को कम करने के लिए एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के महत्व को भी रेखांकित करता है। हमारी टीम सकारात्मक बदलाव लाने और कैंसर के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## दक्षिण अफ्रीका ने विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया

एजेंसियां



**चेम्सफोर्ड**: चेम्सफोर्ड के काउंटी ग्राउंड में आयरलैंड और बंगलादेश के बीच पहला एकदिवसीय मैच बारिश में धुलने के कारण दक्षिण अफ्रीका ने 2023 वनडे विश्व कप के लिये सीधे क्वालीफाई कर लिया। दक्षिण अफ्रीका इस साल भारत में होने वाले विश्व कप के लिये सीधे क्वालीफाई करने वाली आठवीं और आखिरी टीम बन गई। प्रोटियाज ने अपने 21 सुपर लीग मैच 98 अंकों के साथ समाप्त किये थे। इस मैच से पहले आयरलैंड के 68 अंक थे। अगर आयरलैंड बंगलादेश को 3-0 से क्लीन-स्वीप कर देती, तो उसे 30 अंक प्राप्त होते और वह 98 अंकों के साथ दक्षिण अफ्रीका की बराबरी कर लेती। अगर आयरलैंड का नेट रन रेट दक्षिण अफ्रीका से अधिक होता तो वह विश्व कप के लिये क्वालीफाई भी कर सकती थी। पहले मैच का कोई नतीजा नहीं निकलने के कारण अब आयरलैंड को वेस्ट इंडीज, श्रीलंका, जिम्बाब्वे और नीदरलैंड के साथ पांच सहयोगी टीमों के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर टूर्नामेंट में हिस्सा लेना होगा। इस टूर्नामेंट की 10 टीमों में से शीर्ष दो विश्व कप में हिस्सा लेंगी।

## खेल जगत अपडेट्स ››

### राहुल की सर्जरी सफल रही



**बेंगलुरु**: भारत के वरिष्ठ बल्लेबाज केएल राहुल के चोटिल दाहिनी पैर की सर्जरी सफल रही है और वह जल्द से जल्द राष्ट्रीय टीम में वापसी करना चाहते हैं। इस महीने की शुरुआत में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए फील्डिंग करते हुए राहुल को जांघ में चोट लगी थी। इसके बाद उन्हें आईपीएल और अगले महीने इंग्लैंड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से बाहर कर दिया गया था। राहुल ने अपनी सर्जरी की जानकारी देते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, ह्लमैंने अभी-अभी अपनी सर्जरी करवाई है। यह सफल रही। डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मचारियों को यह सुनिश्चित करने के लिये बहुत-बहुत धन्यवाद कि मैं स्वस्थ्य हूं और सब कुछ सुचारू रूप से हो गया।ह्व उन्होंने कहा, ''मैं अब ठीक होने की राह पर हूं। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और मैदान पर वापसी करने के लिए तैयार हूं।ह्व उल्लेखनीय है कि राहुल के डब्ल्यूटीसी फाइनल से बाहर होने के बाद भारतीय टीम ने शीर्ष मुकाबले के लिये युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन को स्क्वाड में शामिल किया है। राहुल सितंबर में होने वाले एशिया कप और अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिए समय पर राष्ट्रीय टीम में वापसी का लक्ष्य रखेंगे।

## स्पाई थ्रिलर फिल्म उलझ में काम करेंगी जाह्नवी कपूर



एजेंसियां

**मुंबई**: बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर स्पाई थ्रिलर फिल्म उलझ में काम करती नजर आयेंगी। फिल्म उलझ में जाह्नवी कपूर के साथ गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू लीड रोल में दिखाई देंगे। इंटरनेशनल स्पाई थ्रिलर फिल्म ह्यउलझह्न की कास्ट और टाइटल हाल ही मेकर्स ने अनाउंस किया है। फिल्म उलझ की शूटिंग मई के आखिर से शुरू होने वाली है। जाह्नवी कपूर, गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू के साथ इस फिल्म में राजेश ताइलांग, मैयांग चांग, सचिन खेदकर, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी जैसे कई कलाकार महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आने वाले हैं। फिल्म उलझ का निर्देशन सुधांशु सरिया करने वाले हैं। फिल्म का लेखन परवेज शेख और सुधांशु सरिया ने किया है। डायलॉग्स अतिका चोहान ने लिखे हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म उलझ की कहानी एक आईएफएस ऑफिसर की है। यह ऑफिसर एक रसूख रखने वाले देशभक्तों के परिवार से है। उलझ की कहानी का ट्वीस्ट यह है कि यंग आईएफएस ऑफिसर एक खतरनाक पर्सनल साजिश का शिकार हो जाता है और कई तरह की मुसाबितों में फंस जाता है।

आसाराम बापू ट्रस्ट मनोज बाजपेयी की फिल्म से खफा, लीगल नोटिस भेज दिया

## मनोज बाजपेयी की बंदा नाम की एक फिल्म आ रही है

एजेंसियां



**मुंबई**: 08 मई को फिल्म का ट्रेलर भी आ चुका है। रिलीज से पहले ये फिल्म लीगल पचड़े में फंस गई है। दरअसल फिल्म के मेकर्स और मनोज बाजपेयी को आसाराम बापू ट्रस्ट की तरफ से लीगल नोटिस भेजा गया है। आसाराम बापू के वकील ने कोर्ट से मांग की है कि इस फिल्म की रिलीज और इसकी प्रमोशन एक्टीविटीज पर जल्द से जल्द रोक लगाई जाए। क्या है पूरा मामला पहले समझ लीजिए।बंदा की कहानी एक 16 साल की लड़की के बारे में है। जिसे देश के एक चर्चित साधु ने मोलेस्ट किया है। उस लड़की को न्याय दिलाने के लिए पी एस सोलंकी नाम का वकील केस लड़ने को तैयार हो जाता है। बताया जा रहा है कि ये फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है। अब आसाराम ट्रस्ट ने इस फिल्म के खिलाफ एक्शन लिया है। उनके वकील का कहना है कि इस फिल्म से उनके क्लाइंट की छवि खराब हो रही है।

जब फिल्म के प्रड्यूसर आसिफ शेख से इस बारे में बात की गई तो उन्होंने कहा कि उन्होंने इस फिल्म के लिए राइट्स खरीदें हैं। तो जिसे जो भी सोचना है या कहना है वो कहे। आसिफ ने कहा,हां, हमें लीगल नोटिस मिला है। अब हमारे वकील तय करेंगे आगे क्या करना है। हमने पी सी सोलंकी की बायोपिक बनाई है। हमने इस कहानी के राइट्स को खरीदा है। अब अगर कोई ये कहता है कि ये उसकी कहानी है, तो वो जो चाहे कह सकता है। जो चाहे सोच सकता है। हम उन्हें नहीं रोक सकते। ये फिल्म जब आएगी, तो सारा सच पता चल जाएगा।

मनोज बाजपेयी की ये फिल्म न्यू यॉर्क फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी। न्यू यॉर्क में होने वाले फिल्म फेस्टिवल में मनोज बाजपेयी भी शामिल होंगे। ह्यबंदाह्न में मनोज के साथ जय हिंद कुमार, अद्रिजा, निखिल पांडे, प्रियंका सेटिया, विपिन शर्मा और सूर्य मोहन कुलश्रेष्ठ जैसे एक्टर्स ने काम किया है। इसे डायरेक्ट किया है अपूर्व सिंह ने। जो इससे पहले सास, बहू, अचार प्राइवेट लिमिटेड, फ्लेम्स और द आम आदमी फैमिली जैसी सीरीज बना चुके हैं। फिल्म 23 मई को सीधे जी5 पर रिलीज होगी।

आदिपुरुष में राम-सीता नहीं लंकेश का रहा जलवा, सैफ अली खान को देख फैंस बोले-

# रावण की एंट्री ने रोंगटे खड़े कर दिए

एजेंसियां

**नई दिल्ली**: प्रभास और कृति सेनन स्टारर आदिपुरुष बीते कुछ दिनों से सुर्खियों में बनी हुई है। जहां फिल्म के बजट की चर्चा है तो वहीं सैफ अली खान के रावण का किरदार निभाने को लेकर वह ट्रोलिंग का शिकार होते नजर आए। लेकिन बीते दिन रिलीज हुआ आदिपुरुष का ट्रेलर देखने के बाद राम सीता नहीं बल्कि रावण और हनुमान की चर्चा सोशल मीडिया पर होनी शुरू हो गई है। वहीं फैंस इसे ऐतिहासिक फिल्म बताते हुए नजर आ रहे हैं। टीजर में सैफ अली खान के रोल से नाखुश फैंस का ट्रेलर देखकर मूड बदलता हुआ नजर आ रहा है। दरअसल, 3 मिनट के लंबे ट्रेलर में रामायण की एपिक स्टोरी देखने को मिली है, जिसमें राघव के रोल में प्रभास, जानकी के रोल में कृति सेनन, लक्ष्मण के रोल में सनी सिंह और लंकेश के रोल में सैफ अली खान देखने को मिले हैं। वहीं इस ट्रेलर को केवल 20 घंटे में 48 मिलियन व्यूज मिल गए हैं ट्रेलर में वीएफएक्स और एक्टिंग का धमाल देखकर फैंस भी तारीफें करते नहीं थक रहे हैं।

जहां फैंस लंकेश के रोल में सैफ अली खान की एंट्री पर रोंगटे खड़े होने की बात कर रहे हैं। राघव के रोल में प्रभास के लिए हिंदी वर्जन में आवाज देने वाले एक्टर शरद केल्कर की भी फैंस तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। इतना ही नहीं सोशल मीडिया पर सैफ अली खान और कृति सेनन के एक क्लिप ने फैंस का दिल जीत लिया है, जिसमें जानकी को उठाने आए लंकेश नजर आ रहे हैं। ओम राउत द्वारा लिखी और डायरेक्ट की गई आदिपुरुष 16 जून को रिलीज होने वाली है। यह मायथोलॉजिकल



फिल्म रामायण से प्रेरित है, जो कि हिंदी और तेलुगु भाषाओं में रिलीज होगी। इसमें प्रभास, कृति सेनन, सैफ अली खान, देवदत्त नागे अहम किरदारों में नजर आ रहे हैं।

## प्रदेश >> अपडेट

### मनीष सिंह बने जनसंपर्क आयुक्त

**भोपाल** : मध्यप्रदेश शासन ने आज भारतीय प्रशासनिक सेवा के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों को नई नियुक्तियां देते हुए 2009 बैच के अधिकारी मनीष सिंह को जनसंपर्क आयुक्त और मध्यप्रदेश माध्यम के प्रबंध संचालक के तौर पर नियुक्त किया है। सिंह अभी तक एमपी इंडस्ट्रियल डवलपमेंट कॉरपोरेशन के प्रबंध संचालक के तौर पर सेवारत थे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### रेलगाड़ी की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**अजमेर** : राजस्थान में अजमेर जिले एवं जयपुर मंडल के अधीन किशनगढ़ रेलवे स्टेशन पर आज एक अधेड़ के ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक किशनगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर जयपुर से उदयपुर की ओर सफर कर रहे अधेड़ ने स्टेशन पर पानी पीने के लिये ट्रेन के रूकने का इंतजार करे बिना जोखिम उठा ली और संतुलन बिगड़ जाने से हादसा घटित हो गया। मृतक की पहचान जयपुर शास्त्रीनगर निवासी देवेंद्र कुमार शर्मा (52) के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर राजकीय अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया और परिजनों को सूचना दी।

### मान ने जालंधर के मतदाताओं से की अपील

**चंडीगढ़** : जालंधर लोकसभा सीट के उपचुनाव के लिए मतदान शुरू होने के साथ ही मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने जालंधर के मतदाताओं से अपने मत ईमानदार और ऐसे प्रत्याशी को देने की अपील की जो लोगों की चिंता करते हैं। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा कि शहीदों की कुर्बानियों से हासिल वोटर कार्ड का इस्तेमाल मतदाता अपनी मर्जी से करें और ऐसे लोगों को आगे लाएं जो स्वास्थ्य,शिक्षा और बिजली जैसे मुद्दों पर बात करते हैं।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### कटनी में अब नहीं बन सकेगी हवाई पट्टी...

**भोपाल** :प्रदेश के कटनी नगर के मझगवां में अब हवाई पट्टी नहीं बन सकेगी। इसका कारण यह है कि मझगवां में हवाई पट्टी के लिये जो भूमि चिन्हित की गई थी उसके आसपास माईनिंग के पट्टे हैं जहां निरन्तर खनन चलता रहता है। इससे हवाई पट्टी बनाने के मानकों का उल्लंघन होता है। कटनी जिला कलेक्टर से इसकी रिपोर्ट आने पर भोपाल स्थित विमानन विभाग ने कटनी में हवाई पट्टी बनाना संभव नहीं है, का निर्णय ले लिया है। दरअसल मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पहले घोषणा की थी कि कटनी में हवाई पट्टी बनाई जायेगी। लेकिन अब इसके पालन में विमानन विभाग ने लिख दिया है कि खनन पट्टे होने के कारण यह हवाई पट्टी बनाना संभव नहीं है। दरअसल कटनी देश का महत्वपूर्ण रेलवे जंक्शन है। जंक्शन में होने के साथ ही देश के प्रमुख शहरों से रेल कनेक्टिविटी है। कटनी से मप्र के दो टाइगर रिजर्व बांधवगढ़ एवं पन्ना तक पहुंचने के लिए सुलभ मार्ग है। इसके अलावा, वर्तमान में कटनी में किसी को इमरजेंसी में बेहतर इलाज की जरुरत पड़ जाए तो एयर एंबुलेंस से बड़े शहरों तक जल्दी पहुंचाना संभव नहीं है। कटनी में हवाई पट्टी निर्माण के बाद नागपुर, मुंबई, दिल्ली व दूसरे शहरों तक पहुंचने में समय की बचत होती। इसी कारण से यहां हवाई पट्टी बनाने की मांग उठी थी परन्तु अब यहां हवाई पट्टी बनाने से विमानन विभाग ने अपने हाथ खींच लिये हैं।

### मणिपुर से आज दिल्ली आयेंगे मध्यप्रदेश के 24 छात्र

**भोपाल** : हिंसा प्रभावित मणिपुर में फंसे मध्यप्रदेश के 24 विद्यार्थी आज दिल्ली आएंगे। गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ राजेश राजौरा ने बताया कि मणिपुर से आने वाले विद्यार्थियों को मंगलवार दोपहर इम्फाल-गुवाहाटी की फ्लाइट एअर अलाइन्स से वापस आना था। इम्फाल से रवाना होने से पहले विमान में तकनीकी खराबी पाए जाने पर कोलकाता से दूसरा स्पेशल प्लेन इम्फाल पहुँचाया गया।

---

**बर्खास्त**

### विश्वविजय पहले से ही निलंबित किये गये थे

# आर्यन खान मामले के अधिकारी की नौकरी गयी

राष्ट्रीय खबर

**मुंबई**: प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता शाहरुख खान के पुत्र आर्यन खान को मादक पदार्थों की तस्करी में जिन अफसरों ने गिरफ्तार किया था, उनमें से एक विश्वविजय सिंह के सरकार ने नौकरी से निकाल दिया है। याद दिला दें कि वर्ष 2021 में शाहरुख के बेटे आर्यन खान ड्रग मामले में फंस गए थे। विश्व विजय सिंह उस समय मामले की जांच कर रहे अधिकारियों में से एक थे। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने गुप्त स्रोतों से मादक पदार्थों की तस्करी की जानकारी मिलने के बाद मुंबई में कॉर्डेलिया क्रूज पर छापा मारा। उस जहाज पर बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान थे। एनसीबी की छापेमारी के बाद आर्यन को पहले हिरासत में लिया



गया और फिर गिरफ्तार कर लिया गया। विश्व विजय सिंह उस समय घटना की जांच कर रहे अधिकारियों में से एक थे। अधिकारी को पिछले साल निलंबित कर दिया गया था। इस बार उन्हें नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की नौकरी से हटा दिया गया था।

एसपी रैंक के अधिकारी विश्व विजय सिंह कोर्डेलिया क्रूज पर 2021 के ऑपरेशन का अहम हिस्सा थे। वह आर्यन खान के ड्रग मामले से भी जुड़े थे। हालांकि, उनके खिलाफ आर्यन मामले में नहीं बल्कि दूसरे मामले में जांच शुरू की गई थी।

जांच के दौरान विश्व विजय सिंह को निलंबित कर दिया गया था। इस बार नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने उन्हें नौकरी से निकाल दिया। बताया गया है कि 2022 में उन पर एक अन्य मामले में ठीक से जांच नहीं करने का आरोप लगा था। उस शिकायत के आधार पर अधिकारी के खिलाफ जांच शुरू की गई थी। हाल ही में जांच पूरी हुई थी। उसके बाद एनसीबी ने विश्व विजय सिंह को नौकरी से निकालने का फैसला किया। इस खबर पर खुद एनसीबी प्रमुख सत्य नारायण प्रधान ने मुहर लगाई है। हालांकि हाल ही में नौकरी से हटाये गये अधिकारी विश्व विजय सिंह ने अभी तक इस मुद्दे पर अपना मुंह नहीं खोला है। आर्यन पर नशीली दवाओं की आपूर्ति और तस्करी का आरोप लगाया गया था।

कोर्डेलिया क्रूज के छापे के बाद इस शिकायत के आधार पर शाहरुख के बेटे को भी गिरफ्तार किया गया था। हालांकि बाद में तत्कालीन अधिकारी समीर वानखेड़ के नेतृत्व में जांच दल इस आरोप के पक्ष में कोई साक्ष्य अदालत में पेश नहीं कर सका। आर्यन को बाद में बरी कर दिया गया क्योंकि उसके पास कोई ड्रग्स नहीं मिला था। उसके बाद जांच अधिकारी समीर वानखेदर का अन्यत्र तबादला कर दिया गया था।

## 13 से 15 मई तक सिरसा में चतुर्थ जन संवाद करेंगे खट्टर



एजेंसियां

**चंडीगढ़** : हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि जन संवाद कार्यक्रम के तहत 13 से 15 मई तक सिरसा में चतुर्थ जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। खट्टर ने मंगलवार देर शाम पत्रकारों से बातचीत में सीएम ग्रीवेंसिज रिडरेशल एण्ड मॉनिटरिंग सिस्टम जन संवाद पोर्टल का भी लोकार्पण किया। इस पोर्टल पर जन संवाद कार्यक्रम के तहत आने वाली समस्याओं एवं सुझावों को अपलोड कर पूरा लेखा जोखा रखा जाएगा। इसके बाद संबंधित अधिकारी इन समस्याओं का समाधान भी सुनिश्चित करेंगे और शिकायतकर्ता के पास समस्या बारे संदेश भी जाएगा। उन्होंने कहा कि राइट टू सर्विस एक्ट के तहत 600 से अधिक सेवाएं आती हैं।

## ग्वालियर व्यापार मेला अब अपराध मुक्त हुआ,सिर्फ जुर्माना लगेगा



डॉ. नवीन जोशी

**भोपाल**: अब ग्वालियर व्यापार मेला क्षेत्र के भीतर कोई अप्राधिकृत निर्माण, मेला क्षेत्र के भीतर अप्राधिकृत रुप से किसी स्थान को शौचालय, मूत्रालय या कूड़ा-करकट जमा करने के रुप में उपयोग करना, मेला प्राधिकरण से लायसेंस प्राप्त किये बगैर मेला क्षेत्र के भीतर कोई वृत्ति, व्यापार या आजीविका करना या लायसेंस की शर्तों को भंग करना अब अपराध नहीं होगा बल्कि सिर्फ जुमार्ने का भागी होगा। यह नया प्रावधान राज्य सरकार ने लागू कर दिया है। दरअसल सत्रह साल पहले बने ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण अधिनियम 1996 में संशोधन करने के लिये राज्य सरकार ने पिछले विधानसभा सत्र में विधेयक पारित किया था जिसे अब राज्यपाल ने मंजूरी प्रदान कर दी है जिससे यह एक संशोधित कानून के रुप में लागू हो गया है। दरअसल पहले प्रावधान था कि उक्त गड़बडियां करने पर व्यक्ति की दोषसिध्दि पर ऐसे जुमार्ने से जां पांच हजार रुपये तक का हो सकेगा और जहां अपराध जारी रहने वाला हो, या निरन्तर हो, वहां ऐसे और जुमार्ने से, जो प्रथम दोषसिध्दि की तारीख से ऐसे प्रत्येक दिन के लिये, जिसके दौरान अपराधी का ऐसे अपराध में लगे रहना साबित होता हो, एक सौ रुपये तक हो सकेगा, दण्डनीय होगा। चूंकि पहले के प्रावधान में दोषसिध्दि न्यायालय से करने का उपबंध था और इसे अपराध माना गया था, इसलिये संशोधित कानून के तहत अपराध शब्द को हटा दिया गया है। अब सिर्फ जुमार्ने का प्रावधान रहेगा जिसकी राशि पूर्ववत रखी गई है। यह जुमार्ना अब प्राधिकरण सीधे लगा सकेगा।

# कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए मतदान शुरू




एजेंसियां

**बेंगलुरु** : कर्नाटक विधानसभा की 224 सीटों के लिए बुधवार सुबह सात बजे मतदान शुरू हो गया। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए सभी तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गयी हैं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पांच करोड़ 31 लाख 33 हजार 54 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। राज्य में कुल 58,545 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं और जहां मतदाता 2615 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर बटन दबाकर करेंगे। कुल 2615 उम्मीदवारों में से 2430 पुरुष और 184 महिला तथा एक उभयलिंगी प्रत्याशी है। इस बार के मतदान में 11 लाख 71 हजार 558 युवा मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। कुल मतदाताओं में से पांच लाख 71 हजार 281 दिव्यांगजन हैं और 12 लाख 15 हजार 920 ऐसे मतदाता हैं, जिनकी उम्र 80 वर्ष से अधिक है। मतदान के दौरान 76,202 वोटर वेरीफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) का इस्तेमाल किया जाना है। राज्य में विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए भारी संख्या में पुलिस और सुरक्षा बलों की व्यवस्था की गयी है। चुनाव आयोग ने मतदान में फर्जी वोटिंग पर अंकुश लगाने और लंबी कतार से बचने के लिए खास तैयारी की है। आयोग कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के एक मतदान केंद्र में चेहरे की पहचान के लिए तकनीक का इस्तेमाल करेगा। किसी भी चुनाव में इस तरह की तकनीक को पहली बार उपयोग में लाया जाएगा। इस बार राज्य विधान सभा चुनाव में भाजपा, कांग्रेस और जनता दल सेक्युलर के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। मतदान शाम छह बजे तक चलेगा।

## तकनीकी शिक्षा विभाग में अब 282 पद दिव्यांगजनों हेतु आरक्षित रहेंगे

▶▶ नौकरियों में छह प्रतिशत का आरक्षण उक्त कानून में दिया गया है

राष्ट्रीय खबर

**भोपाल**: प्रदेश के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग में स्वीकृत कुल 4 हजार 673 पदों में से 282 पद दिव्यांगजनों के लिये आरक्षित रहेंगे। इसके लिये सामाजिक न्याय विभाग ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत उक्त विभाग में पदों का चिन्हांकन कर दिया है। उल्लेखनीय है कि दिव्यांगजनों को सरकारी नौकरियों में छह प्रतिशत का आरक्षण उक्त कानून में दिया गया है तथा सामाजिक न्याय विभाग को विभिन्न पदों में दिव्यांगजनों के लिये पदों का चिन्हांकन करना होता है। पदों के चिन्हांकन के अनुसार, अब तकनीकी शिक्षा विभाग में प्रथम श्रेणी के अंतर्गत उप संचालक के 10 पदों में से एक, प्राचार्य वर्ग-1 के 29 पदों में 2, द्वितीय श्रेणी के अंतर्गत प्राचार्य वर्ग-2 के 109 पदों में से 7, तृतीय श्रेणी के अंतर्गत प्रशिक्षण अधिकारी व्यवसाय/गणित/ड्राईंग के 2931 पदों में से 176, छात्रावास अधीक्षक के 114 पदों में 7, सहायक वर्ग-3 के 530 पदों में से 32, चतुर्थ श्रेणी के अंतर्गत चतुर्थ श्रेणी के 950 पदों में से 57 पद दिव्यांगजनों के लिये आरक्षित रहेंगे। उक्त 282 चिन्हांकित पदों में से दृष्टि बाधित हेतु 72, श्रवण बाधित हेतु 71, लोकोमीटर डिसेबिलिटी जिसमें शामिल है सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्राफी हेतु 71 एवं आटिज्म, बौध्दिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी और बहुविकलांगता हेतु 68 पद आरक्षित रहेंगे।

**खुलासा**

### फ्रांस में नाजी समर्थकों ने मार्च निकाला

# रूस का एक और गंभीर आरोप दोबारा सच प्रमाणित

राष्ट्रीय खबर

**पेरिस**: नव-नाजी मार्च की इजाजत देने पर फ्रांस सरकार निशाने पर पिछले हफ्ते के शनिवार को राजधानी पेरिस के बीचोबीच करीब 100 चरमपंथी गुटों के नव-नाजियों का जुलूस निकला था। पेरिस पुलिस ने जुलूस को एस्कॉर्ट किया। हालांकि, इमैनुएल मैक्रॉन की सरकार ने पेंशन की मांग को लेकर विरोध मार्च और बैठक की अनुमति नहीं दी। फ्रांसीसी आंतरिक मंत्री गेराल्ड डर्मनी बहस का केंद्र हैं। समाजवादी सीनेटर डेविड असौलाइन ने मंत्री से स्पष्टीकरण की मांग की। याद दिला दें कि रूस ने यूक्रेन का युद्ध प्रारंभ होने के दौरान ही यह कहा था कि दरअसल नाजीवाद अब भी अंदर



ही अंदर जीवित है और यूक्रेन की सरकार परोक्ष तौर पर इसी नाजीवाद का समर्थन कर रही है। इधर बताया गया है कि नव-नाजीवाद द्वितीय विश्व युद्ध के बाद कुछ कट्टरपंथी, राजनीतिक आंदोलनों से पैदा हुआ था। वे दावा करते हैं, नाजीवाद का पुनर्जन्म और पुनर्स्थापन। नस्लवादी और शुद्धतावादी, इस समूह के समर्थक दौड़ और अल्पसंख्यकों पर सत्ता का पक्ष लेते हैं।

जर्मनी या फ्रांस ही नहीं, यह पूरी दुनिया की समस्या है। नव-नाजीवाद भी हिटलर के स्वस्तिक का उपयोग करता है। नव-नाजीवाद को यूरोपीय और कुछ लैटिन अमेरिकी देशों में प्रतिबंधित कर दिया गया है, खासकर जर्मनी में। नव-नाजियों के एक समूह ने शनिवार को काले रंग में मार्च किया। हालांकि, प्रशासन ने सरकार विरोधी आंदोलन को दबा दिया। उन्होंने बासन बजाकर विरोध जताया।

नव-नाजियों ने 1994 में नाजी हमदर्द सेबस्टियन डिएजिउ की मौत की सालगिरह को चिह्नित करने के लिए मार्च किया। जुलूस को सुरक्षा के बीच ले जाती पुलिस नजर आ रही है। इसके विरोध में सोशलिस्ट सीनेटर ने ट्विटर पर लिखा, 'नव-नाजियों के इस मार्च को पेरिस के बीचोबीच अनुमति देना अस्वीकार्य है।' उनका संगठन, उनकी विचारधारा, नारे सब नस्ली नफरत फैलाते हैं। संयोग से, पिछले सोमवार, 8 मई, 1945 को द्वितीय विश्व युद्ध में मित्र देशों की जीत के उपलक्ष्य में, फ्रांस ने नाजी विरोधी दिवस के रूप में मनाया। इसलिए प्रख्यात बुद्धिजीवी जैक्स अटाली ने मार्च को 'असहनीय' बताया। कम्युनिस्ट पार्टी के प्रवक्ता इयान ब्रॉसैट ने मजाक में कहा कि बर्तनों की खड़खड़ाहट सरकार के लिए सेना के जूतों की आवाज से ज्यादा खतरनाक लगती है। फ्रांसीसी प्रदर्शनकारियों ने एक विरोध परंपरा के हिस्से के रूप में ढोल बजाकर सरकार द्वारा अपनी मांगों को सुनाने की कोशिश की। सरकार ने हाल ही में सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष से बढ़ाकर 64 वर्ष करने के लिए पेंशन नीति में सुधार किया है।

---

## न्यूज फटाफट

### पाकिस्तान में अनिश्चितकाल के लिए इंटरनेट सेवा बंद

**इस्लामाबाद** : पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण (पीटीए) ने बुधवार को कहा कि देश भर में भड़की अशांति और हिंसक विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर इंटरनेट सेवाएं अनिश्चित काल के लिए बंद की गयी हैं। दूरसंचार प्राधिकरण ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि मोबाइल ब्रॉडबैंड सेवाओं को बंद करने का निर्णय गृह मंत्रालय के निर्देश पर लिया गया है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार एक दिन पहले (मंगलवार) को अल-कादिर ट्रस्ट मामले में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद भड़के विरोध प्रदर्शनों के कारण इंटरनेट सेवाएं बंद की गयी है। इसके अलावा, ट्विटर, फेसबुक और इंस्टाग्राम सहित प्रमुख सोशल मीडिया साइटें भी कथित तौर पर पाकिस्तान में कई उपयोगकर्ताओं के लिए बंद कर दी गयी हैं, जिससे कल से इन प्लेटफार्मों तक पहुंचने में उपयोगकर्ता असमर्थ रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान की गिरफ्तारी के बाद पार्टी कार्यकर्ता और समर्थनों में काफी आक्रोश देखा गया है। खान की गिरफ्तारी के बाद भड़की अशांति और हिंसक विरोध को वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यापक रूप से साझा किए गए, जिसके बाद मोबाइल ब्रॉडबैंड सेवाओं को बंद कर दिया गया। पीटीए के प्रवक्ता ने कहा था कि नियामक प्राधिकरण को ट्विटर, फेसबुक और इंस्टाग्राम सहित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के बंद होने की भी खबरें मिल रही थीं।

### उत्तर कोरिया ने की दक्षिण कोरिया-जापान शिखर सम्मेलन की निंदा

**सोल** : उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक-योल और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के बीच हाल में सोल में हुई शिखर वार्ता की निंदा करते हुए कहा कि इस कदम से दोनों देशों के बीच 'सैन्य मिलीभगत' हो सकती है। उत्तर कोरियाई सरकार की ओर से संचालित समाचार वेबसाइट उरीमिनज़ोक्किरी का हवाला देते मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। पिछले रविवार को किशिदा ने दक्षिण कोरिया की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा शुरू की। गत 12 वर्षों में किसी जापानी नेता की पहली ऐसी यात्रा थी। जापानी नेता की यह यात्रा आपसी यात्राओं की 'शटल कूटनीति' पर लौटने की उसकी इच्छा को दर्शाती है। इसको लेकर मार्च के मध्य में यून की टोक्यो यात्रा के दौरान सहमति हुई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तर कोरिया ने वाशिंगटन घोषणा में जापान की संभावित भागीदारी, कोरियाई प्रायद्वीप में परमाणु वितरण प्रणाली की तैनाती पर दक्षिण कोरिया तथा अमेरिका के बीच हुए समझौते और उत्तर कोरियाई परमाणु संकट के मामले में आकस्मिक योजना पर श्री यून की टिप्पणी की भी आलोचना की।

### ट्विटर में जल्द मिलेगी वॉइस,वीडियो चैट सुविधा : मस्क

**संयुक्त राष्ट्र** : अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क ने बुधवार को घोषणा की कि ट्विटर एप पर जल्द ही वॉइस (आवाज) और वीडियो चैट की सुविधा मिलेगी। जिससे प्लेटफॉर्म के उपयोगकर्ता फोन नंबर प्रदान किए बिना कहीं भी लोगों से संपर्क कर सकेंगे। श्री मस्क ने ट्वीट किया, ''जल्द ही आपके हैंडल से इस प्लेटफॉर्म पर किसी से भी वॉयस और वीडियो चैट होगी, ताकि आप दुनिया में कहीं भी लोगों से अपना फोन नंबर दिए बिना बात कर सकेंगे।'' माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ट्विटर के सीईओ और बिजनेसमैन एलन मस्क ने खुद इसको लेकर ट्वीट किया है। मस्क ने ट्वीट करते हुए प्लेटफॉर्म पर आने वाली कॉल और एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग सहित नई सुविधाओं के बारे में जानकारी दी है। उल्लेखनीय है कि श्री मस्क ने अक्टूबर 2022 में 44 अरब डॉलर में ट्विटर का अधिग्रहण किया था। ट्विटर की स्थापना 2006 में हुई थी और इसका मुख्यालय सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया में है। अधिग्रहण के बाद श्री मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी नीति में बदलाव किया, जिसके कारण वह काफी विवादों में भी घिरे रहे।

### वैस्ट बैंक में झड़प के दौरान मारे गए दो फिलीस्तीनी

**रामल्लाह** : उत्तरी वेस्ट बैंक के जेनिन शहर के निकट काबतिया शहर में बुधवार तड़के इजरायली सैनिकों के साथ झड़प में दो फिलस्तीनी नागरिक मारे गये। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक छोटे से वीडियो में दिखाई दे रहा है कि कबातिया में भीषण संघर्ष के दौरान गोली लगने के ठीक बाद दो युवकों के शरीर खून से लथपथ हुए हैं। स्थानीय सूत्रों और चश्मदीदों ने कहा कि बख्तरबंद वाहनों से लैस इजरायली सैनिकों की एक टुकड़ी ने वांछित फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार करने के लिए कबातिया के केंद्र पर धावा बोल दिया। उन्होंने कहा कि शहर में फिलीस्तीनी आतंकवादियों और इजरायली सैनिकों के बीच भारी संघर्ष और और गोलीबारी हुई। कस्बे में धमाकों और भारी गोलीबारी की आवाजें सुनी गईं। चश्मदीदों ने कहा कि एक तीसरा फिलिस्तीनी नागरिक गंभीर रूप से घायल हुआ है।

### चार-पांच दिन एनएबी की हिरासत में रह सकते है इमरान

**इस्लामाबाद** : पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के चार से पांच दिनों तक राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) की हिरासत में रहने की संभावना है। खान को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया था। डॉन समाचार पत्र ने एनएबी के एक सूत्र के हवाले से बताया कि खान को आज (बुधवार) जवाबदेही अदालत में पेश किया जाएगा। सूत्र ने कहा, ''हम उन्हें कम से कम चार से पांच दिनों तक हिरासत में रखने की पूरी कोशिश करेंगे।'' उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय जवाबदेही अध्यादेश, 1999 में नए संशोधनों के तहत, किसी भी अदालत द्वारा दी गई भौतिक हिरासत की अवधि 90 दिन से घटाकर 14 दिन कर दी गई है।

### जापान में वृद्ध ने हाई स्कूल के छात्र को चाकू मारा

**टोक्यों** : जापान की राजधानी टोक्यो में बुधवार सुबह 60 वर्षीय एक व्यक्ति ने जूनियर हाई के एक छात्र पर चाकू से हमला कर दिया। क्योदो समाचार एजेन्सी ने पुलिस के हवाले से बताया कि यह घटना टोक्यो के ओटा वार्ड में हुई। छात्र को अस्पताल ले जाया गया और उसकी चोटों को जीवन के लिए खतरा नहीं माना गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि पुलिस ने जापान रेलवे कामता स्टेशन के दक्षिण-पश्चिम में लगभग 400 मीटर (1,300 फीट) की दूरी पर कथित हमले के स्थान पर उस व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पास में खून से सना चाकू मिला है। जापानी ब्रॉडकास्टर एनएचके के मुताबिक 61 वर्षीय व्यक्ति ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही थी, लेकिन अभी तक कारणों का खुलासा नहीं हुआ है।

## आज का इतिहास

- ▶▶ 1814 : प्लेटबर्ग की लड़ाई में अमेरिकन्स ने अंग्रेजों को हराया।
- ▶▶ 1857 : दिल्ली में सिपाही विद्रोह भड़का।
- ▶▶ 1951 : राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद ने नवनिर्मित सोमनाथ मंदिर का उद्घाटन किया।
- ▶▶ 1955 : इजरायल ने गाजा पर हमला किया।
- ▶▶ 1960 : पहली गर्भनिरोधक गोली बाजार उपलब्ध कराई गई।
- ▶▶ 1965 : बंगलादेश में चक्रवाती तूफान से 17 हजार लोगों की मौत हुई।
- ▶▶ 1985 : इंग्लैंड के ब्रैडफोर्ड सिटी फुटबाल मैदान में आग लगने से 40 की मौत हुई और 150 घायल हुए।
- ▶▶ 1988 : फ्रांस ने परमाणु परीक्षण किया।
- ▶▶ 1985 : ब्रिटेन के ब्रैडफर्ड सिटी फुटबॉल स्टेडियम में एक मैच के दौरान लगी आग में 52 लोग मारे गए।
- ▶▶ 1995 : अमेरिका के न्यूयॉर्क में 170 से अधिक देशों ने परमाणु अप्रसार संधि का विस्तार करने का फैसला किया।
- ▶▶ 1998 : यूरोप की एकल मुद्रा यूरो का पहला सिक्का बना।
- ▶▶ 1998 : भारत ने राजस्थान के पोखरण में तीन परमाणु परीक्षण किये।
- ▶▶ 2000 : जनसंख्या घड़ी के मुताबिक भारत की जनसंख्या एक अरब पहुंची।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
प्रथम पृष्ठ 2
रांची गुरुवार 12
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
11.05.2023

## प्रभुनाथ सिंह व दीनानाथ सिंह एम्स रेफर

रांचीः उम्र कैद की सजा काट रहे बिहार के महाराजगंज से तीन बार जदयू और एक बार राजद से सांसद रह चुके प्रभुनाथ सिंह व उनके भाई दीनानाथ सिंह को बेहतर इलाज के लिए एम्स रेफर किया गया है। रिम्स मेडिकल बोर्ड ने यह निर्णय लिया है। दोनों का इलाज फिलहाल रिम्स में चल रहा था। 18 अप्रैल को दोनों को हजारीबाग सेंट्रल जेल से इलाज के लिए रिम्स में भर्ती किया गया था।

मेडिको सिटी

### मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित झारखंड मेडिको सिटी के प्रेजेंटेशन को देखा

# रिनपास, रांची की लगभग 76 एकड़ जमीन पर बनेगा झारखंड मेडिको सिटी

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज झारखंड मेडिको सिटी, रांची की स्थापना को लेकर अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की । इस मौके पर उन्होंने झारखंड मेडिको सिटी की कंसल्टेंसी एजेंसी अर्नेस्ट एंड यंग के प्रेजेंटेशन को देखा और कई अहम निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रिनपास, रांची की जमीन पर पीपीपी मॉडल पर झारखंड मेडिको सिटी का स्थापना प्रस्तावित है। ऐसे में जमीन का उचित इस्तेमाल हो। निवेशकों को उनकी जरूरत के हिसाब से अस्पताल निर्माण के लिए जमीन दी जाए, इसका विशेष तौर पर ख्याल रखें।



मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड मेडिको सिटी परिसर में कॉमन यूटिलिटी सर्विस- बिजली, पेयजल, सड़क, ड्रेनेज और सीवरेज, स्ट्रीट लाइट्स, बायो मेडिकल वेस्ट के डिस्पोजल के लिए आधुनिकतम तकनीकों इस्तेमाल किया जाए, ताकि देश - दुनिया के सामने इसे एक मॉडल मेडिकल हब के रूप में रख सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड मेडिको सिटी में पीपीपी मॉडल पर कई सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनाए जाएंगे। ऐसे में सभी अस्पतालों के लिए अलग-अलग एंबुलेंस सेवा होने से यहां की व्यवस्था संभालने वालों के साथ मरीजों को भी परेशानी हो सकती है । ऐसे में सभी अस्पतालों के लिए सेंट्रलाइज्ड एंबुलेंस सेवा का सेटअप तैयार करें। ताकि, मरीजों को आवश्यकतानुसार एंबुलेंस से लाकर संबंधित अस्पताल में एडमिट किया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड मेडिको सिटी में अस्पताल समेत अन्य चिकित्सीय संस्थान स्थापित करने में कई निवेशकों ने इच्छा जताई है ।

यह झारखंड के स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए बेहतर कदम है। यहां खुलने वाले सभी अस्पताल और चिकित्सीय संस्थान होने वाले अस्पताल बेहतर तरीके से संचालित हों। यहां के मरीजों को उसका बेहतर लाभ मिले, इसके लिए प्रोफेशनल्स की सेवा लेने की जरूरत है। इस बैठक में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव अमिताभ कौशल, सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, एनएचएम के मिशन डायरेक्टर भुवनेश प्रताप सिंह, रिनपास की निदेशक डॉ जयन्ती सिमलाय , निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं वीरेंद्र प्रसाद सिंह और अर्नेस्ट एंड यंग कंसल्टेंसी के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### मुकदमों की जानकारी सरलता से मिलेगी

# झारखंड ऊर्जा विकास निगम का विधि पोर्टल लॉन्च



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड हाई कोर्ट परिसर के महाधिवक्ता कार्यालय लाईब्रेरी में आयोजित एक सादे समारोह में झारखंड ऊर्जा विकास निगम का विधि पोर्टल की लॉन्चिंग महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव सह अध्यक्ष जेयुवीएनएल अविनाश कुमार की उपस्थिति में किया गया।पोर्टल के माध्यम से मुकदमों को कैसा डिजिटलाइजेशन के माध्यम से सुगम बनाया जा सकता है। इस दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने उर्जा विकास निगम के प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से याचिकाकर्ता अपने केस स्टेटस को देख सकते है। साथ ही सरलता से मामलों की जानकारी प्राप्त कर सकते है। बता दें पोर्टल विधि विभाग की ओर से संचालित किया जायेगा। इस दौरान उर्जा सचिव अविनाश कुमार। मौके पर इस अवसर पर सचिन कुमार, जयंत टोपनो, ओम प्रकाश तिवारी, मनीष कुमार, मनोज कुमार, धीरज कुमार समेत ऊर्जा विकास निगम के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा- एसिड पीड़िता का इलाज रिम्स में हो रहा है या नहीं

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** हजारीबाग में दिसंबर 2019 में एक नाबालिग को उसके परिचित द्वारा एसिड पिलाए जाने के मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में राज्य सरकार से पूछा है कि पिछले आदेश के आलोक में पीड़िता का इलाज रिम्स में हो रहा है या नहीं। इसे शपथ पत्र दाखिल कर बताएं।पिछली सुनवाई में कोर्ट ने हजारीबाग डीसी को निर्देश दिया था कि वह पीड़िता के आगे का ट्रीटमेंट रिम्स, रांची में कराएं। उसके इलाज का खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। बुधवार को सुनवाई के दौरान मामले के अनुसंधानकर्ता कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि उन्होंने मार्च माह में ही इचाक थाना ज्वाइन किया है। जिस पर कोर्ट ने उन्हें अप टू डेट जांच रिपोर्ट अगली सुनवाई में कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 14 जून निर्धारित की है।कोर्ट में एमिकस क्यूरी अपराजिता भारद्वाज ने पक्ष रखा। दरअसल, वर्ष 2019 में हजारीबाग में एक 13 साल की बच्ची जब वह स्कूल से लौट रही थी तो उसके परिचित ने जबरदस्ती उसे एसिड पिला दिया था। जिससे उसकी हालत काफी बिगड़ गई थी। बाद में उसका एम्स पटना और रिम्स रांची में बच्ची का इलाज हुआ था। एसिड पिलाए जाने से 2 महीने तक बच्ची कुछ बोलने में असमर्थ थी। मामले को लेकर हजारीबाग के इचाक थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले को लेकर तत्कालीन चीफ जस्टिस को एक पत्र लिखा गया था। जिसके बाद एक समाचार पत्र में छपी खबर के आधार पर हाईकोर्ट ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया था।

## रक्तदान से संबंधित मुद्दों पर सरकार से की मांग

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड में इकलौती 1.60 करोड़ की सहज वातानुकूलित वॉल्वो बस रेड बस पिछले दो हफ्तों से खराब पड़ी हुई है,जिससे अविलंब बनवाया जाए,ऐसे इस सहज वातानुकूलित वॉल्वो बस को 24 जिलों के लिए खरीदा जाए। सदर अस्पताल ब्लड बैंक,रांची की स्थापना जुलाई 2018 के बाद से ही आजतक बच्चों के ब्लड चढ़ाने की व्यवस्था नही है,जिसे पेंटा बेग कहते है। उसे चालू किया जाए। झारखंड सरकार के आदेश-2018 अनुसार झारखंड के किसी भी अस्पताल में भर्ती मरीजों को अस्पताल प्रबंधन ब्लड सुनिश्चित करेंगे वही रिम्स में तो बेड साइड ब्लड मिलेगा,मगर जमीनी स्थिति बिल्कुल विपरीत है,अगर मरीज का ब्लड डोनर नही होगा तो बिन पैरवी,बिन अराजक स्थिति हुए नही दिया जाता है। जिससे अविलंब ठीक किया जाए। झारखंड में रक्तदान हेतू बुनियादी- तार्किक- व्यवहारिक प्रचार सामग्री पिछले दो सालों से नही है,जिसमें पूर्व की भांति रक्तदान क्यों करें जैसे बुनियादी साहित्य। सदर अस्पताल ब्लड बैंक, रांची, रिम्स ब्लड बैंक, रांची एवं रेड क्रॉस सोसाईटी, रांची में परिजनों के लिए शुद्ध पीने का पानी की व्यवस्था वहीं ब्लड बैंक के पास किया जाए। रांची समेत झारखंड के ब्लड बैंक विशेष कर रिम्स, रेड क्रॉस सोसाईटी,रांची एवं सदर अस्पताल ब्लड बैंक,रांची का ऑनलाइन ब्लड रिकॉर्ड अधिकत्तर अराजक स्थिति में ही रहता है और निजी ब्लड बैंक का ऑनलाईन रिकॉर्ड ठीक रहता है।

### हाईकोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

**रांची**: स्वर्णरेखा जल विद्युत परियोजना, सिकिदिरी के रखरखाव एवं मरम्मत में 20.87 करोड़ रुपये के हुए घोटाला मामले में झारखंड राज्य बिजली बोर्ड (जेएसईबी) के पूर्व अध्यक्ष शिवेंद्र नाथ वर्मा की ओर से सीबीआई की विशेष अदालत द्वारा उनके डिस्चार्ज पिटिशन को खारिज कर दिए जाने को चुनौती वाली देने वाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई।

